

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 11 मार्च 2025 ■ फाल्गुन शुक्ल पक्ष-11 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-340 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 12 मार्च 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# मुठभेड़ में गैंगस्टर अमन साव ढेर



### ▶▶झारखंड पुलिस रायपुर से रांची ले जा रही थी ▶▶पुलिस वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद भाग रहा था ▶▶फायरिंग में पुलिस जवान घायल

**रायपुर,11 मार्च।** गैंगस्टर अमन साव पुलिस एनकाउंटर में मारा गया है। सोमवार यानी 10 मार्च 2025 को देर शाम ही झारखंड पुलिस उसे रायपुर से रांची ले जाने के लिए रवाना हुई थी। बताया जा रहा है कि पुलिस की गाड़ी का पलामू, झारखंड के पास एक्सीडेंट हो गया। इसके बाद गैंगस्टर अमन पुलिस का हथियार छीनकर भागने लगा। उसने पुलिस पर फायरिंग भी की। इसके बाद पुलिस की टीम ने जवाबी फायरिंग में उसे मार गिराया।

जानकारी के अनुसार 7 मार्च को रांची में दिन-दहाड़े कोयला कारोबारी पर फायरिंग हुई थी। इसके तार अमन साव से जुड़ रहे थे। यह फायरिंग रायपुर जेल में बंद अमन साव के निर्देश पर उसके गुर्गे कर रहे थे। इसी केस की पूछताछ के लिए झारखंड पुलिस गैंगस्टर अमन साव को लेने रायपुर आई थी। वह रायपुर में कारोबारी पर फायरिंग मामले में सेंट्रल जेल में बंद था। गैंगस्टर अमन साव पर 50 से अधिक मामले रांची सहित राज्य के अगल-अलग थानों में दर्ज हैं। उसका गिरोह रांची के अलावा रामगढ़, चतरा, धनबाद, हजारीबाग, पलामू, लातेहार और बोकारो में रंगदारी मांगने के लिए सक्रिय है। यह गिरोह कोल माइनिंग कंपनियों, कोयला व्यवसायी और ट्रांसपोर्टर, बिल्डर, ठेकेदार और कारोबारियों को रंगदारी के लिए टारगेट करता है।

अमन साहू पिछले तीन महीने से रायपुर के जेल में बंद था। रांची के बरियातू में कोयला कारोबारी पर हुए हमले और हजारीबाग में एनटीपीसी डीजीएम के मर्डर मामले में पूछताछ करने अमन साहू को रांची लाया जा रहा था। अमन साहू ने साल 2013 में अपना गैंग बनाया था। वो खुद को लॉरेंस बिश्नोई का करीबी बताता था। पप्पू यादव ने जब लॉरेंस गैंग को लेकर बयान दिया तो उन्हें साहू गैंग की ओर से धमकी दी थी। जानकारी के अनुसार अमन साहू गिरोह के सदस्यों ने चैनपुर और रामगढ़ थाना के बीच अन्धारी ढोढ़ा में पुलिस वाहन पर बम से हमला कर दिया। इस दौरान पुलिस वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसके बाद अमन साव पुलिस जवान का हथियार छीनकर भागने लगा। लेकिन वो अपने प्रयास में सफल नहीं हो सका। घटना की जानकारी मिलने के बाद पलामू पुलिस के बड़े अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और पूरे मामले की छानबीन कर रहे हैं। बताया जाता है कि गैंगस्टर अमन साहू का फेसबुक अकाउंट अमन सिंह नाम का शख्स कनाडा से ऑपरेट करता है, जबकि दूसरा अकाउंट मलेशिया से सुनील राणा नाम का शख्स देखता है। राजस्थान का रहने वाला सुनील मीणा लॉरेंस का दोस्त है। फिलहाल सुनील मीणा अजरबैजान पुलिस की गिरफ्त में है। उसके प्रत्यार्पण को लेकर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। ये भी कहा जाता है कि अमन साहू लॉरेंस बिश्नोई को गुर्गे सप्लाई करता था, जिसके बदले में उसे लॉरेंस की ओर से हाईटेक हथियार मिलते थे, जिनके दम पर वो झारखंड-बिहार-छत्तीसगढ़ में उगाही और रंगदारी करता था।

## संक्षेप

### अबू आजमी के बदले सुर, अब छत्रपति संभाजी महाराज को बताया पराक्रमी योद्धा

**मुंबई,11 मार्च।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और विधायक अबू आसिम आजमी के बयान पर महाराष्ट्र की राजनीति में विवाद जारी है। हाल ही में औरंगजेब को लेकर उनके बयान पर बवाल मचा था। वहीं, छत्रपति संभाजी महाराज की पुण्यतिथि पर अबू आसिम आजमी द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि दिए जाने के बाद मामला और गरमाता जा रहा है। आज यानी 11 मार्च को छत्रपति संभाजी महाराज की पुण्यतिथि है। इतिहास में दर्ज है कि आज ही के दिन मुगल शासक औरंगजेब ने उनकी हत्या करवा दी थी। अबू आसिम आज़मी ने एक्स (पहले ट्विटर) पर पोस्ट करके संभाजी महाराज को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लिखा स्वराज्य के दूसरे छत्रपति, पराक्रमी योद्धा, धर्मवीर छत्रपति संभाजी महाराज के बलिदान दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। हालांकि, कुछ दिनों पहले औरंगजेब को लेकर दिए गए उनके बयान के कारण अब उनकी श्रद्धांजलि भी संदेह और विवाद के घेरे में आ गई है। महाराष्ट्र कांग्रेस के एमएलसी भाई जगताप ने कहा कि यह अच्छी बात है। वे (छत्रपति संभाजी महाराज) एक महान योद्धा थे, वे इस भूमि के छावा रहे हैं। उन्होंने सभी 126 लड़ाइयाँ जीतीं...हम इसका स्वागत करते हैं। यह सच्चाई है और हमारा इतिहास है और सभी को इसका सम्मान करना चाहिए। अबू आज़मी ने हाल ही में एक बयान में औरंगज़ेब को एक अच्छा शासक बताया था। उन्होंने कहा ÷गलत इतिहास दिखाया जा रहा है। औरंगज़ेब ने कई मंदिर बनवाए। वह क्रूर शासक नहीं था।

### देश का नाम भारत है, तो भारत ही बोलो: होसबोले

**नागपुर,11 मार्च।** आरएसएस के राष्ट्रीय महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने कहा है कि भारत को अंग्रेजी नाम इंडिया नहीं बल्कि 'भारत' कहा जाना चाहिए। उन्होंने भारत बनाम इंडिया की बहस को फिर से हवा दे दी है। होसबोले ने सवाल उठाया कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल राष्ट्रपति भवन में जी-20 डिनर के दौरान खुद देश को 'भारत गणराज्य' कहा था, तो फिर भारतीय रिजर्व बैंक या संविधान जैसी संस्थाओं को अंग्रेजी नाम क्यों रखना चाहिए।

दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि अंग्रेजी में तो इंडिया है, लेकिन भारतीय भाषा में भारत है। यह कंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया है, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया है...ऐसा क्यों है? ऐसा सवाल उठना चाहिए। इसे सुधारा जाना चाहिए। अगर देश का नाम भारत है, तो इसे इसी नाम से पुकारा जाना चाहिए। होसबोले ने कहा कि भारत एक भौगोलिक इकाई या संवैधानिक ढांचे से कहीं अधिक है; यह एक गहन दर्शन और आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। पंचशील बालक इंटर कॉलेज के सभागार में सुरुचि प्रकाशन द्वारा प्रकाशित पुस्तक विमर्श भारत का के विमोचन के अवसर पर बोलते हुए होसबोले ने इंडिया की बजाय भारत की पहचान को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### स्कॉर्पियो ने खड़े ट्रक को मारी टक्कर, तीन युवकों की मौत

**रांची ,11 मार्च।** रांची शहर के कोकर में मंगलवार तड़के तीन बजे एक सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें इलाज के लिए रिम्स में दाखिल कराया गया है। सभी युवक जमशेदपुर से रांची एक वैवाहिक समारोह में भाग लेने आए थे और इसके बाद स्कॉर्पियो से लौट रहे थे। कोकर में रामलखन सिंह यादव कॉलेज के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सड़क के किनारे खड़े एक ट्रक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची।

# धान निष्पादन पर स्थगन प्रस्ताव,चर्चा नहीं, वॉकआउट



■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,11 मार्च।** छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र के 11वें दिन धान निष्पादन पर विपक्ष स्थगन प्रस्ताव लेकर आया. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने धान की नीलामी से प्रदेश को 8 हजार करोड़ रुपए के नुकसान की बात उठाई. स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा नहीं होने पर विपक्ष ने वॉकआउट किया.

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सरकार ने स्वीकार किया कि धान की नीलामी होगी. पिछले समय भी धान का निष्पादन नहीं हो पाया था. धान नीलामी से छत्तीसगढ़ को करीब 8 हजार करोड़ का आर्थिक नुकसान होगा. उन्होंने इसे छत्तीसगढ़ के खिलाफ केंद्र का उपेक्षापूर्ण रवैया बताया. पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की चार इंजन की सरकार कुछ नहीं कर पाई है. आने वाले वर्ष में घाटा लगा तो धान खरीदी प्रभावित होगी. इसके साथ ही उन्होंने धान खरीदी के लिए राज्य सरकार को केंद्र सरकार से अनुरोध करने की बात कही. नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत ने कहा धान की नीलामी से प्रदेश को करीब 8 हजार रुपए रुपए के नुकसान की बात दोहराते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों, गरीबों को हक की राशि मिलनी चाहिए. सोच बदलने के लिए विपक्ष ने सरकार का ध्यान आकर्षित किया था.

### बघेल ने उठाव के अतिरिक्त धान-चावल के इस्तेमाल पर उठाया सवाल

**रायपुर,11 मार्च।** विधानसभा में मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उठाव के अतिरिक्त धान-चावल के इस्तेमाल का प्रश्न उठाया. खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने बताया कि सरकार इस पर जल्द निर्णय लेगी. भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने इस पर कहा कि पिछली सरकार जो व्यवस्था करती थी, वही यह सरकार भी करेगी. पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अपने प्रश्न की शुरुआत खरीफ वर्ष 2024- 25 में केंद्रीय पुल में धान उठाव और चावल जमा करने से की. इस पर खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने बताया कि 69.72 लाख मीट्रिक टन चावल जमा करने का लक्ष्य है, जिसके एवज में अब तक 9 लाख मीट्रिक टन जावल जमा किया गया हैं. कांग्रेस विधायक संगीता सिन्हा ने संजारी बालोद में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का मुद्दा उठाया. उन्होंने कहा कि 2024-25 में समर्थन मूल्य पर मेरे विधानसभा क्षेत्र में 2 करोड़ 22 लाख 500.48 टन धान ख़रीदी की गई है. संजारी बालोद में 2024-25 में धान ख़रीदी का कितना लक्ष्य रखा गया है. मंत्री दयालदास बघेल ने कहा लक्ष्य निर्धारित नहीं, अनुमानित होता है. इस पर कांग्रेस विधायक संगीता सिन्हा ने सवाल किया कि रकबा से कम ख़रीदी क्यों हुई है. इस पर मंत्री दयालदास बघेल ने कहा जीतना किसानों से धान आया, उतना खरीदा गया है.

# उमर खालिद को दिग्विजय सिंह ने बताया निर्दोष

### भाजपा बोली- कांग्रेस का हाथ आतंकवादियों और दंगाइयों के साथ

**नई दिल्ली,11 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की 2020 के दिल्ली दंगों के आरोपी उमर खालिद का बचाव करने और उसे निर्दोष कहने के लिए तीखी आलोचना की। सिंह ने दावा किया था कि खालिद को परेशान किया जा रहा है और अधिकारियों द्वारा गलत तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। खालिद के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुए सिंह ने कहा था कि जिस तरह से निर्दोष लोगों को परेशान किया जा रहा है, उन्हें परेशान किया जा रहा है, ऐसी घटनाएं हमें देखने को नहीं मिलती। हम लड़ते रहते हैं और हमने नफरत फैलाने वालों से कभी समझौता नहीं किया है और न ही करेंगे। हम किसी से कम नहीं हैं, अगर हम साथ मिलकर लड़ेंगे तो जीत सकते हैं। मैं आपके साथ हूं। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एक वीडियो बयान में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस लगातार आतंकवादियों और दंगाइयों का समर्थन करती रही है। पूनावाला ने कहा, ÷कांग्रेस का हाथ हमेशा आतंकवादियों और दंगाईयों के साथ रहा है।÷ उन्होंने कहा कि न्यायपालिका ने उमर खालिद की जमानत याचिकाओं को बार-बार खारिज किया है। यहां तक कि खालिद की टीम ने भी कई बार उनकी जमानत याचिका वापस ले ली है। अदालतों ने पुष्टि की है कि खालिद के खिलाफ दंगों के पीछे की साजिश से जुड़े पर्याप्त सबूत हैं, जिसमें हत्या, गैरकानूनी सभा, नफरत फैलाने वाले भाषण और यूएपीए (गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम) के तहत उल्लंघन के आरोप शामिल हैं। पूनावाला ने बताया कि अदालतों ने दंगों में खालिद की संलिप्तता की पुष्टि की है, जिसके परिणामस्वरूप 50 से अधिक मौतें हुईं, और कांग्रेस पर न्यायपालिका के फैसलों पर संदेह करने का आरोप लगाया। उन्होंने दिल्ली दंगों के पीड़ितों, खासकर हिंसा के शिकार अंकित शर्मा के परिवार के प्रति कोई सहानुभूति व्यक्त करने में विफल रहने के लिए सिंह की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को दिल्ली दंगों के पीड़ितों के साथ खड़े होने की बजाय वोट बैंक की राजनीति की अधिक चिंता है।भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि शरजील इमाम और उमर खालिद पर हिंदू विरोधी दिल्ली दंगे फैलाने की साजिश रचने का आरोप था।



# ईडी की गाड़ी पर हमला, कांग्रेस नेता सन्नी अग्रवाल समेत 15 से अधिक पर जुर्म दर्ज

**दुर्ग,11मार्च।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर पर छापेमारी के बाद ईडी की गाड़ी को रोकने और पथराव करने के मामले में कांग्रेस नेता सन्नी अग्रवाल समेत 15 से 20 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। ईडी और निजी वाहन के चालक की शिकायत पर भिलाई 3 थाना पुलिस ने यह मामला दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक, ड्राइवर ने पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में कहा कि सोमवार को शाम करीब साढ़े चार बजे भूपेश बघेल के घर से निकलते समय करीब 15-20 प्रदर्शनकारियों ने चार पहिया वाहन को रोक लिया और कुछ लोग बोनट पर चढ़ गए। एफआईआर में कहा गया है कि किसी ने पत्थर भी फेंका जो वाहन के आगे के शीशे पर लगा। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दंगा फैलाने [191(2)], गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने (190), स्वेच्छा से सरकारी कर्मचारी के काम में बाधा डालने (221), सरकारी कर्मचारी पर हमला या आपराधिक बल का प्रयोग (132) और गलत तरीके से रोकने [126(2)] और भिलाई निवासी सनी अग्रवाल और 15-20 अन्य लोगों के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति विनाश कानून की धारा 3 के तहत मामला दर्ज किया है। गौरतलब है कि ईडी ने कथित शराब घोटाले के मामले में उनके बेटे चैतन्य बघेल के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत भिलाई के मानसरोवर कॉलोनी में बघेल के आवास और दुर्ग में 13 अन्य स्थानों पर छापेमारी की थी। सूत्रों के अनुसार, तलाशी करीब आठ घंटे तक चली, जिसके दौरान ईडी ने करीब 33 लाख रुपये नकद और कुछ दस्तावेज जब्त किए। कार्रवाई के दौरान भूपेश बघेल घर पर मौजूद थे। बाद में उन्होंने ईडी की छापेमारी के मकसद पर सवाल उठाए, जबकि कांग्रेस ने कहा कि बघेल के खिलाफ छापेमारी उस दिन सुर्खियों को मैनेज करने की साजिश थी, जब संसद का बजट सत्र फिर से शुरू हुआ और सरकार को कई मुद्दों पर विपक्ष के सवालों का सामना करना पड़ा।

# मॉरीशस में मोदी का बिहारी 'गीत गवई' से स्वागत

**पोर्ट लुईस,11 मार्च।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिनों के मॉरीशस दौरे पर है. मंगलवार को एयरपोर्ट में मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम ने उनका स्वागत किया. मोदी 12 मार्च को मॉरीशस के 57वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे. इसके बाद मोदी पोर्ट लुईस में अपने होटल पहुंचे. यहां उन्होंने भारतीय प्रवासियों से मुलाकात की. इस दौरान भारतीयों ने 'भारत माता की जय' के नारे के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत किया और तिरंगे लहराए. प्रधानमंत्री ने ङ्क पर पोस्ट कर स्वागत के लिए मॉरीशस के प्रधानमंत्री का आभार जताया. पीएम मोदी दो दिन की राजकीय दौरे पर मंगलवार को मॉरीशस पहुंचे. प्रधानमंत्री के स्वागत में मॉरीशस की महिलाओं ने पारंपरिक बिहारी 'गीत गवई' लोकगीत गाया. प्रधानमंत्री मोदी पारंपरिक भोजपुरी संगीत का आनंद लेते और ताली बजाते नजर आए. पीएम मोदी के दौरे को लेकर मॉरीशस के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, ऐसे सम्मानित व्यक्तित्व की मेजबानी करना हमारे देश के लिए सौभाग्य की बात है, जो अपने बिजी कार्यक्रम के बावजूद हमारे यहां मुख्य अतिथि के तौर पर आने के लिए राजी हुए हैं। मोदी की यात्रा दोनों देशों के मजबूत रिश्तों का सबूत है. प्रधानमंत्री मोदी की इस यात्रा में ग्लोबल ट्रेड और अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव समेत कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बात हो सकती है. इसके साथ ही डिफेंस, ट्रेड, कैपेसिटी बिल्डिंग और समुद्री सुरक्षा में सहयोग करने पर चर्चा होगी. क्करू मोदी की यात्रा में भारत और मॉरीशस के बीच व्हाइट-शिपिंग जानकारी साझा करने को लेकर रूश्व साइन हो सकता है.





### पुराने नगर निगम कैंपस में भीषण आग

**रायपुर,11 मार्च।** राजधानी रायपुर में जयस्तंभ चौक के पास स्थित पुराने नगर निगम कैंपस में मंगलवार दोपहर अचानक भीषण आग लग गई. आग कबाड़ और कचरे में लगी थी, जिससे इलाके में धुएं का गुबार छा गया. आगजनी की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया. हालांकि, आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल सका है. राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है.

# लोकसभा में पेश हुआ इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल-2025, विपक्ष का वॉकआउट

**नई दिल्ली,11 मार्च।** संसद में बजट सत्र के दूसरे चरण का आज (11 मार्च) दूसरा दिन है. यह सत्र 4 अप्रैल तक चलेगा और इसमें कुल 16 बैठकें आयोजित की जाएंगी. इस दौरान केंद्र सरकार वक्फ सहित लगभग 36 विधेयक पेश करने की योजना बना रही है. इस सत्र में सरकार और विपक्ष के बीच तीव्र टकराव की संभावना भी जताई जा रही है, क्योंकि विपक्षी दल मणिपुर में हाल की हिंसा, इलेक्शन वोटर ID नंबर (EPIC) में गड़बड़ी और अमेरिकी टैरिफ के मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी कर रहे हैं. केंद्र सरकार के गृहराज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लोकसभा में इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल 2025 प्रस्तुत किया, जिसका उद्देश्य भारत में अवैध रूप से निवास कर रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना है. इस बिल के कानून बनने पर भारत के आव्रजन और विदेशी नागरिकों से संबंधित चार पुराने कानूनों को समाप्त किया जाएगा, जिनमें फॉरेनर्स एक्ट 1946, पासपोर्ट एक्ट 1920, रजिस्ट्रेशन ऑफ फॉरेनर्स एक्ट 1939 और इमिग्रेशन एक्ट 2000 शामिल हैं. कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने इस बिल का विरोध करते हुए कहा कि यह मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है. यह विधेयक भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विदेशी नागरिकों के प्रवेश और निवास को सख्त नियमों के अधीन लाने का प्रस्ताव करता है. इसमें यह प्रावधान है कि यदि किसी व्यक्ति की उपस्थिति देश की सुरक्षा के लिए खतरा बनती है या वह फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अवैध रूप से नागरिकता प्राप्त करता है, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी. इसके अतिरिक्त, यदि किसी विदेशी नागरिक के प्रवेश से भारत के अन्य देशों के साथ संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है, तो उसे देश में प्रवेश से रोका जा सकता है. इस प्रस्तावित विधेयक के अनुसार, आव्रजन अधिकारी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा. पहले से ही सरकार को विदेशी नागरिकों को भारत में प्रवेश से रोकने का अधिकार प्राप्त था, लेकिन इस प्रावधान का किसी कानून में स्पष्ट उल्लेख नहीं था. अब यह विधेयक इस प्रक्रिया को और अधिक स्पष्ट और प्रभावी बनाने का प्रयास करेगा. इस बिल में यह प्रावधान किया गया है कि यदि कोई व्यक्ति बिना वैध पासपोर्ट या यात्रा दस्तावेजों के भारत में प्रवेश करता है, तो उसे पांच वर्ष की कारावास या 5 लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों सजा दी जा सकती है. इसके अतिरिक्त, यदि कोई व्यक्ति जाली दस्तावेजों का उपयोग करता है या धोखाधड़ी से पासपोर्ट प्राप्त करता है, तो उसके लिए दो से सात वर्ष तक की कैद का प्रावधान है. ऐसे मामलों में न्यूनतम 1 लाख रुपये से लेकर 10 लाख रुपये तक का जुर्माना भी लगाया जा सकता है. भारत में वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद अवैध रूप से रहने वाले विदेशी नागरिकों के लिए सख्त कानून बनाए गए हैं. ऐसे व्यक्तियों को तीन वर्ष तक की जेल और 3 लाख रुपये तक के आर्थिक दंड का सामना करना पड़ सकता है. सरकार इस विधेयक को भारत की सुरक्षा और संप्रभुता को सुदृढ़ करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम मानती है. इसके माध्यम से उन विदेशी नागरिकों पर नियंत्रण स्थापित किया जाएगा, जो नकली दस्तावेजों के आधार पर भारत में अवैध रूप से निवास कर रहे हैं या सुरक्षा के दृष्टिकोण से खतरा उत्पन्न कर सकते हैं. इस विधेयक पर संसद में चर्चा के पश्चात इसे कानून में परिवर्तित करने की प्रक्रिया आरंभ होगी. इस सत्र में मणिपुर का बजट प्रस्तुत किया जाएगा.



## एक नजर

### गांजा तस्करी करते 3 गिरफ्तार



**भिलाई,11 मार्च।** भिलाई कुम्हारी थाने पुलिस ने 35ण्900 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा तस्करी करते हुए 3 आरोपियों को पकड़कर एक लाख आठ हजार रुपए के गांजा सहित सेन्ट्रो कारए मोबाइलए व नगदी रुपए बरामद किया है पुलिस की पूछताछ में आरोपी बागबाहरा से गांजा लेकर शहरों में खपाने के इरादे से परिवहन कर रहे थे छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि मुखबीर से सूचना के आधार पर एनएच.53 रायपुर से दुर्ग रोड उरला तिराहा सिग्नल के पास सेन्ट्रो कार रायपुर से दुर्ग रोड पर आते उसे रोका कार में तीन व्यक्ति बैठे मिले नाम पता पूछने पर अपना नाम जय मील्लू सोनकूसरे ;32 वर्षद्ध निवासी संतोषी पारा कैम्प.1ए रामप्रकाश सिंह उर्फ आरपी सिंह ;54 वर्षद्ध निवासी मॉडल टाउन सुपेला व भगवान दास मानिकपुरी ;30 वर्षद्ध निवासी गंजपारा दुर्ग बताया। सेन्ट्रो कार को चेक किया तो कार की डिक्की अंदर सफेद दो नग प्लास्टिक बोरी गांजा जैसा पदार्थ जिसके एक बोरी में 20 किलो गांजा दूसरा बोरी में 15 किलो 900 ग्राम गांजा जो कुल 35 किलो 900 ग्राम जिसकी कीमती 108000 रुपए का गांजा जब्त किया तीनों आरोपियों के खिलाफएनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर लिया है ।

### सड़क हादसे में 5 लोग घायल

**भिलाई,11 मार्च।** भिलाई बीटी रात सिविक सेंटर चौक से जवाहर उद्यान जाने वाली रोड पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ तेज रफ्तार कार चालक ने स्कूटी सवार तीन युवतियों को ठोकर मार दिया फिर कार बेकाबू होकर 500 मीटर आगे जाकर फुटपाथ किनारे लगे स्टील पोल से टकराई और झाड़ियों में गिर गई इस घटना में तीन युवतियों सहित कार सवार दो युवक घायल हुए हैं इस भीषण हादसे में राहत की बात यह रही कि कार के एयरबैग खुल गए, जिससे उसमें सवार दो लोगों की जान बच गई मौके पर पहुंची पुलिस ने स्कूटी सवार तीनों युवतियों सहित कार चालक और उसमें सवार युवक को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है भिलाई नगर थाना टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कर्का स्कूटी सवार तीन युवतियां शहीद पार्क की ओर से सिविक सेंटर पोस्ट ऑफिस रोड की तरफ मुड़ी थीं इसी दौरान सामने से तेज रफ्तार कार लापरवाही पूर्वक आई और स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवतियों के पैर में चोट आई, लेकिन कार चालक रुका नहीं प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर मारने के बाद भी कार अपनी रफ्तार में रही। चालक कार पर नियंत्रण नहीं रख सका। स्कूटी को टक्कर मारने के बाद तेज रफ्तार कार सीधे फुटपाथ किनारे बने स्टील पोल से टकराई और हवा में उछलकर झाड़ियों में जा गिरी टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कार चालक को बाहर निकाला और डायल 112 से अस्पताल भिजवाया ।

### जमीन फर्जीवाड़ा,पार्षद गिरफ्तार



**भिलाई,11 मार्च।** सरकारी व एक अन्य भूमि पर कब्जा कर फर्जी दस्तावेज के जरिए अपने व अन्य 03 के नाम से रजिस्ट्री कराने वाले भिलाई निगम के भाजपा पार्षद संतोष नार्थ उर्फ जलन्धर को वैशाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी पार्षद वर्तमान में नगर निगम भिलाई के वार्ड क्रमांक 34 का पार्षद है वैशाली नगर प्रभारी अमित कुमार अंदानी ने बताया कि एचआईजी प्लाट नंबर 5 ब्लॉक नंबर 2 वार्ड 10 जवाहर नगर सुपेला प्रार्थी देवनाथ गुप्ता (43) एच.आई.जी प्लाट नंबर 5 ब्लॉक न0 2 वार्ड 10 जवाहर नगर सुपेला ने लिखित आवेदन प्रस्तुत कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि कार्तिक नंद शर्मा, पुरूषोत्तम उर्फ अरविन्द भाई, राजेन्द्र सोनी, हरिश राठौर के द्वारा मिलकर धोखाधड़ी कर कोहका वार्ड नंबर 14 बाबादीप सिंह नगर खसरा क्र0-5407/4 तथा 5407/3 जो 1000 वर्गफीट, 2500 वर्गफिट का फर्जी पेपर व फर्जी व्यक्ति तैयार कर धोखाधड़ी की गई। रिपोर्ट पर थाना वैशाली नगर पुलिस ने धारा 420, 467, 468, 471, 120-बी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए वैशाली नगर थाने पुलिस ने प्रकरण के विवेचना के दौरान पाया गया कि संतोष नाथ उर्फ जलन्धर ने बृज बिहारी, एन. धनराजु एवं संतोष नाथ उर्फ जलन्धर ने शासकीय भूमि जो उद्योग विभाग की तथा अन्य भूमि अरविन्द की है यह सिद्ध करने के लिये फर्जी जमीन का दस्तावेज तैयार किया। इसके बाद पुरूषोत्तम डोंगरे को फर्जी रूप से अरविन्द भाई के रूप में रजिस्ट्री कार्यालय में खड़ा कर हरिश राठौर के नाम से उक्त भूमि का पावर ऑफ अटार्नी संबंधी कागजात तैयार किया गया प्रकरण में आरोपी पुरूषोत्तम डोंगरे का फोटो चस्पाकर दूसरे व्यक्ति के ड्राइविंग लाइसेंस का उपयोग कर फर्जी ड्राइविंग लायसेंस बनाकर उपयोग किया गया। उक्त शासकीय भूमि तथा अन्य भूमि को अरविन्द भाई का बताकर संतोष नाथ उर्फ जलंधर द्वारा उक्त जमीन की रजिस्ट्री बिना रकम के लेनदेन के स्वयं के साथ एन धनराजू, पत्नी रिंकी सिंह व ममता नाम की महिला के नाम पर रजिस्ट्री कराई उक्त रजिस्ट्री में चेक अथवा अन्य माध्यम से जिस रकम को विक्रेता को देना बताया गया है उक्त रकम का लेनदेन वास्तव में अब तक नही किया गया। इस मामले में संतोष नाथ को हिरासत में लिया गया और पूछताछ करने पर अपना अपराध स्वीकार किया इस मामले में वैशाली नगर पुलिस ने संतोष नाथ के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 120-बी के तहत गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया ।

# उपमुख्यमंत्री शर्मा ने सड़क हादसे में मृत लोगों के परिजनों से मिलकर दी सांत्वना

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 11 मार्च।** उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने आज कबीरधाम जिले के बोड़ला के ग्राम सिंघनपुरी हाथीडोब एवं चिमरा पहुंचकर सड़क हादसे में मृतकों के परिजनों से मुलाकात की और अपनी गहरी संवेदन प्रगट की। सड़क हादसे में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि भी दी।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस घटना को लेकर अपने गहरे दुःख और संवेदना व्यक्त करते हुए दुर्घटना में मृतकों के परिवारों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस दुखद घड़ी में हम मृतकों के परिवारों के साथ हैं। उन्होंने घायलों के इलाज की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है ताकि उन्हें जल्द से जल्द स्वस्थ किया जा सके। इस अवसर पर जिला बीजेपी अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष श्री कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य डॉ. बीरेन्द्र साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री मनहरण कौशिक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, अपर कलेक्टर विनय पोयाम, एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएल राज सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामीण उपस्थित थे। गौरतलब है कि पिछले दिनों कवर्धा के सरोदा डैम पलानी पाट के समीप हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 3 लोग के निधन हो गए थे, जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने इस हादसे के बाद जिला प्रशासन को घायलों के इलाज की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। आज सुबह अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बीच विजय शर्मा ने रायपुर से सीधे कवर्धा अस्पताल



का दौरा किया और हादसे में घायल हुए लोगों से मुलाकात की। उन्होंने अस्पताल में घायल व्यक्तियों के इलाज की स्थिति का जायजा लिया और इलाज में कोई भी कमी न हो, इसके लिए आवश्यक निर्देश दिए।

### निगम बजट पर चर्चा के लिए अधिकारियों के साथ बैठक

**दुर्ग, 11 मार्च।** नगर निगम का बजट वर्ष 2025-26 पर चर्चा के लिए सोमवार को नगर निगम मुख्यालय महापौर श्रीमती अलका बाघमार द्वारा आयुक्त सुमित अग्रवाल,सभापति श्याम शर्मा के मौजूदगी में जनप्रतिनिधयों सहित संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक ली गई।इसमें नगर की सफाई और विकास कार्य सहित अन्य मुद्दों पर पार्षदो ने विचार व्यक्त किये।

महापौर श्रीमती अलका बाघमार की अध्यक्षता में नगर निगम मुख्यालय महापौर कक्ष में शाम को बैठक आहुति गई। इस बार के बजट में नगर की सफाई व्यवस्था और सड़क निर्माण, सहित शहर नागरिको के लिए अच्छा सा कोई सौगात हेतु कार्य, सड़क मरम्मत आदि पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# धमधा महाविद्यालय में गांधी के जीवन पर आधारित प्रर्दशनी का आयोजन



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**साजा, 11 मार्च।** चंदूलाल चंद्राकर शासकीय महाविद्यालय धमधा में आज दिनांक 07-03-25 को राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित अजीम प्रेम जी फाउंडेशन के सहयोग से गांधी जी के जीवन मूल्य तथा उनके विचारधाराओं पर चित्रों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है ।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. उषा किरण अग्रवाल के नेतृत्व में समाजशास्त्र विभाग के प्रभारी श्री तरुण पदमवार द्वारा फीता काटकर हुआ तत्पश्चात महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गांधी जी के चित्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया गांधी जी के गैलरी का प्रदर्शन आज दिनांक से 5 दिवस तक कॉरिडोर में किया गया है जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राए प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकते है इस उद्घाटन दिवस पर प्राचार्य डॉ.उषा किरण अग्रवाल एवं डॉ.जी.डी.एस. बग्गा, डॉ. ज्योति केरकेट्टा ,डॉ.दिव्या नेमा,तरुण पदमवार ,डॉ.देवश्री भोयर ,डॉ. रजनी सोनवानी एवं समस्त प्राध्यापकगण के साथ विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

### जन औषधि दिवस पर आयोजित शिविर में जेनेरिक दवा बांटी गई

**भिलाई, 11 मार्च।** राष्ट्रीय जन औषधि दिवस के अवसर पर नगर निगम के नेहरू नगर स्थित भेलवा तालाब परिसर में शिविर लगाया गया। जिसमें सुबह टहलने, योग, खेलने, जीम पर प्रैक्टिस करने वालो के लिए शिविर का आयोजन किया गया। उद्देश्य यही था शासन द्वारा जनेरिक दवाइयां लोगों के सुविधा के लिए वितरित की जा रही है। जो उत्तम क्वालिटी की कम दाम में उपलब्ध है। कोई भी नागरिक जाकर प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र से दवा ले सकता है। औसतन मेडिकल स्टोर में जो जनेटिक दवा मिल रही है, वह जन औषधि केन्द्र में 60 से 70 प्रतिशत कम दाम पर मिल जाती है। दवा बनाने का फार्मूला वही रहता है, केवल कंपनी का नाम बदल जाता है। दवाई की फायदा उतना ही रहता है।

# यूथ सिख सेवा समिति ने 6 बच्चों को दी छात्रवृत्ति




**भिलाई, 11 मार्च ।** यूथ सिख सेवा समिति को बने कुछ ही दिन हुए है और ये समिति निरंतर सिख समाज की सेवा कार्य में आगे चल रही है। बच्चों के स्कूल फीस की बात हो या नेशनल खेलने या इंटरनेशनल खेलने में बच्चों की मदद या मृत्युपरांत लंगर सेवा की या किसी निर्धन कन्या की शादी करने की सभी कार्यों में अगर भिलाई की कोई समिति काम कर रही वो है यूथ सिख सेवा समिति। यूथ सिख सेवा समिति के ऑफिस में 6 बच्चों को छात्रवृत्ति के तहत चेक बांटे गए जिसमें गुरुनानक स्कूल सेक्टर 6 के 2 बच्चों क्लास 10 वी की बच्ची को 24400 रुपए कक्षा छठवीं के छात्र को 17600 रुपए कृष्णा पब्लिक स्कूल सुंदर नगर के कक्षा 6 के बच्चे को 30000 रुपए हैप्पी पब्लिक स्कूल के 2 बच्चे कक्षा 7 में बच्ची को 10260 रुपए और कक्षा 3 की बच्चे को 7480 रुपए और श्री शंकराचार्य कॉलेज जुनवानी के मैकेनिकल के चौथे सेमेस्टर के छात्र को 20000 रुपए की छात्रवृत्ति समिति के द्वारा प्रदान की गई ।

महिला को दी गई सिलाई मशीन -

एक महिला जिसकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी घर पर सिलाई करके अपने बच्चों के लिए वो कुछ करना चाहती थी घर पर जाकर जानकारी ली गई जिसमें समिति से मदद न करके अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू ने स्वयं के खर्च से उनको सिलाई मशीन दी जो कि यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के सभी सदस्यों के साथ दी गई । यूथ सिख सेवा समिति के सदस्यों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सम्मान दिया गया । सम्मान में घर में काम आने वाले कुछ घरेलू सामान दिए गए जिसे पाकर समिति की सभी महिला सदस्य गदगद हो गई । इस अवसर पर यूथ सिख सेवा समिति के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू के साथ मलकीत सिंह लल्लू एवं समस्त सदस्य गण उपस्थित रहे ।

# सूर्यकुंड और मुक्तिधाम के बाद अब प्रियदर्शनी परिसर की बदलेगी तस्वीर

**भिलाई, 11 मार्च।** वैशाली नगर विधानसभा के सुपेला स्थित प्रियदर्शनी परिसर में बहुत जल्द भिलाईवासी न केवल तैराकी का लुत्फ उठा सकेंगे बल्कि वर्षों से स्केटिंग ट्रैक के अभाव में सड़क और घर की छत पर प्रेक्टिस करने वाले बच्चों के लिए शानदार स्केटिंग ट्रैक भी तैयार बनने जा रहा है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के अथक प्रयास का ही परिणाम है कि दो बड़ी ऐसी सौगात क्षेत्र के रहवासियों को एक वर्ष के भीतर मिलने जा रही है जिसके लिए न केवल तैराकी और रोल स्पीड स्केटर्स खिलाड़ी लंबे समय से मांग करते रहे हैं बल्कि समय समय पर कुछ जनप्रतिनिधियों ने इसके लिए एड़ी चोटी का जोर भी लगाया मगर इंफ्रास्ट्रक्चर के अभाव में यह मांग केवल कागजों पर वर्षों से सिमटी पड़ी रही। फिर रिकेश सेन ने वैशाली नगर विधायक बनते ही



शहर को सुंदर और व्यवस्थित करने के साथ ही ऐसी ही लंबित मांगों को सूचीबद्ध किया और क्रमशः एक के बाद एक विकास कार्यों पर विष्णुदेव साय सरकार की लगातार स्वीकृति प्राप्त कर उसे मूर्त रूप देने आज भी संकल्पित हैं। निजी संसाधनों से जहां उन्होंने राम नगर मुक्तिधाम प्रोजेक्ट को हरी झंडी दिलवाई वहीं सूर्यकुण्ड के मुद्दे पर निज प्रयास से शानदार बैकुंठधाम गंगा घाट का निर्माण करवाया। उनके द्वारा विधानसभा में हाउसिंग बोर्ड के कंडम घोषित 724 आवास के रहवासियों के लिए मालिकाना हक, नवीनीकरण के अभाव में डेढ़ वर्ष से जमा पट्टा वापस दिलाने के आलावा फौजी नगर के खेल मैदान को उद्योग के लिए आबंटन जैसे मुद्दे पर ध्यानाकर्षण कराते हुए इनके समाधान के लिए ठोस पहल भी की गई है। विधायक रिकेश सेन ने स्केटिंग ट्रैक की आवश्यकता को गंभीरता से न केवल महसूस किया बल्कि 13 फरवरी 2025 को दुर्ग जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद् की बैठक में स्केटिंग ट्रैक की महत्ता को प्रतिपादित करते हुए इसके लिए प्रोजेक्ट भी पेश किया। नतीजतन दुर्ग की तात्कालिक कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने 28 फरवरी को 1 करोड़ 96 लाख 76 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की नतीजतन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के द्वारा एक वर्ष के भीतर इस लागत से प्रियदर्शनी परिसर में शानदार स्केटिंग ट्रैक का निर्माण किया जाना सुनिश्चित हुआ है?। सेन ने बताया कि वैशाली नगर विधानसभा के ह्रदय स्थल सुपेला के प्रियदर्शनी परिसर में लगभग 7 करोड़ की लागत से स्वीमिंग पूल और स्केटिंग ट्रैक का निर्माण होगा। उन्होंने बताया कि दोनों ही कार्यों के लिए 365 दिन का समय तय किया गया है। प्रोजेक्ट इस्टीमेट के अनुरूप दोनों ही कार्य प्रशासकीय स्वीकृति अनुरूप निश्चित की गई राशि से ही तय समय सीमा के भीतर होने हैं। अगर निर्माण कार्य में बजट अनुमान अनुरूप राशि कम पड़ेगी तो पुनः संशोधित स्वीकृति ली जा सकेगी। वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के लिए ये दोनों प्रोजेक्ट भी बहुत अहम हैं।



### सेवानिवृत्त बीएसएफ जवान का गांव आने पर स्वागत

**उतई।** ग्राम मतवारी के बी एस एफ के जवान छगन लाल साहू ने मातृभूमि की सेवा 23 वर्ष एक माह 22 दिन कर 28 फरवरी को सेवानिवृत होकर अपनी जन्मभूमि ग्राम -मतवारी पहुंचे तत्पश्चात परिवार जनों एवं ग्रामवासियों द्वारा भव्य स्वागत, सम्मान किया गया ।जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा पुरेंद्र साहू ने उनके सम्मान में कहा ऐसे हमारे देश के सभी देश रक्षकों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं साधुवाद साथ ही साथ परिवार जनों को भी इस समर्पण के लिए सादर नमन और उनके उज्वल भविष्य की कामना की श्रीमती विगत कई वर्षों से देश सेवा में लगे सैनिक ,एवम् उनके परिवारों ,तीज मिलन ,प्रतिभा सम्मान की आयोजन करते आ रही है।

# आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर के सत्संग में हजारों लोग जाएंगे रायपुर

**भिलाई, 11 मार्च ।** आर्ट ऑफ़ लिविंग संस्था के आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर का आगमन रायपुर में साइंस कॉलेज मैदान में 11 मार्च को संध्या 6 बजे हो रहा है। आर्ट ऑफ लिविंग के अपेक्स मेंबर दिनेश कोटेजा शिक्षक भक्ति ने बताया है कि भिलाई एवं दुर्ग जिले में लगभग बताया कि 50000 से अधिक लोग आर्ट ऑफ लिविंग का हैप्पीनेस कोर्स कर चुके हैं । पूर्व मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में पहली बार



भिलाई में आर्ट ऑफ लिविंग का कोर्स 1998 में शुरू हुआ था। यहीं से पूरे छत्तीसगढ़ में फैला है दुर्ग जिले के गांव गांव में भी आर्ट ऑफ लिविंग का ग्रामीण हैप्पीनेस कोर्स हो रहा है 11 वर्ष बाद श्री श्री रविशंकर रायपुर में राजकीय तिथि बनकर आ रहे हैं। मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ के प्रथम शिक्षक प्रभात नारायण ने बताया कि पूरे छत्तीसगढ़ में 650 से अधिक है आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक है जो पूरे क्षेत्र में जीवन जीने की कला, के साथ-साथ समाज में विकास का कार्य कर रहे हैं। सभी प्रोग्राम निशुल्क है कोई भी व्यक्ति आकर के आनंद ले सकता है पहले आ जाएंगे तो बैठने की व्यवस्था अच्छे से हो जाएगी। सत्संग संध्या 6ः00 बजे से शुरू हो जाएगा। इसके बाद वहां पर ध्यान, 1000 साल पहले पवित्र सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के अवशेष के बारे में भी बताया जाएगा। उसके दर्शन होंगे। यह पूरे छत्तीसगढ़ के लिए बहुत गौरव की बात है। आजकल के भागम भाग दौड़ में मान को शांति मिले, जीवन स्तर अच्छा हो, खुशियां मिले सभी चाहते हैं। ग्रामीण समन्वयक अजय शुक्ला ने बताया है कि गांव गांव से पंच सरपंच जनपद सदस्य एवं गांव गांव के युवक युवती आ रहे हैं। युवाओं को विशेष मार्गदर्शन दिया जाएगा। 240 गांव से लगभग 8 000 लोगों की पहुंचने की संभावना है ।इसमें छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री एवं अन्य मंत्रीगण रहेंगे, सबके लिए अच्छा अवसर है सबको आना चाहिए। इस भव्य कार्यक्रम का आनंद लेना चाहिए गांव-गांव में निमंत्रण गया है सब आ रहे हैं।

### युवाओं में नशा प्रवृत्ति बढ़ना चिंताजनक अभियान चलाने की आवश्यकता : अर्चना कांडे

**साजा, 11 मार्च।** समाज सेविका अर्चना कांडे ने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर विचार व्यक्त करते हुए कहा की महिलाएं इंजीनियर डॉक्टर टीचर



तहसीलदार एसडीएम कलेक्टर, प्रोफेसर बनकर परिवार की जिम्मेदारी उठा रही है । घर में बच्चों का ध्यान भी रखती है साथ साथ ड्यूटी ऑफिस भी जाती है और बेटे की तरह फर्ज निभाती है । चिंतनीय विषय यह है की शराब पीने ओर गुटखा खाने और बीडी पीने की आदत गांवों में लगातार बढ़ रही और गरीब परिवार में भी नशे की आदत जो की चिंतनीय विषय है । नशा मुक्ति अभियान पर ध्यान देने की आवश्यकता है और बच्चों को बीडी सिगरेट दुकानों में नहीं मिलना चाहिए । ज्यादा शराब पीने से बीमारी भी होती है और घर में झगड़े भी होते है । शराब बिक्री प्रतिबंध होना चाहिए जिससे की परिवार में कोई झगड़ा नहीं होगा और कैंसर जैसी बीमारी नहीं आएगी । अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की सार्थकता सिद्ध हो रही है ऐसा कहा जा सकता है क्योंकि बेटियां बेटे की तरह फर्ज निभा रही है और महिलाएं शायद पुरुषों से आगे बढ़ चुकी है ।

# संजू देवी और टीम को सांसद विजय बघेल दिल्ली में केंद्रीय खेल मंत्री से मुलाकात करवाएंगे और 12 मार्च को साथ लेकर छत्तीसगढ़ आएंगे

**भिलाई, 11 मार्च।** तेहरान में आयोजित अंतराष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप में अपने दमदार खेल प्रदर्शन से भारतीय टीम को गोल्ड मेडल दिलाने वाली छत्तीसगढ़ की खिलाड़ी संजू देवी अपनी टीम के साथ शीघ्र ही दिल्ली वापस लौट रही हैं.इस दमदार प्रतिभाशाली खिलाड़ी का देश पहुंचने पर दिल्ली से छत्तीसगढ़ तक भव्य स्वागत करने की तैयारी की जा रही है.।

सांसद विजय बघेल,गोल्ड मेडल जीतने वाली इस कबड्डी टीम को दिल्ली में रिसीव करने एयरपोर्ट पहुंचेंगे और टीम के सदस्यों की वही दिल्ली में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया से भी 12 मार्च को मुलाकात करवाएंगे. इसके बाद सांसद विजय बघेल छत्तीसगढ़ की कबड्डी खिलाड़ी संजू देवी को अपने साथ लेकर उसी दिन दिल्ली से वायुयान से रायपुर, लेकर आएंगे और यहां छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा खेल मंत्री टंक राम वर्मा से भी मुलाकात करवाएंगे. उल्लेखनीय है कि सांसद विजय बघेल भी



राष्ट्रीय स्तर के कबड्डी खिलाड़ी रहे हैं और उन्होंने भी इस खेल में राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडल जीता है.छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के द्वारा भी इस होनहार खिलाड़ी का यहां पहुंचने पर भव्य स्वागत करने की तैयारी की जा रहे हैं. बताया जा रहा है कि एशियन गेम्स कबड्डी में भारत के लिए गोल्ड मेडल लेकर पहुंचने पर उनके स्वागत के लिए श्रीराम मंदिर वीआईपी रोड रायपुर से विशाल रैली निकाली जाएगी. यह रैली मुख्यमंत्री निवास तक आएगी. अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में भारत को कबड्डी में गोल्ड संजू देवी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है. और सबसे विशेष बात है कि भारत को यह गोल्ड मेडल, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के दिन ही मिला है. जिस दिन पूरा देश महिलाओं के सम्मान में नतमस्तक था,और महिलाओं को सम्मानित करने जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हो रहे थे.संजू देवी अभी बिलासपुर में राज्य कबड्डी केंद्र, बालिका आवासीय कबड्डी अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं. छठवीं सीनियर महिला एशिया कबड्डी चैंपियनशिप में भारत को फाइनल में पहुंचाने में उनके खेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही है. उनके स्वागत में निकलने वाली रैली में पूरे प्रदेश भर से खिलाड़ियों और उनके प्रशंसकों के पहुंचने की संभावना है. वह एक मात्र खिलाड़ी थी जिनको उस अंतरराष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ से प्रतिनिधित्व करने का असर मिला. ऐसे में भारतीय टीम कोड गोल्ड मेडल मिलने से छत्तीसगढ़ का नाम भी रोशन हो रहा है।

### निगम के फिल्टर प्लांट के वेस्ट वाटर से तालाबों को भरा जाएगा

**भिलाई, 11 मार्च।** नगर निगम भिलाई में 77 एवं 66 एम.एल.डी. फिल्टर प्लांट से पानी की सप्लाई पुरे नगर निगम क्षेत्र में की जाती है। पानी के शुद्धिकरण के दौरान 4 एम.एल.डी. वेस्ट रॉ वाटर भी निकलता है। उसके शुद्धिकरण के लिए भी प्लांट लगाये गये हैं, उसके बाद भी 1 एम.एल.डी.पानी बच जाता है। जिसका उपयोग तालाबों को भरने के लिए किया जाएगा।

### बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा :बघेल

**भिलाई, 11 मार्च।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर कल ईडी की कार्यवाही के बाद आज पूर्व सीएम विधानसभा में शामिल होने के लिए अपने निवास से बाहर निकले जिसके बाद उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुऐ कहा है की बिना eci के अनुमति के यहा आए थे नोट



गिनने की मशीन लाकर हाइट क्रिएट कर रहे थे।मिला क्या सिर्फ 30 लाख रुपए।जो बहुत बड़ी राशि नही है सीडी कांड में प्रधानमंत्री बोलते हैं अमित शाह बोलते थे 7 साल बाद जब कोर्ट में जांच फ्रेम करने के बाद आई तो डिस्चार्ज हो गए। 4 साल हो गया 2021 की घटना है अभी तक ये लोग जांच नहीं कर पाए।कुल मिलाकर यह है कि, बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है न्यायालय में खड़ा करना चाह रहे हैं। जैसे सीडी कांड में खड़ा किया गया मुझे कोई सामान जारी नही हुआ ईडी की टीम सर्च वारंट लेकर आए थे वह प्रक्रिया है उसका पालन करेंगे हम भाग नहीं रहे जब-जब में प्रदेश से बाहर गया हूं तब तब छापा पड़ा है झारखंड गया वहा सरकार बनी तो सबसे पहले छापा पड़ा है असम गया, तब छापा पड़ा उत्तर प्रदेश गया तब छापा पड़ा।हिमाचल गया तब छापा पड़ा 8-8 दिन में छापे पढ़ते रहे 4 साल हो गया अभी तक आप जांच नहीं कर पाए जांच कब पूरी होगी उन्हें मालूम है कि कोर्ट में खड़े नहीं हो पाएंगे टीक नहीं पाएंगे ईडी जिस तरह से कार्रवाई कर रही है वह बदले की भावना से कर रही है सुप्रीम कोर्ट पहले ही कह चुके हैं कि सब तोते हैं ऊपर से जैसे बुलवाया जाता है वैसे करते हैं ये लोग।

## एक नजर

### जिला पंचायत का प्रथम सम्मिलन 12 मार्च को

**धमतरी 11 मार्च।** जिला पंचायत धमतरी का प्रथम सम्मिलन 12 मार्च को आहूत किया गया है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने बताया कि यह सम्मिलन सुबह 11 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### एग्रीस्टेक परियोजना:फार्मर रजिस्ट्री के लिए 11 मार्च को लगेगा शिविर

**धमतरी 11 मार्च।** एग्रीस्टेक परियोजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री के क्रियान्वयन के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसके लिए राजस्व, कृषि और सहकारिता विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों का संयुक्त दल गठित किया गया है। नगरी अनुभाग में फार्मर रजिस्ट्री के सफल क्रियान्वयन के लिए 11 मार्च को सुबह 8 से शाम 5 बजे तक शिविर आयोजित किया जाएगा। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नगरी ने बताया कि छिपली, हरदीभाठा, अमाली, बोड़रा, टेंकना, भीतररास, सिरसिदा, घठुला, रतावा, पांवद्वार, घुटकेल, कसपुर, घुरावड़, गढ़डोंगरी मा., गढ़डोंगरी रै., लटियारा, भुरसीडोंगरी, बिरगुड़ी, मुरूमतरा, साहनीखार, हिन्छापुर, उमरगांव, खम्हरिया, तुमड़ीबहार, गेदरा, चिंवरी मा., केरेगांव, बगरूमनाला, भोथापारा, परसापानी, बिलभदर और बांधा में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

### डामरीकृत सड़क पर एवं विद्युत खंभे व तारों के नीचे होली न जलाने की अपील

**राजनांदगांव 11 मार्च।** निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि होलिका दहन के लिये हरे-भरे पेड़,पौधों की कटायी नहीं की जानी चाहिये बल्कि इसके लिये सुखी एवं बेकार पड़ी लकड़ी इस्तेमाल करनी



चाहिए,जिससे पर्यावरण को संरक्षण प्रदान किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने नागरिकों से होलिका दहन पक्की डामरीकृत सड़को पर तथा विद्युत खंभो एवं तारों के नीचे नहीं करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि विद्युत खंभा या तार के नीचे होलिका दहन करने से आग लगने की संभावना बनी रहती है और तार मे आग लगने से विद्युत प्रभाव में अवरोध उत्पन्न होगा। आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा है कि नागरिको की सुविधा के लिये कुछ दिनों पूर्व ही शहर की सडको में डामरीकरण किया गया है, चुकि सड़कों पर होलिका दहन से सड़के खराब होंगी और राशि का अपव्यय होगा। इसलिये खुली जगह में होलिका दहन किया जाये, इसका कडाई से पालन किया जाये। आयुक्त ने निगम के अधिकारियो व कर्मचारियों से कहा है कि होलिका दहन स्थलो का निरीक्षण कर संबंधितो को समझाईस देवे कि वे सड़क के बीच या डाकरीकृत सड़क में होलिका दहन न करें।

### सातपुते ने दिखाई भाजपाइयों को औकात

**डोंगरगढ़, 11 मार्च।** शपथ ग्रहण सामारोह के नाम पर वर्तमान मुख्य कार्यपालन अधिकारी आलोक कुमार सातपुते ने जिस प्रकार का इतिहास रचा वह सेंट्रल व स्टेट में भाजपा की सरकार होने के बाद भी पंचायती राज अधिनियम की कड़ी में तीसरी सरकार के रूप में पहली बार जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में अध्यक्ष



उपाध्यक्ष के पद पर दोनों प्रत्याशी भाजपा ने जीत दर्ज किया है. जिसके बाद भी फंड का अभाव बताकर वर्तमान अधिकारी श्री सातपुते के द्वारा जिस प्रकार से शपथ ग्रहण करवाया गया है वह यह बताता है कि डबल इंजन की भाजपा सरकार होने के बाद भी भाजपा के मुँह पर कालिख सा पोत दिया गया है. ज्ञात हो कि शासन के द्वारा पूर्व समय से निर्धारित किया गया था कि 10 मार्च को भाजपा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित नव निर्वाचित जनपद के सभी 25 सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह 10 मार्च को कराया जाना था इसके बाद भी नवनिर्वाचित जनपद सदस्यों को छोड़कर किसी भी जिम्मेदार पदाधिकारी से लेकर पत्रकारों के पास भी इसकी सूचना नहीं भेजी गई।और एकाएक 10 मार्च को निर्धारित समय पर शपथ ग्रहण के लिए नवनिर्वाचित सदस्य पहुंचे तो कोई तैयारी नहीं देखकर नवनिर्वाचित सदस्यों ने आपत्ति दर्ज कराया व सदस्यों की आपत्ति के पश्चात बवाल खड़ा हो गया इसकी भनक लगते ही एसडीएम मनोज मरकाम ने मामले को संज्ञान में लेकर तैयारी का जायजा लिया और तैयारी अधूरा देखकर डोंगरगढ़ सहित जिले कक मीडियाकर्मियों को बताया कि शपथ ग्रहण समारोह स्थगित कर दिया गया है और आगामी 12 मार्च को नए सिरे से शपथ ग्रहण कराया जायेगा मौके पर पहुँचने के बाद श्री वर्मा ने कहा कि हमारी उपस्थिति में शपथ ग्रहण समारोह कराया गया है तो दूसरी ओर मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सातपुते ने बताया कि शपथ ग्रहण कार्यक्रम के लिए जनपद में कोई अलग से बजट नहीं आता इसके कारण इस प्रकार से शपथ ग्रहण कराया गया ह

# सीएम साय ने उप निरीक्षक संवर्ग में चयनित अभ्यर्थियों को प्रदान किया नियुक्ति पत्र

- पुलिस केवल कानून-व्यवस्था का नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और सुरक्षा का भी प्रतीक - मुख्यमंत्री साय
- चार नए महिला थानों का उद्घाटन, पुलिस बल को और सशक्त बनाने पर जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 11 मार्च।** मुख्यमंत्री साय ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस राज्य पुलिस अकादमी, चंदखुरी में उप निरीक्षक संवर्ग के 840 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए कहा कि राज्य में पुलिस बल की क्षमता और कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पुलिस का कार्य केवल अपराधियों को पकड़ने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में सुरक्षा और विश्वास का वातावरण निर्मित हो, यह सुनिश्चित करना भी पुलिस विभाग की महती जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि पुलिस बल का कार्य लोगों के बीच शांति, विश्वास और सहयोग को बढ़ावा देना भी है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार साइबर सुरक्षा, महिला सुरक्षा और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। तकनीकी संसाधनों के समावेश से पुलिस बल को अधिक दक्ष और प्रभावी बनाया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में पुलिस बल के सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्दी का अर्थ केवल अधिकार नहीं, बल्कि समाज की सेवा और सुरक्षा की जिम्मेदारी भी है। उन्होंने नव नियुक्त पुलिस अधिकारियों से कहा कि वे अपनी वर्दी का सम्मान करें और इसे हमेशा गर्व से धारण करें। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री साय ने जशपुर, रायगढ़, जगदलपुर और दंतेवाड़ा में नए महिला थानों का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इन थानों के माध्यम से महिलाओं को अधिक सुरक्षित वातावरण और त्वरित न्याय सुनिश्चित किया जाएगा।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश सरकार पुलिस बल को और अधिक सशक्त बनाने के लिए नई योजनाओं पर विचार कर रही है।

# भारत-अमरीका व्यापार समझौते में किसान व लघु उद्योगों के हितों को मिले प्राथमिकता:डॉ.दुबे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**रायपुर, 11 मार्च।** स्वदेशी जागरण मंच की राष्ट्रीय परिषद बैठक रायपुर छत्तीसगढ़ में सोमवार को संपन्न हुई। 2 दिन चली इस बैठक में स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान से जुड़े प्रदेश स्तर के प्रमुख कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक की जानकारी देते हुए मंच के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख डॉ. धर्मेन्द्र दुबे ने बताया कि बैठक में दो प्रस्ताव पारित किए गए। संभावित भारत अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौता में किसान और लघु उद्योगों के हितों को मिले प्राथमिकता देशभर से आए प्रमुख पदाधिकारीयों ने चर्चा उपरांत प्रस्ताव पारित किया जिसमें अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा कई देशों से आयात पर उच्च टैरिफ लगाने की अपनी मंशा की घोषणा और वैश्विक मुक्त व्यापार प्रणाली पर किए गए हमले के कारण अमेरिका द्वारा भारत सहित अन्य देशों के बीच द्विपक्षीय समझौते होने की प्रबल संभावना को देखते हुए यह सुविचारित मत प्रकट किया कि भारत को बहुपक्षीय व्यापार समझौते के बजाय द्विपक्षीय व्यापार समझौते के साथ अपने विदेशी व्यापार को बढ़ाना चाहिए। अमेरिका और अन्य देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते करते समय राष्ट्रीय हितों की रक्षा की जानी चाहिए विशेष रूप से हमारे किसान और छोटे उद्योगों के हितों की रक्षा अनिवार्य हो। इस प्रस्ताव की चर्चा का नेतृत्व करते हुए स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक डॉ अश्विनी महाजन ने कहा कि पूरा विश्व भू आर्थिक विखंडन के एक सिंड्रोम से गुजर रहा है, इस समय सफलता की एकमात्र कुंजी स्वदेशी दर्शन पर आधारित राष्ट्र प्रथम की नीति है। अमेरिका मुक्त व्यापार प्रणाली का सबसे बड़ा समर्थक था जिसका विरोध स्वदेशी जागरण मंच के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी ने शुरू किया और बताया कि उदारीकरण वैश्वीकरण और निजीकरण की नीति भारत के लिए फल दायक नहीं है। अमेरिका की मुक्त व्यापार नीति ही किसी न किसी तरह से अर्थव्यवस्था में मंदी और बढ़ती बेरोजगारी के लिए जिम्मेदार है यह डोनाल्ड ट्रंप अच्छी तरह से समझते हैं क्योंकि इसके कारण चीन से सस्ते आयात का रास्ता खुल गया जिसने अमेरिका सहित भारत जैसे देशों के उद्योग धंधों को चौपट कर दिया। महाजन ने स्पष्ट किया कि स्वदेशी जागरण मंच अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देने के खिलाफ नहीं है बल्कि मंच का दृढ़ विश्वास है कि बहुपक्षीय व्यापार समझौते अर्थव्यवस्था के लिए अच्छे नहीं है क्योंकि सभी देशों को मोस्ट फेवरेट नेशन का दर्जा देने का कोई मतलब नहीं है। अतः इस प्रस्ताव के माध्यम से स्वदेशी जागरण मंच ने पुरजोर और अपील की है कि जमीनी स्तर पर उद्यमशीलता को प्रोत्साहित किया जाए, हमारा विकास ग्राम आधारित विकास हो। भारत के लिए आर्थिक विकास का सही पथ यही होगा।

### सहायक संचालक अमित शुक्ला ने परीक्षा केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

**राजनांदगांव, 11 मार्च।** सहायक संचालक रायपुर छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामण्डलम रायपुर शिक्षा मंडल के अधिकारी श्री अमित शुक्ला ने आज मंगलवार 10 मार्च को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, प्रश्नपत्र वितरण प्रक्रिया और छात्रों के बैठने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान श्री शुक्ला ने परीक्षा केंद्रों के प्रबंधकों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए, ताकि परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने परीक्षार्थियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानी और परीक्षा संबंधी किसी भी प्रकार की कठिनाई के समाधान के निर्देश दिए। शुक्ला ने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अमित शुक्ला आज खैरागढ़ ब्लॉक के बोर्ड परीक्षा का लिया जायजा।

# प्रशिक्षण केन्द्र में बिना टेंडर के मेस का संचालन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता






**कुरूद, 11 मार्च।** क्षेत्रीय पंचायत प्रशिक्षण केन्द्र कुरूद अपने आप में भंडार क्रय नियम का क्रियान्वयन करने वाला विभाग प्रतीत होता है । सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत क्षेत्रीय पंचायत प्रशिक्षण केन्द्र कुरूद में भोजन प्रदाय किये जाने के संबंध में मंगाये गये टेण्डर के संबंध में जानकारी चाही गई थी। जिसमें इस विभाग द्वारा निविदा के लिये किसी प्रकार की प्रक्रिया करने की कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई है विभाग द्वारा दिये जानकारी में कई दस्तावेज ऐसे है जो सूचना के अधिकार लगने के बाद बनाया गया प्रतीत हो रहा है।

लंबे समय से इस विभाग में जमे एक अधिकारी का करतूत इतना भ्रष्ट लग रहा कि दिये गये कई जानकारी में दिनांक तक अंकित नहीं है जिसमें विभाग का नोटशीट में न हि दिनांक है न किसी कार्य के लिये नोटशीट बनाया गया है उसका विषय है, समूह द्वारा दिये पत्र में दिनांक अंकित नहीं है, विभाग द्वारा जारी नियम शर्त में समूह का सील मुहर व हस्ताक्षर होना, संचालित समूह से कोई अमानत राशि न लेना स्टॉम में किये इकरारनामा में दिनांक अंकित नहीं है इस प्रकार से संस्था द्वारा कई प्रकार के लापरवाही भोजन के टेण्डर के नाम से किया गया है। विभाग द्वारा कभी कोई टेण्डर कोटेशन नहीं किया गया है अपने निजी लाभ व एक समूह को लाभ देने के उद्देश्य से इस संस्था द्वारा एक हि समूह को भण्डार क्रय नियम को ताक पर रखकर कार्य किया जा रहा है। इस विभाग के अधिकारियों द्वारा इस प्रकार के लापरवाही पूर्वक कार्य कर मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन को बहुत हि अच्छे तरिके से तब्बजो दिया जा रहा है। जिसके लिये इस विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को राष्ट्रपति एवं राज्यपाल पुरूस्कार से नवाजा जाना चाहिए।

इस विभाग में बैंठे एक अधिकारी इतना निडर है कि बिना टेण्डर के एक समूह को कई वर्षो के लिये यहा का काम दे दिया गया है और समूह से दस्तावेज के नाम पर समिति का पंजीयन और एक पत्र मात्र जमा करवाया गया है।

### शहर के वार्ड में साफ-सफाई देखने पहुंचे आयुक्त अतुल विश्वकर्मा

**राजनांदगांव 11 मार्च।** आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखकर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा प्रतिदिन वार्डो में जाकर साफ सफाई देख, लोगो से रूबरू हो सफाई के संबंध में जानकारी ले उनकी समस्या से अवगत हो रहे है। आज उनके द्वारा शहर के प्रारंभिक वार्ड में से वार्ड नं. 1,2 व 3 के नवागांव, दीवान टोला, मोतीपुर में साफ सफाई देख लोगो से चर्चा किये। आयुक्त ने मोतीपुर सुलभ शौचालय मरम्मत कार्य का जायजा लेकर शेष कार्य जल्द पूर्ण करने कहा। वही के चिकन सेन्टर में दुकान के बाहर चिकन बेचने पर संबंधित को दुकान के अंदर रख विक्रय करने, साफ सफाई रखने समझाईस दिये। उन्होने स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा से कहा कि समझाईस उपरांत भी बाहर समान रखने पर फाईन लगावे। इसी प्रकार दुकान के बाहर समान फैलाकर रखने वालो पर कार्यवाही करे। दीवान टोला में कुछ क्षेत्रो में पानी की कमी कि पार्षद श्री सावन वर्मा द्वारा जानकारी देने पर संबंधित को निरीक्षण करने निर्देशित किये।

# आयुक्त ने शौचालय मरम्मत शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए

- एसएलआरएम सेन्टरों में पीठ निर्माण में प्रगति लाने तथा व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 11 मार्च।** स्वच्छता सर्वेक्षण वर्ष 2024 के लिये राजनांदगांव में स्वच्छता की टीम आने को ध्यान में रखकर आज निगम सभागृह में आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने उप अभियंताओं एवं स्वास्थ्य विभाग के वार्ड प्रभारी व सफाई दरोगा तथा एसएलआरएम सेन्टर प्रभारियों की बैठक लेकर शौचालय मरम्मत कार्य जल्द पूर्ण करने तथा एसएलआरएम सेन्टरों में पीठ निर्माण कार्य में प्रगति लाकर पूर्ण करने उप अभियंताओं से कहा, वही वार्डो में साफ सफाई में और सुधार लाकर नागरिकों को स्वच्छता से जोड गिला सुखा कचरा अलग अलग देने, उनसे फिडबैक लेने वार्ड प्रभारी व सफाई दरोगा को निर्देशित किये। आयुक्त विश्वकर्मा ने बैठक में उप अभियंताओं से उनके प्रभारित वार्डो में चल रहे शौचालय मरम्मत कार्य के प्रगति की जानकारी ली। उप अभियंताओं ने जानकारी दी कि कुछ शौचालय मरम्मत का कार्य अंतिम चरण में है, कुछ में एसीपी सीट लगाने का कार्य चल रहा है।

# इंदिरा नगर में भाजपा ने किया महिलाओं का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़, 11 मार्च।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सम्मान समारोह का आयोजन वार्ड क्रमांक 05 इंदिरा नगर भारतीय जनता पार्टी एवं श्री रघुनंदन भक्त युवा समिति के संयुक्त तत्वधान में शारदा मंदिर प्रांगण वार्ड क्रमांक 5 में किया गया । समारोह में अपने अपने कार्य क्षेत्रों में ख्याति प्राप्त कर चुकी महिलाओं का सम्मान भाजपा प्रदेश महामंत्री रामजी भारती सहित नवनिर्वाचित नपा अध्यक्ष रमन डोंगरे , नपा उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा , भाजपा वरिष्ठ नेता शशिकांत द्विवेदी , भाजपा वरिष्ठ नेता महेंद्रभाई पटेल , विश्व हिंदू परिषद के जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष तरुण हथेल,सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी, पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष ज्योति बड़वाईक, मीना यादव , श्याम तिवारी , गीतांजलि कोचे परिहार ,एम तुलसी, कमलेश धमगाय, छोटू भौंडे,जोसेफ फिलिप द्वारा किया गया। सम्मान समारोह के इस कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण की पर्याय बन चुकी ड्रोन दीदी के नाम से पहचाने जाने वाली शांति विश्वकर्मा के साथ ही एरिया लेवल फाउंडेशन की अध्यक्ष सुनीता बघेल, सुदर्शन समाज के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने वाली पूजा बघेल, छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेत्री रितिका वर्मा द्वारा महिलाओं के महामारी एवं गुप्त समस्यायों के लिए अपनी संस्था के साथ मिलकर उपचार करने वाली शाहीन शेख, कपड़ों का उद्योग करने वाली आयरन लेडी सुनीता बोस,मशरूम उद्योग में महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनने वाली मनीषा मेश्राम,उषा यादव, बीडी मजदूरों कामगारों के लिए काम करने वाली विद्या रामटेके, बाल्यकाल से ही अभावग्रस्त जीवन जीने वाली व अपने बूते ब्यूटी पार्लर का व्यवसाय शुरू कर महिलाओं की प्रेरणास्त्रोत बनी निशा धामगाय, आयरन लेडी कहे जाने वाली कविता मेश्राम,आचार पापड़ का गृह उद्योग स्थापित करने वाली किरण झारीयां, ब्यूटी पार्लर का व्यवसाय करने वाली प्रीति गोतेल,धार्मिक कामों में आगे रहने वाली चमेली साहू का भी सम्मान किया गया।

**महिला भवन की मांग**-वार्ड की महिलाओं की अति आवश्यक मांग के लिए महिलाओं के साथ मिलकर भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष शुभम परिहार ने इंदिरा नगर में महिला भवन और एक गार्डन निर्माण के लिए लिखित आवेदन दिया जिस पर जनप्रतिनिधियों द्वारा इस मांग को जल्द पूरा करने आश्वासत दीया गया।

इस कार्यक्रम का मंच संचालन भारतीय जनता पार्टी इंदिरा नगर वार्ड 05 के बूथ अध्यक्ष शुभम परिहार ने किया। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं के अलावा श्री रघुनंदन भक्त युवा समिति के सदस्यगण मनीष समुद्रै,हिमांशु डकहा,राहुल करसे,आदित्य करसे,अभय डकहा, अश्मित समुद्रै, गोलू विश्वकर्मा एवं स्थानीय गणमान्य नागरिकों की भी उपस्थिति रही।

## समाचार संक्षेप

### कांग्रेस के युवा पार्षद देवव्रत बने नगर पंचायत उपाध्यक्ष



**कुरूद, 11 मार्च।** नगर पंचायत कुरूद के उपाध्यक्ष बने देवव्रत डॉक्टर चंद्रहास साहू नगर पंचायत कुरूद में आज नगर पंचायत उपाध्यक्ष के लिए हुए चुनाव में कांग्रेस के युवा पार्षद देवव्रत ने जीत हासिल करते हुए उपाध्यक्ष पद पर कब्जा किया। जिससे कांग्रेस खेमे में और चुनाव स्थल पर मौजूद कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सहित कुरूद नगर के वरिष्ठ कांग्रेसियों ने अपनी खुशी की लहर दिखी। कुरूद नगर पंचायत उपाध्यक्ष का चुनाव आज भारी गहमी बीच प्रारंभ हुआ। जिसमें कांग्रेस की ओर से देवराज साहू प्रत्याशी रहे तो भाजपा ने भी महेंद्र मारकंडे के रूप में अपना प्रत्याशी उतारा , जिसमें दोनों एक प्रत्याशियों को आठ आठ बराबर वोट मिले। और अंत हाल में लॉटरी से विजेता का चुनाव किया गया जिसमें देवव्रत को जीत मिली। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के सुखदेव भैंसरा, जिला अध्यक्ष सौरभ गोहाना पूर्व जिला अध्यक्ष मोहनलाल लालवानी,पूर्व जिला पंचायत सभापति का तारिणी चंद्राकर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर, पूर्व मंडी अध्यक्ष नीलम चंद्राकर, कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष आशीष शर्मा, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष मंजू साहू, मनीष साहू राजा चंद्राकर रमेश साहू राखी चंद्राकर उत्तम साहू आदि पार्षद गण सहित मनोज अग्रवाल, पप्पू राजपूत अदि उपस्थित थे।

### नपा के प्रथम अध्यक्ष बने देवेंद्र साहू

**डोंगरगढ़, 11 मार्च।** लाल बहादुर नगर - धूमधाम के साथ प्रथम नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों ने बहुउद्देशीय भवन में शपथ ग्रहण किया. इस अवसर पर जिले के भाजपा नेता प्रमुख रूप से उपस्थित थे. शपथ ग्रहण समारोह को लेकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष देवेंद्र साहू से लेकर नगर के 15 नवनिर्वाचित पार्षदों ने उत्साहपूर्वक शपथ ग्रहण किया. इस मौके पर जिले के नवनिर्वाचित महापौर मधुसुदन यादव के साथ साथ भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, प्रदेश संगठन महामंत्री भरत वर्मा, पूर्व विधायक खेदुराम साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी सहित भाजपा के पारस शर्मा, बोधीराम साहू, मनोज कांडे, छबिधर साहू, टिकेश्व साहू, तुलसी मिश्रा, नोबल साहू, गन्नूराम साहू, गणेश साहू, राजेंद्र तिवारी, रामदेव साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे. शपथ ग्रहण समारोह का पूरा आयोजन वर्तमान सीएमओ वनिष चंद्र दुबे, तहसीलदार नीलकंठ जनबंधु, नायब तहसीलदार राजेश नेताम की उपस्थिति में डोंगरगढ़ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनोज मरकाम के द्वारा नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाया गया. शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात वर्तमान सीएमओ श्री दुबे के द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री साहू को प्रतीक के रूप नवनिर्मित नगर पंचायत की चाबी सौंपी गई व घोषणा की गई कि प्रथम अध्यक्ष के रूप में चाबी ग्रहण करने वाले श्री साहू अपने कार्यकाल के बाद भविष्य के आने वाले अध्यक्ष को चाबी सौंपकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे. इस मौके पर उपस्थित अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर अतिथियों को सम्मानित किया गया. शपथ ग्रहण सामारोह के पश्चात् निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नपा उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ की गई.

### उच्च गुणवत्ता का तेंदूपत्ता छत्तीसगढ़ की पहचान: संजय सिन्हा




**छुरिया, 11 मार्च।** सड़कचिरचारी के वन विभाग डीपों में बागनदी वन परिक्षेत्र में आयोजित तेंदूपत्ता साखकर्तन कार्यशाला में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित छुरिया जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय सिन्हा रहे । कार्यशाला का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । इस अवसर पर मुख्यरूप से भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डडसेना,रामरतन गजभिए उप प्रबन्धक,अभिषेक अग्रवाल एस डी ओ मुख्यरूप से उपस्थित रहे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री डडसेना ने कहा कि वन विभाग द्वारा संचालित अनेक योजनाओं को संग्राहकों को बताया ,आगे श्री सिन्हा ने कार्यशाला में उपस्थित संग्राहकों,वन समिति अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कहा कि उच्च गुणवत्ता के तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए पौधे की कटाई जिसे साखकर्तन कहते है 15 फरवरी से 15 मार्च तक कर लेने से पत्ते की गुणवत्ता बहुत अच्छी होती है,साथ ही बताया कि शाखकर्तन ऐसे क्षेत्र मे नही किया जाता है जहां काफी घने वृक्ष हो शाखकर्तन हेतु रापा,तेज धार वाली छोटी कुल्हाड़ी ही उपयुक्त होती है।इस अवसर पर भूपेन्द्र उईके रेजर बागनदी,पल्लीस्वामी नाईडु जनपद सदस्य, गुरचरण कतलाम सरपंच,मयाराम साहु,नैनसिह पटेल, राजेश्वर धुर्व,सोनु कसेर,हरदेव कतलाम, कल्याण चन्द्रवंशी,सोनी सहयक वन परिक्षेत्र अधिकारी,चंदु हरदेल, हारून मानिकपुरी सहित वन समिति के अध्यक्ष सहित संग्रहकगण बडी संख्या में उपस्थित रहे।

### बैठक में होली शांति से मनाने की गई चर्चा



**छुरिया, 11 मार्च।** स्थानीय पुलिस थाना परिसर में होली को देखते हुए दिनांक 10/03/2025 को शांति समिति का बैठक रखा गया जिसमें तहसीलदार विजय कोठारी ने बैठक में संबोधित करते हुए कहा कि होली का त्योहार शांति एवम् सदभावना पूर्वक मनाया जाना है वहीं मुस्लिम भाईयों का रमजान का महीना चल रहा है। 14 मार्च शुक्रवार को होली के दिन मुस्लिम भाईयों द्वारा मस्जिद में नमाज़ अदा करने जाएंगे उस दौरान मुस्लिम भाईयों के ऊपर रंग गुलाल जबर्दस्ती नहीं लगाया जायेगा । उन्होंने मुस्लिम भाईयों को निवेदन करते हुए कहा कि यदि कोई जबर्दस्ती होली के दिन रंग गुलाल अबीर लगा देते हैं तो रिएक्शन नहीं करते हुए सीधे मुझे बताएंगे ताकि स्थिति नियंत्रण में रह सके। थाना प्रभारी संतोष कुमार भुआर्या ने कहा कि किसी प्रकार का हुड़दंग और जबरन रंग गुलाल किसी पर न लगाएं। शान्ति पूर्ण होली का त्योहार मनाए। इस अवसर पर मस्जिद के सदर वसीम कुरैशी, सिद्धिक कुरैशी, गोलू देशमुख संचालक किरण इंडियन गैस एजेंसी,दबिज ख़ान पार्षद,डाक्टर राधेश्याम ठाकुरपूर्व पार्षद, भावना ठाकुर पार्षद, सोनू खान पार्षद, रोशन रजक पार्षद, अनिल लारोकर पार्षद, पत्रकार मनभावन सिंह उईके , रोहित सिन्हा, मुकेश कुमार साहू, जसीम कुरैशी, संतराम कोटवार संघ अध्यक्ष, बी एल डोंगरे, रामखिलावन चौधरी, हेमराज सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# दस महीने में दूसरी बार चैंपियन बना भारत

भारतीय क्रिकेट टीम ने आईसीसी की चैंपियन ट्राफी तीसरी बार जीतकर दुनिया तमाम देशों के खुद को श्रेष्ठ साबित कर देश का गौरव बढ़ाया है और देश के लोगों को फिर एक बार जश्न मनाने का मौका दिया है। देश के लोग बहुत खुश हैं कि रोहित शंर्मा की कप्तानी में भारत ने तीसरी बार चैंपियन ट्राफी जीतकर नया रिकार्ड बनाया है। अब तक चैंपियन ट्राफी दो बार भारत व दो बार आस्ट्रेलिया व जीते थे, आस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल में हराकर भारत ने यह मौका उससे छीन लिया था। फाइनल में उसका मुकाबला न्यूजीलैंड से हुआ और उसने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर चैंपिंयन ट्राफी तीसरी बार जीतकर दुनिया का बता दिया है कि भारतीय टीम दुनिया की किसी भी टीम को हराकर ट्राफी जीत सकती है। दस महीने में यह भारत ने दूसरी बार आईसीसी की दूसरी ट्राफी जीती है, इससे भारतीय टीम की क्षमता का पता चलता है कि उसके सामने कोई टी्म हो वह उसे हरा सकती है और हर ट्राफी जीत सकती है। आंकड़ों से पता चलता है कि भारतीय टीम अब मैंच और ट्राफी जीतने की सोचती है और प्लान बनाकर जीत भी लेती है। यही वजह है उसकी जीत का आंकड़ा बढ़ा हुआ है। भारतीय टीम वन डे वर्ल्ड कप के फाइनल में हारी थी उसके बाद से वह तेरह मैच हो गए अपराजेय हैं। उसे कोई नहीं हरा सका। वह वन डे वर्ल्ड कप में 10 मैच जीती और फाइनल में आस्ट्रेलिया से हार गई थी। इसके बाद टी 20 वर्ल्ड कप भारतीय टीम ने आठ मैच जीती थी और वर्ल्ड कप ट्राफी जीती थी। इसके बाद भारतीय टीम ने चैंपियन ट्राफी में पांच मैच जीतकर ट्राफी जीती और लगातार 13 मैच में अपराजेय बनी हुई है। वैसे वन डे वर्ल्ड कप से देखा जाये तो भारत ने 25 मैच में से 23 मैच जीते हैं यानी भारतीय टीम की जीत का औसत 90 प्रतिशत से ऊपर है।इस चैंपियन ट्राफी को मिलाकर अब भारत के पास आईसीसी की चार ट्राफी में दो ट्राफी है। वहीं अब भारत के पास आईसीसी की सात ट्राफी हो गई है। इसमें वन डे वर्ल्ड कप की दो ट्राफी 1983,2011है,वर्ल्ड टी 20 की दो ट्राफी 2007 व 2024 है,वही चैंपियन ट्राफी 2002, 2013, 2025 यानी तीन ट्राफी है,इस तरह अब भारत के आईसीसी की सात ट्राफी हो गई है।यानी आस्ट्रेलिया के बाद सबसे ज्यादा आईआईसी ट्राफी जीतने वाला देश भारत बन गया है। आस्ट्रेलिया ने अब तक दस आईसीसी ट्राफी जीते हैं, इसमें सबसे ज्यादा वन डे वर्ल्ड कप वह छह बारजीत चुका है। दो बार चैंपियन ट्राफी और एक बार टी20 विश्व कप और एक बार डब्लूटीसी ।कभी भारत की गिनती क्रिकेट विश्व में कमजोर टीम के रूप में होती थी। विश्व की मजबूत टीमें तब आस्ट्रेलिया,वेस्ट ईंडीज,इंग्लैंड मानी जाती थी, भारत की गिनती तो पांचवे छठे नंबर पर होती थी। उसकी वजह यही थी कि भारतीय टीम टेस्ट हो या वन डे मैंच कम ही जीत पाती थी।सन दो हजार के बाद भारतीय क्रिकेट टीम में ऐसे कप्तान व खिलाड़ी हुए जिन्होंने25 साल में छह आईआईसी ट्राफी जीतकर भारत को दुनिया की नंबर दो टीम बना दिया है। भारत ने पहली आईआईसी ट्राफी 1983 में जीती थी और सातवीं आईसीसी ट्राफी 2025 में जीती है यानी भारतीय टीम ने 42 साल में सात ट्राफी और 25 साल में छह ट्राफी जीती है, इससे साफ पता चलता है कि दो हजार के बाद भारतीय टीम सही मायने में विश्व की एक मजबूत टीम बनी है। उसने हर पांच छह साल में एक ट्राफी जीती है। आखिरी की दो आईसीसी ट्राफी तो उसने दस माह के अंतर में जीती है।1983 के बाद भारत को दूसरी आईसीसी ट्राफी जीतने में 19 साल लग गए,तीसरी ट्राफी भारत ने पांच साल में जीती,चौथी आईसीसी ट्राफी भारत ने दो साल बाद जीती, पांचवी आईसीसी ट्राफी भारत ने दो साल बाद जीती, छठी ट्राफी भारत ने 11 साल बाद जीती, सातवीं ट्राफी 10 महीने बाद जीती है।वन डे वर्ल्ड कप के बाद से भारत का खेल बहुत सुधरा हैतो उसकी वजह यह है कि वन डे वर्ल्ड कप हारने से भारत ने सबक लिया और तय किया कि अब हर मैच जीतना है और उसने चैंपियन ट्राफी तक 13 मैचों में अपराजेय रहकर साबित किया है कि अब उसे हराना किसी भी देश के लिए आसान नहीं होगा। भारतीय टीम हर देश से जीत सकती है, फाइनल मैंच तो वह जरूर जीतना चाहती है। चैंपियन ट्राफी में उसका मुकाबला पाकिस्तान व आस्ट्रेलिया से तो सेमीफाइनल तक हो गया था। भारत ने पाकिस्तान को हराकर उसे टूर्नामेंट से बाहर कर दिया और सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया को हराकर बाहर कर दिया था इससे उसके ट्राफी जीतने की संभावना बढ़ गई थी क्योंकि फाइनल में उसका मुकाबला न्यूजीलैंड से हुआ। भारत न्यूजीलैंड का एक मैच में हरा चुका था, इसलिए उसको भरोसा था कि फाइनल में भी उसे हरा देगा और फाइनल मे देखा जाए तो कभी ऐसा नहीं लगा कि मैच न्यूजीलैंड जीत सकता है। बालिंग और बैंटिंग में न्यूजीलैंड से भारतीय खिलाड़ियों ने ज्यादा अच्छा प्रदर्शन किया।भारतीय बालरों ने न्यूजीलैंड का पहला विकेट 57,दूसरा विकेट 63,तीसरा विकेट 75 व चौथा विकेट 108 रन पर गिराकर उसे दवाब में ले आया था। जबकि न्यूजीलैंड के बालर भारत का पहला विकेट 105 रन पर गिरा सके। और भारत का चौथा विकेट 183 पर गिरा। यानी बालिंग में भारतीय गेंदबाज न्यूजीलैंड के गेंदबाजों से बेहतर रहे। इसी तरह बैटिंग में भारतीय बैटरों ने भी न्यूजीलैंड से बेहतर प्रदर्शन किया। कप्तान रोहित शर्मा ने तो अकेले ही जीत के लिए आधे रन खुद ही बना दिए थे। सेमीफाइनल से फाइनल में विराट कोहली ने पहुंचा दिया तो फाइनल में ट्राफी जीतना रोहित शर्मा तय कर दिया था। फाइनल में विराट जल्दी आउट हो गए तो पूरी जिम्मेदारी रोहित शर्मा पर आ गई थी कि वह एक छोर संभाले रखे और तेजी से रन भी बनाए।चैपियन ट्राफी जीतने के लिए रोहित शर्मा के लिए कप्तानी पारी खेलना जरूरी था। उन्होंने 76 रन बनाकर साबित किया कि वह भी मौके पर भारत को जिताने के लिए खेल सकते हैं। सेमीफाइनल में उनके जल्द आउट होने पर गावस्कर ने उनकी आलोचना की थी कि उनको इस तरह जल्दीआउट नहीं होना चाहिए, लंबी पारी खेलना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता ने रोहित की आलोचना फिट नहीं है कहकर की थी। रोहित शर्मा ने भारत को चैंपियन ट्राफी जिताकर साबित कर दिया है कि वह फिट हैं और अभी कुछ साल और खेल सकते हैं, पाकिस्तान का इस ट्राफी में बुरा हाल रहा तो यह उसके कर्मों का फल है। पाकिस्तान चैंपियन ट्राफी का आयोजक था लेकिन आंतकवाद का बढ़ावा देना बंद न करन के कारण पूरे मैच पाकिस्तान मं नहीं हुए। भारत के मैच तो दुबई में हुए। सबसे ज्यादा कमाई भी भारत के मैंचों से हुई और इससे पाकिस्तान को अपने यहां मैंच कराने का कोई खास फायदा नहीं हुआ। वह सोच रहा था कि इस आयोजन से उसको कमाई होगी। लेकिन पाकिस्तान के हारकर बाहर हो जाने से पाकिस्तानी जितने निराश हुए, सेमीफाइनल व फाइनल पाकिस्तान में न होने से उससे ज्यादा निराश हुए।

स्वास्थ्य

# भारतीय समाज में मासिक धर्म अभी तक कलंकित क्यों?

प्रियंका सौरभ



**भारत के पास मासिक धर्म स्वास्थ्य के प्रति अधिक समावेशी और दूरदर्शी दृष्टिकोण को बढ़ावा देते हुए सांस्कृतिक विचारों का सम्मान करने का अवसर है। आपके क्या विचार हैं- क्या सरकार को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए, या जमीनी स्तर के संगठनों को बदलाव लाने में आगे आना चाहिए? मासिक धर्म से जुड़ा कलंक कई संस्कृतियों में मौजूद है, जो सांस्कृतिक वर्जनाओं, गलत सूचनाओं और प्रणालीगत लैंगिक असमानता से प्रेरित है। इसके परिणामस्वरूप गंभीर मुद्दे सामने आते हैं, जैसे मासिक धर्म उत्पादों तक सीमित पहुँच, अपर्याप्त शिक्षा और यहाँ तक कि कुछ समुदायों में सामाजिक बहिष्कार। इस कलंक को खत्म करने के लिए, हमें खुली चचाओं को प्रोत्साहित करने, मासिक धर्म के बारे में पूरी तरह से शिक्षा प्रदान करने और मासिक धर्म समानता को बढ़ावा देने वाले नीतिगत बदलावों को लागू करने की आवश्यकता है।**

मासिक धर्म कई संस्कृतियों में एक वर्जित विषय बना हुआ है, जिसका मुख्य कारण लंबे समय से चली आ रही सांस्कृतिक मान्यताएँ, अपर्याप्त खुली बातचीत और लैंगिक असमानता है। इसके परिणामस्वरूप शर्म, गोपनीयता और मासिक धर्म स्वास्थ्य के बारे में आवश्यक संसाधनों और शिक्षा तक सीमित पहुँच की भावनाएँ पैदा होती हैं। भारत में, मासिक धर्म को अक्सर महत्त्वपूर्ण सांस्कृतिक वर्जनाओं से जोड़ा जाता है, जिससे बहिष्कार, गलत सूचना और प्रतिकूल स्वास्थ्य प्रभाव हो सकते हैं। हालाँकि प्रगतिशील नीतियाँ पेश की जा रही हैं, लेकिन सफल कार्यान्वयन के लिए इन्हें सांस्कृतिक संवेदनशीलताओं के साथ जोड़ना महत्त्वपूर्ण है। महिलाओं को अक्सर मंदिरों, रसोई और सामाजिक समारोहों जैसी जगहों पर प्रतिबंधों का सामना करना पड़ता है, जो भेदभाव को बढ़ावा देता है। 2018 में सुप्रीम कोर्ट के सबरीमाला फैसले ने मंदिर में महिलाओं के प्रवेश पर प्रतिबंध को हटा दिया, लेकिन इसे सांस्कृतिक मान्यताओं में निहित काफी विरोध का सामना करना पड़ा। मासिक धर्म के बारे में खुली चर्चा की कमी स्वास्थ्य मामलों में मिथकों और उपेक्षा को बढ़ावा देती है। ग्रामीण भारत में केवल 58% युवा लड़कियों को अपने पहले मासिक धर्म का अनुभव करने से पहले मासिक धर्म के बारे में जानती है। शौचालय, स्वच्छता उत्पादों और उचित निपटान विधियों तक अपर्याप्त पहुँच से भी जूझती हैं। जबकि 2014 में शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान ने स्वच्छता में प्रगति की है, मासिक धर्म अपशिष्ट निपटान एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा बना हुआ है। स्वच्छता उत्पादों की उच्च लागत कई लोगों को असुरक्षित विकल्पों का सहारा लेने के लिए मजबूर करती है। 2022 में शुरू की गई राजस्थान निःशुल्क सैनिटरी पैड योजना का उद्देश्य मासिक धर्म गरीबी से निपटने के लिए निःशुल्क पैड उपलब्ध कराना है। हालाँकि, राजनीतिक एजेंडों में मासिक धर्म स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं दी जाती है, जो व्यापक सुधारों में बाधा डालता है। मासिक धर्म स्वच्छता नीति (ड्राफ्ट 2022) को अभी भी पूरे देश में पूरी तरह से लागू किया जाना बाकी है।

मासिक धर्म के बारे में जागरूकता को राज्य के पाठ्यक्रमों में शामिल करने से इस विषय पर बातचीत को सामान्य बनाने में मदद मिल सकती है। मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन दिशानिर्देश प्राथमिक विद्यालय स्तर से मासिक धर्म शिक्षा की वकालत करते हैं। आंगनवाड़ी कार्यकताओं, शिक्षकों और सामुदायिक नेताओं को प्रशिक्षित करके, हम अधिक स्वीकृति को बढ़ावा दे सकते हैं। मासिक धर्म स्वास्थ्य गठबंधन भारत (2020) जागरूकता बढ़ाने के लिए जमीनी स्तर के संगठनों के साथ सहयोग करता है। सार्वजनिक हस्तियाँ और मीडिया सकारात्मक संदेश के माध्यम से कलंक का मुकाबला करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। ₹चुप्पी तोड़ो₹ अभियान (2021, यूनिसेफ इंडिया) ने जागरूकता फैलाने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का प्रभावी ढंग से उपयोग किया। मासिक धर्म स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए, स्कूलों और कार्यस्थलों में निपटान विकल्पों के साथ अधिक लिंग-अनुकूल शौचालयों सहित (जल, स्वच्छता और स्वच्छता) सुविधाओं को सुनिश्चित करना आवश्यक है। मासिक धर्म उत्पादों पर सरकारी सब्सिडी और जीएसटी छूट से पहुँच में काफी सुधार हो सकता है। 2018 में सैनिटरी पैड पर 12% जीएसटी हटाने से वे अधिक किफायती हो गए। बायोडिग्रेडेबल पैड और मासिक धर्म कप को बढ़ावा देना पर्यावरण और सांस्कृतिक दोनों चिंताओं को सम्बोधित करता है। सखी सैनिटरी नैपकिन पहल (ओडिशा, 2021) बायोडिग्रेडेबल पैड के स्थानीय उत्पादन का समर्थन करती है। मासिक धर्म स्वास्थ्य को स्वास्थ्य के अधिकार (अनुच्छेद 21) के तहत मान्यता दी जानी चाहिए और श्रम कानूनों में शामिल किया जाना चाहिए। मासिक धर्म लाभ विधेयक (2018, निजी सदस्य विधेयक) ने मासिक धर्म अवकाश का भुगतान करने का प्रस्ताव रखा, लेकिन इसे सरकारी समर्थन नहीं मिला। कंपनियों को मासिक धर्म अवकाश का भुगतान करना चाहिए और कार्यस्थल स्वच्छता सहायता सुनिश्चित करनी चाहिए। जोमैटो ने 2020 में मासिक धर्म अवकाश की शुरूआत करके निजी क्षेत्र में एक मिसाल कायम की। सैनिटरी उत्पाद निमार्ताओं के लिए विस्तारित निमार्ता जिम्मेदारी मानदंडों को लागू करने से कचरे में कमी लाने में मदद मिल सकती है। मासिक धर्म के बारे में बातचीत को बदलने के लिए स्थानीय नेताओं, बुजुर्गों और धार्मिक हस्तियों को शामिल करने वाली समुदाय-आधारित पहल विकसित करें। मासिक धर्म स्वास्थ्य के बारे में चर्चा को और अधिक सामान्य बनाने के लिए शैक्षिक सेटिंग्स और मीडिया में सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त संदेश का उपयोग करें। अधिक समावेशी संवाद बनाने के लिए जागरूकता प्रयासों में पुरुषों और लड़कों को शामिल करें। सैनिटरी उत्पादों पर करों को समाप्त करके और यह सुनिश्चित कर-के मासिक धर्म स्वास्थ्य नीतियों को बढ़ावा दें कि वे स्कूलों, कार्यस्थलों और ग्रामीण समुदायों में आसानी से उपलब्ध हों।

कार्यस्थल की नीतियों को लागू करें जो मासिक धर्म वाले व्यक्तियों को समायोजित करती हैं, जैसे कि मासिक धर्म अवकाश और स्वच्छ शौचालय तक पहुँच प्रदान करना। सांस्कृतिक मूल्यों का सम्मान करने वाले तरीके से स्कूली कार्यक्रमों में मासिक धर्म शिक्षा को शामिल करें। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम जैसे सरकारी प्रयासों को व्यापक बनाएँ, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में मुफ्त या रियायती सैनिटरी पैड प्रदान करें। पर्यावरण और वित्तीय पहलुओं पर विचार करते हुए, पुनः प्रयोज्य कपड़े के पैड और मासिक धर्म कप जैसे टिकाऊ और लागत प्रभावी मासिक धर्म उत्पादों के उपयोग की वकालत करें। हानिकारक मासिक धर्म मिथकों को दूर करने के लिए बॉलीवुड, सोशल मीडिया प्रभावितों और टेलीविजन शो का उपयोग करें।

पैडमैन जैसी फिल्मों ने महत्त्वपूर्ण चचाओं को जन्म दिया है-इस तरह की और पहल आवश्यक हैं। सांस्कृतिक संदर्भों में सकारात्मक मासिक धर्म संदेशों को बुनने के लिए स्थानीय कहानी और पारंपरिक आख्यानों को प्रोत्साहित करें। मासिक धर्म स्वास्थ्य पर सांस्कृतिक रूप से संवेदनशील सलाह देने के लिए स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रशिक्षण प्रदान करें। मासिक धर्म सम्बंधी विकारों और महिलाओं के स्वास्थ्य पर उनके प्रभावों पर शोध का समर्थन करें, यह सुनिश्चित करते हुए कि स्वास्थ्य सेवा नीतियाँ इन मुद्दों को सम्बोधित करती हैं।

मासिक धर्म स्वास्थ्य को एक मौलिक मानव अधिकार और एक सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए, न कि एक कलंक। एक व्यापक रणनीति जो शिक्षा, बुनियादी ढांचे में सुधार और कानूनी सुधारों को जोड़ती है, वह गरिमा और समानता को बढ़ावा दे सकती है, जिससे मासिक धर्म महिलाओं के स्वास्थ्य का एक मान्यता प्राप्त और समर्थित पहलू बन सकता है।

## राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए लाभ के अवसरों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। यदि आपको कुछ पारिवारिक समस्याएं घेरे हुए थी, तो उनसे भी आपको काफी हद तक राहत मिलेगी। बिजनेस में आप किसी से उधार का लेनदेन करने से बचें। कुछ मौसमी बीमारियां आपको अपनी चपेट में ले सकती हैं। आप कुछ खास मुद्दों को लेकर वरिष्ठ सदस्यों से बातचीत करेंगे।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आपकी आय और व्यय आपको तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है। पारिवारिक खर्च आपको परेशान करेंगे। आपकी सेहत भी पहले से बेहतर रहेगी। माता-पिता की सेवा के लिए भी आप कुछ समय निकलेंगे। आप किसी से किए हुए वादे को पूरा करने की कोशिश करें, लेकिन आपको अपने धन को प्रॉपर्टी में थोड़ा सोच समझकर लगाना होगा। धर्म-कर्म के कार्यों में भी आपकी काफी रुचि रहेगी।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप किसी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी। बिजनेस को आप कहीं बाहर विदेशों तक ले जाने की कोशिश में कामयाब रहेंगे। पार्टनरशिप में कोई डील फाइनल होगी, जिसमें आपको पार्टनर पर पूरी निगरानी बनाकर रखनी होगी। आप अपनी किसी छोटी-मोटी समस्या को लेकर परेशान रहेंगे। वैवाहिक जीवन में कोई नई समस्या खड़ी हो सकती है।

कर्क- आज आपका पारिवारिक जीवन खुशनुमा रहेगा। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलती रहेगी। आपको कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाने का मौका मिलेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से यदि आप कोई धन संबंधित मदद लेंगे, तो वह आपको आसानी से मिल जाएगी। आप अपनी संतान के करियर को लेकर कोई बड़ा निर्णय ले सकते हैं। आपको पारिवारिक बिजनेस पर भी पूरा ध्यान देना होगा।

सिंह- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में काम अधिक रहने के कारण आप काफी व्यस्त रहेंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपकी कहासुनी हो सकती है। आपको अपनी वाणी की सौम्यता को बनाए रखना होगा। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो आपको उसके वापस मिलने की संभावना है। आप अपने पिताजी से किसी मन की इच्छा को लेकर बातचीत कर सकते हैं। आप अपने घरेलू कामों को निपटाने की भी पूरी कोशिश करेंगे।

कन्या- आज का दिन आपके लिए भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। विद्यार्थी किसी प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। आप किसी दिखावे के चक्कर में ना आए। आप अपने माता-पिता की सेवा के लिए भी समय निकालेंगे। आपको आपका रुका हुआ धन मिलने की संभावना है। आप मित्र के साथ आप कुछ समय मौज-मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आप अच्छे भोजन का आनंद लेंगे, लेकिन राजनीति में आपको बहुत ही सोच समझकर कदम बढ़ाने होंगे।

तुला- तुला राशि के जातकों के लिए आज का दिन विशेष रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने कारोबार के कामों को कल पर टालने से बचें। संतान आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकते हैं। आपको अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। सिंगल लोगों की अपने साथी से मुलाकात होगी। आपका कोई काम पूरा होने में यदि समस्या आ रही थी, तो वह भी पूरा हो सकता है। यदि आपने किसी प्रॉपर्टी की खरीदारी के लिए कोई लोन अप्लाई किया था, तो वह आपको मिल सकता है।

वृश्चिक- वृश्चिक राशि के जातकों के लिए आज का दिन धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए रहेगा। आप अपने काम को दूसरों के भरोसे ना टालें। प्रॉपर्टी से संबंधित कोई मामला आपके लिए सिरदर्द बनेगा। भाई बहनों से भी आपकी कहासुनी हो सकती है और आपके मन में प्रतिस्पर्धा का भाव बना रहेगा। आप अपनी कला से कार्यक्षेत्र में लोगों को हैरान करेंगे। आप अपनी संतान की फरमाइश पर किसी नए वाहन को घर लेकर आ सकते हैं।

धनु- आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आप मौज-मस्ती में लगे रहने के कारण अपने कामों को कल पर टालने की कोशिश करेंगे, लेकिन आप अपनी एनर्जी को सही कामों में लगाएं, तो आपके लिए बेहतर रहने वाला है। जीवनसाथी की ओर से आपको कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। आपको किसी पुराने मित्र की याद सता सकती है। आपका जीवनसाथी से खटपट होने के कारण आपके मन परेशान रहेगा।

मकर- आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको अपने बॉस से कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। नौकरी में कार्यरत लोगों की अच्छी आय रहेगी, उन्हें कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलने से उनके सहयोगी कामों में उनका पूरा साथ देंगे। आप अपने घर के रिनोवेशन के बारे में भी सोच विचारकर सकते हैं। आपको परिवार में वरिष्ठ सदस्यों की सहमति से कोई निर्णय लेना बेहतर रहेगा। आप जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करेंगे।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए दान-पुण्य के कार्यों में भाग लेने के लिए रहेगा। आप अपने धन का कुछ हिस्सा भी गरीबों की सेवा में लगाएंगे। आपको जीवनसाथी से तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की हो सकती है। आपको अपने कामों को कल पर टालने से बचना होगा। किसी दूर रह रहे परिजन से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न होंगे।

मीन- आज आपको करियर में तरक्की मिलने की संभावना है। परिवार के सदस्यों के साथ आप कुछ मौज-मस्ती भरे पल व्यतीत करेंगे। आप कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी, लेकिन आप संतान के करियर को लेकर कोई निर्णय थोड़ा संयम रख कर लें। वरिष्ठ सदस्य आपको काम को लेकर जो सलाह देंगे, तो वह आपके लिए अच्छी रहेगी। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी। बिजनेस में भी आपको कोई बड़ा टेंडर मिल सकता है।

व्यंग्य

# ये त्यौहार संडे को क्यों पड़ते हैं

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त



एक समय की बात है, भारत के एक छोटे से शहर में रामलाल नाम का एक कर्मठ कर्मचारी रहता था। रामलाल सरकारी दफ्तर में काम करता था और उसकी जिंदगी का सबसे बड़ा सुख त्योहारों पर मिलने वाली छुट्टियाँ थीं। वह पूरे साल इन छुट्टियों का बेसब्री से इंतजार करता, मानो ये छुट्टियाँ नहीं, बल्कि स्वर्ग से उतरी कोई वरदान हों। एक दिन, जब रामलाल अपने दफ्तर में बैठा चाय की चुस्कियाँ ले रहा था, तभी उसके सहकर्मी श्यामू ने कहा, रामलाल भाई, सुना है इस साल कई त्योहार संडे को पड़ रहे हैं। रामलाल के हाथ से चाय का कप लगभग छूट गया। उसने घबराते हुए पूछा, क्या? कौन-कौन से त्योहार? श्यामू ने मुस्कुराते हुए कहा, गणतंत्र दिवस, गुड़ी पड़वा, राम नवमी... और भी कई हैं। रामलाल का चेहरा ऐसे लटक गया जैसे किसी बच्चे से उसकी पसंदीदा टॉफी छीन ली गई हो। उसने बड़बड़ाते हुए कहा, ये तो सरासर नाइंसाफी है। त्योहारों का काम ही है हमें अतिरिक्त छुट्टी देना, और ये संडे को पड़कर हमारी छुट्टी खा रहे हैं। उस शाम, रामलाल घर पहुंचा और कैलेंडर लेकर बैठ गया। उसने देखा कि वाकई इस साल कई प्रमुख त्योहार संडे को पड़ रहे हैं। उसने सोचा, ये तो वही बात हो गई कि ऊपर से कुर्सी खींच ली जाए। अगले दिन, दफ्तर में रामलाल ने अपने साथियों के साथ इस गंभीर समस्या पर चर्चा की। सबने मिलकर तय किया कि वे बॉस से मिलकर अतिरिक्त छुट्टियों की मांग करेंगे। बॉस, जो खुद भी छुट्टियों के शौकीन थे, ने उनकी बात सुनी और कहा, देखो भाई, त्योहारों की तारीखें तो हम नहीं बदल सकते। लेकिन हम एक प्रस्ताव सरकार को भेज सकते हैं कि जब भी कोई त्योहार संडे को पड़े, तो सोमवार को छुट्टी दी जाए। रामलाल और उसके साथियों की आंखों में उम्मीद की किरण जगी। उन्होंने तुरंत एक पत्र तैयार किया और सरकार को भेज दिया।

कुछ हफ्तों बाद, सरकार की ओर से जवाब आया। पत्र में लिखा था, आपका प्रस्ताव प्राप्त हुआ। सरकार ने इस पर गंभीरता से विचार किया और निर्णय लिया है कि भविष्य में कोई भी त्योहार संडे को नहीं पड़ेगा। इसके लिए एक विशेष समिति बनाई जाएगी जो त्योहारों की तारीखें निर्धारित करेगी, ताकि वे हमेशा वीकेंड में ही पड़ें। रामलाल और उसके साथियों ने राहत की सांस ली। उन्हें लगा कि उनकी मेहनत रंग लाई। लेकिन, जैसा कि होता है, सरकार की विशेष समिति ने काम शुरू किया। उन्होंने पंचांग, खगोल विज्ञान, और न जाने किन-किन विद्वानों से परामर्श किया। अंततः उन्होंने निर्णय लिया कि सभी त्योहारों की तारीखें बदल दी जाएं, ताकि वे कभी भी संडे को न पड़ें। परिणामस्वरूप, अगले साल दिवाली बुधवार को, होली गुरुवार को, और ईद शुक्रवार को पड़ने लगी। रामलाल और उसके साथी खुश थे कि अब उन्हें अतिरिक्त छुट्टियाँ मिलेंगी। लेकिन, जैसा कि किस्मत को मंजूर था, सरकार ने एक नया फरमान जारी किया। उन्होंने कहा, चूंकि अब त्योहारों की तारीखें बदल दी गई हैं, इसलिए सरकारी कर्मचारियों को अब केवल उन्हीं त्योहारों पर छुट्टी मिलेगी जो उनके व्यक्तिगत धर्म से संबंधित हैं। बाकी दिनों में उन्हें काम करना होगा। रामलाल के पैरों तले जमीन खिसक गई। उसने सोचा, ये तो वही बात हो गई कि आसमान से गिरे और खजूर में अटके। अब, रामलाल और उसके साथी पहले से भी ज्यादा परेशान थे।

उन्होंने सोचा था कि वे सिस्टम को मात दे देंगे, लेकिन सिस्टम ने उन्हें ही मात दे दी। अंत में, उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि त्योहारों का असली आनंद छुट्टियों में नहीं, बल्कि उनके मनाने के तरीके में है। उन्होंने तय किया कि चाहे त्योहार किसी भी दिन पड़े, वे उसे पूरे उत्साह के साथ मनाएंगे, भले ही अगले दिन दफ्तर जाना पड़े। इस प्रकार, रामलाल ने सीखा कि जिंदगी में कुछ चीजें हमारे नियंत्रण में नहीं होतीं, और हमें उन्हें वैसे ही स्वीकार करना चाहिए। और सबसे महत्वपूर्ण बात, उन्होंने सीखा कि कभी-कभी ज्यादा छुट्टियों की चाहत में हम अपनी मौजूदा खुशियों को नजरअंदाज कर देते हैं। तो, अगली बार जब कोई त्योहार संडे को पड़े, तो रामलाल मुस्कुराते हुए कहेगा, कोई बात नहीं, त्योहार तो दिल से मनाया जाता है, दिन से नहीं।

## विश्लेषण

# वैश्विक गेहूं और चावल उत्पादन में वृद्धि एक अच्छा संकेत !

सुनील कुमार महला



इस साल यानी कि वर्ष 2025 में वैश्विक गेहूं और चावल उत्पादन में मामूली वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। हाल ही में एफएओ ने फसलों की सम्भावना और खाद्य स्थिति पर रिपोर्ट जारी की है।पाठकों को बताता चलूं कि वर्ष 2025 में वैश्विक गेहूं उत्पादन 79.6 करोड़ टन रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष यानी कि वर्ष 2024 की तुलना में लगभग 1 प्रतिशत अधिक होगा, जो मामूली वृद्धि है। गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) का यह पूवार्नुमान मुख्य रूप से यूरोपीय संघ, विशेष रूप से फ्रांस और जर्मनी में उत्पादन बढ़ने की उम्मीद पर आधारित है। दरअसल,एफएओ ने इन क्षेत्रों(फ्रांस और जर्मनी) में अधिक गेहूं के बोए जाने का अनुमान जताया है।हालांकि, यह भी कहा गया है कि पूर्वी यूरोप में शुष्क परिस्थितियों और पश्चिमी क्षेत्रों में अत्यधिक वर्षा जैसी चुनौतियां पैदावार को प्रभावित कर सकती हैं। वहीं दूसरी ओर अमेरिका में गेहूं का रकबा बढ़ने की संभावना है, हालांकि, यह बात भी कही गई है कि सर्दियों की फसल पर सूखे के प्रभाव के कारण पैदावार में मामूली गिरावट भी आ सकती है। बहरहाल, कहना गलत नहीं होगा कि हाल ही में एफएओ की गेहूं और धान (चावल) उत्पादन में बढ़ोत्तरी की जो संभावनाएं जताई गई हैं, वे वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिहाज से बहुत ही महत्वपूर्ण और अहम्‌ इसलिए है, क्यों कि आज बदलती जलवायु परिस्थितियों, मौसमी बदलाव, रूस-यूक्रेन युद्ध, हमास इजरायल युद्ध के बीच वैश्विक खाद्य सुरक्षा पर कहीं न कहीं व्यापक असर पड़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा विश्व के देशों पर टैरिफ की घोषणा से भी अनाज महंगा होगा।कहना चाहूंगा कि आज वैश्विक युद्धों के कारण अनाज की वैश्विक आपूर्ति पर असर पड़ा है। ऐसे समय में अनाज की प्रचुरता मानवजाति के लिए अच्छा संकेत कही जा सकती है। आज भी विश्व में अनेक देश ऐसे हैं जो भुखमरी का सामना कर रहे हैं। ऐसे में अनाज उत्पादन में बढ़ोत्तरी एक सुखद खबर कहीं जा सकती है। कहना गलत नहीं होगा कि गेहूं और चावल भारत जैसे देश में तो बुनियादी आवश्यकताएं हैं। अनाज उत्पादन में वृद्धि से अनाज की बाजार में आपूर्ति सही बनी रहेगी और आपूर्ति सही होने से अनाज की कीमतों में बढ़ोत्तरी नहीं होगी। कहना चाहूंगा कि अनाज की कीमतें स्थिर बनीं रहेंगी, जिससे आम आदमी को काफी राहत मिलेगी। आज कमोबेश पूरे विश्व में संघर्ष और असुरक्षा का दौर है। ऐसे दौर में विश्व में खाद्य असुरक्षा की स्थितियां भी गंभीर हैं। ऐसे में यह सुनिश्चित किया जाना बेहद जरूरी है कि इस अनाज उत्पादन का लाभ विशेषकर उन 45 देशों तक सही ढंग से पहुंचे। वास्तव में इन 45 देशों को खाद्य सहायता की आवश्यकता है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि इनमें अफ्रीका के 33, एशिया के नौ, दक्षिण अमेरिका और कैरिबियन के 2 और यूरोप का एक देश शामिल है। हाल ही में जारी इस रिपोर्ट के मुताबिक चल रहे संघर्ष और असुरक्षा, गंभीर खाद्य असुरक्षा को जन्म दे रही है। गौरतलब है कि एफएओ ने इस बात की भी पुष्टि की है कि गाजा (फिलिस्तीन) और सूडान में लोग सबसे बड़े खाद्य संकट (आईपीसी चरण 5) का सामना कर रहे हैं।वास्तव में,संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) की हालिया रिपोर्ट कुछ समय पहले ही जारी वर्ल्ड बैंक व अमेरिका के इहाडो यूनिवर्सिटी की उस रिपोर्ट की भी पुष्टि करती है, जिसके अनुसार 1960 के दशक से ही दुनिया भर में कृषि उपज में लगभग समान दर से वृद्धि जारी है। कहना गलत नहीं होगा कि इससे पिछले कुछ दशकों से जताई जा रहीं उन चिंताओं पर भी विराम लगेगा, जिसके अनुसार दुनिया की बढ़ती आबादी की जरूरतों के मद्देनजर दुनिया भर में फसलों के उत्पादन(अनाज उत्पादन) में कमी या स्थिरता आने के आसार हैं। यहां पाठकों को बताता चलूं कि भारत का खाद्यान्न उत्पादन फसल वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड 33.22 करोड़ टन पर पहुंच गया था। भारत में गेहूं और चावल की बंपर फसल की वजह से कुल खाद्यान्न उत्पादन बढ़ा। कृषि मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार फसल वर्ष 2023-24 के लिए अंतिम अनुमान इससे पिछले वर्ष के 32.96 करोड़ टन से 26.1 लाख टन की वृद्धि को दशार्या। गौरतलब है कि इस दौरान चावल उत्पादन रिकार्ड 13.78 करोड़ टन पर पहुंच गया, जो वर्ष 2022-23 में 13.57 करोड़ टन था। गेहूं का उत्पादन भी 2022-23 के 11.05 करोड़ टन की तुलना में बढ़कर 11.32 करोड़ टन के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। गौरतलब है कि चावल उत्पादन वर्ष 2024-25 में 54.3 करोड़ टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने का अनुमान है, जो भारत में बेहतर फसल की संभावनाओं और कंबोडिया व म्यांमार में अनुकूल मौसम परिस्थितियों के कारण है। सच तो यह है कि देश-दुनिया में धान की पैदावार को लेकर भी सकारात्मक रुख बना हुआ है। गौरतलब है कि फरवरी की तुलना में एफएओ ने वर्ष 2024-25 में वैश्विक चावल उत्पादन के पूवार्नुमान को 36 लाख टन बढ़ा दिया है। उल्लेखनीय है कि मार्च में 2024 के लिए वैश्विक अनाज उत्पादन का अनुमान मामूली रूप से बढ़ाकर 284.2 करोड़ टन किया गया है, जिससे वर्ष 2023 और वर्ष 2024 के उत्पादन के बीच का अंतर 144 लाख टन रह गया है। वास्तव में, वर्ष 2024 के उत्पादन में किए गए संशोधन मुख्य रूप से गेहूं के कारण हैं। जानकारी के अनुसार ईरान में गेहूं की फसल काफी अच्छी रही है। विपणन वर्ष 2024-25 में वैश्विक अनाज खपत 286.7 करोड़ टन रहने का अनुमान है, जो पिछले वर्ष की तुलना में एक प्रतिशत अधिक है। इसका मुख्य कारण रिकॉर्ड चावल खपत की उम्मीद है। वहीं दूसरी ओर गेहूं की खपत स्थिर रहने की संभावना है। अनुमान है कि खाद्य के रूप में इसकी खपत में मामूली गिरावट आएगी, लेकिन चीन में इसके औद्योगिक उपयोग में वृद्धि होगी। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि एफएओ ने अपनी नई क्रॉप प्रॉस्पेक्ट्स एंड फूड सिचुएशन रिपोर्ट में बताया है कि उत्तर अफ्रीका में लंबे समय तक शुष्क मौसम ने अनाज उत्पादन की संभावनाओं को प्रभावित किया है। दक्षिणी अफ्रीका में अनुकूल वर्षा से वर्ष 2024 की भारी गिरावट के बाद फसल पैदावार में सुधार होने की उम्मीद है। इतना ही नहीं,सुदूर पूर्व एशिया में 2025 में गेहूं उत्पादन में वृद्धि जारी रहने की संभावना है। वास्तव में फसल का रकबा बढ़ने और अनुकूल मौसम परिस्थितियों के कारण ऐसा होगा। एशिया के अन्य क्षेत्रों में वर्ष 2024 के अंत से कम वर्षा के कारण उपज की संभावनाएं प्रभावित हुई हैं, जिससे गेहूं की पैदावार पांच साल के औसत से नीचे गिर सकती हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि दक्षिण अमेरिका में मिश्रित मौसम परिस्थिति मक्का उत्पादन को प्रभावित कर रही है, जबकि अर्जेंटीना में स्टंट रोग के प्रकोप का खतरा बना हुआ है। हालांकि, ब्राजील में बेहतर उत्पादन संभावनाओं के कारण कुल उत्पादन औसत से ऊपर रहने की संभावना है। मेक्सिको में भी लगातार शुष्क मौसम के कारण बुवाई में कमी आई है, जबकि अन्य क्षेत्रों में अनुकूल मौसम से पैदावार में वृद्धि की उम्मीद है।बहरहाल, कहना गलत नहीं होगा कि भारत, जो दुनिया के अग्रणी गेहूं और धान उत्पादकों में से एक है, के लिए भी ये आंकड़े बहुत ही महत्वपूर्ण व अहम्‌ हैं। पाठकों को बताता चलूं कि जब कभी भी किसी देश में अनाज उत्पादन में वृद्धि होती है तो उसका असर देश के निर्यात, वहां के किसानों की आय और सरकारी खरीद नीतियों पर भी पड़ता है। कहना गलत नहीं होगा कि इससे देश के किसानों को कहीं न कहीं लाभ होगा और निर्यात से देश को आर्थिक रूप से फायदा भी। लेकिन यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारत को 'मानसून का जुआ' कहा जाता है, क्यों कि यहां वर्षा का पैटर्न समान नहीं है और कहीं अतिवृष्टि तो कहीं अनावृष्टि और ओलावृष्टि देखने को मिलती है। पिछले कुछ समय से ग्लोबल वार्मिंग में भी बढ़ोतरी हुई है।


# 12 स्मार्ट आंगनबाड़ी के निर्माण में 1 करोड़ का घोटाला

## जांच रिपोर्ट में आने के डेढ़ साल बाद भी कार्रवाई नहीं

- अपर कलेक्टर के नेतृत्व में जांच टीम ने जांच कर सौंपी थी जिला प्रशासन को रिपोर्ट
- कांग्रेस ने साधा भाजपा पर निशाना , भाजपा का पलटवार , क्या जांच राजनीति की भेंट चढ़ेगी या फिर भ्रष्टाचार मामले में होगी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**नारायणपुर, 11 मार्च।** नारायणपुर जिले के रावघाट माइंस के प्रभावित 12 गांवों में सी.एस.आर. मद से 15 - 15 लाख रुपए की लागत से आंगनबाड़ी केंद्रों को स्मार्ट आंगनबाड़ी बनाया जाना था लेकिन ठेकेदार ने नौनिहालों के हक पर डाका डालते हुए 1 करोड़ का घोटाला कर डाला । उक्त मामले पर तात्कालीन कलेक्टर द्वारा बनाई गई जांच टीम ने डेढ़ साल पहले भ्रष्टाचार होने की रिपोर्ट पेश की जिस पर आज पर्यंत तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। जिला कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई ने मामले पर जांच करवाने की बात कही। वही नव निर्वाचित कांग्रेस पार्षद ने वनमंत्री केदार कश्यप पर निशाना साधते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की सत्ता में आने के लिए प्रदेश से भ्रष्टाचार मिटाने की बात कहने वाले भाजपा नारायणपुर में हुए भ्रष्टाचार पर सत्ता में आने के डेढ़ साल बाद भी कार्यवाही नहीं करना भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली भाजपा कहा। जिस पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रुपयाय सलाम ने जवाब देते हुए कहा कि भाजपा ने सत्ता में आते ही सबसे पहले भ्रष्टाचार पर कार्यवाही की है जिसका नतीजा है कि कई कांग्रेसी जेल में है नारायणपुर में हुए भ्रष्टाचार में भी जांच के बाद कई जेल जाएंगे।

रावघाट माइंस के प्रभावित 12 गांवों में संचालित आंगनबाड़ी को वर्ष 2022-23 में स्मार्ट आंगनबाड़ी 15 - 15 लाख रुपए की लागत बनाने की योजना बनाई गई जिसमें प्रत्येक आंगनबाड़ी में स्मार्ट टीवी, आरो , टाइल्स , किचन शेड , बच्चो के खेल समान, मरम्मत कार्य , विद्युतीकरण , वाटर सफलाई , झुला , फिसलपट्टी जैसे कार्य करने थे लेकिन आज दो साल बीतने के बाद भी आंगनबाडियों में कोई कार्य नहीं हुए है। जिसकी जांच पड़ताल करने जी मीडिया की टीम हुच्चाकोट आंगनबाड़ी पहुंची जहां आंगनबाड़ी को देखकर लगा कि पूरे कार्य हुए होंगे। लेकिन जब आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से जी मीडिया ने पूछा तो चौंकाने वाली बात सामने आई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने कहा कि ठेकेदार आए और पुट्टी का काम करके एक कागज पर हस्ताक्षर लेकर चले गए और आज तक वापस लौटकर नहीं आए। आंगनबाड़ी भवन में ग्राम पंचायत द्वारा कार्य कराया गया है और पेंटिंग का कार्य नीति आयोग की तरफ से हुआ है , 15 लाख का कोई काम नहीं हुआ है जांच टीम भी आई थी जिसे भी बताया गया लेकिन डेढ़ साल बीतने के बाद भी कुछ नहीं हुआ। छत्तीसगढ़ में चुनाव के दौरान भाजपा ने सत्ता में आने पर किए वादों को पूरा करने की बात कही थी इन वादों में एक वादा शासकीय योजनाओं के नाम पर हुए भ्रष्टाचार पर कड़ी कार्यवाही करने की बात कही थी लेकिन ये वादा नारायणपुर जिला में पूरा होता नही दिख रहा है। भाजपा के सत्ता में आए लगभग डेढ़ साल होने को है लेकिन नारायणपुर जिले में स्मार्ट आंगनबाड़ी बनाने के नाम पर हुए लाखो रुपए के भ्रष्टचार पर अब तक कोई कार्यवाही ना होना कई सवाल खड़े कर रहा है जबकि नारायणपुर विधानसभा के विधायक केदार कश्यप छत्तीसगढ़ शासन में वन मंत्री है। ज्ञात हो कि उक्त मामले को लेकर तात्कालीन कलेक्टर अजीत वसंत ने अभिषेक गुप्ता अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच टीम बनाई। टीम ने जांच कर रिपोर्ट जिला कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ को सौप दिया है बाउजुद इसके अब तक उक्त फर्म के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई है जबकि जांच रिपोर्ट में जैनम कंस्ट्रक्शन फर्म को जारी की गई राशि 1 करोड़ 39 लाख रुपए में से मजह 36 लाख रुपए का ही कार्य होना जांच टीम ने पाया है जो दर्शाता है कि 1 करोड़ रुपए का घोटाला 12 आंगनबाड़ी के निर्माण कार्य में हुआ है बाकी 10 आंगनबाड़ी केंद्रों की भी जांच होने पर घोटाला की राशि और बढ़ सकती है।

## एक नजर

### चुनाव जीतकर आए प्रतिनिधियों ने विधायक से मुलाकात कर जताया आभार

**सुकमा, 11 मार्च।** विभिन्न ग्राम पंचायतों से त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव जीतकर आए सरपंच,



पंच और जनपद सदस्य आज बस्तर विधायक श्री लखेश्वर बघेल से मिलने पहुंचे यह बैठक खास तौर पर आभार व्यक्त करने और पंचायत चुनाव में जीत हासिल करने के बाद, ये प्रतिनिधि विधायक से मिलने पहुंचे ताकि वे उनके मार्गदर्शन और समर्थन से स्थानीय विकास में तेजी ला सकें और पंचायत स्तर पर नागरिकों की समस्याओं का समाधान कर सकें। मुलाकात के दौरान, सरपंचों, पंचों और जनपद सदस्यों ने अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों और क्षेत्रों के विकास कार्यों, योजनाओं और आवश्यकताओं को विधायक के समक्ष रखा उन्होंने बताया कि चुनावी जीत केवल उनके व्यक्तिगत प्रयास का परिणाम नहीं बल्कि उनकी पूरी टीम और ग्रामवासियों के विश्वास का प्रतीक है सभी ने विधायक को अपनी जीत के लिए धन्यवाद दिया और उनके मार्गदर्शन की उम्मीद जताई ताकि वे अपनी पंचायतों में विकास की गति को और बढ़ा सकें।

### सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलने से किसान परेशान

**जगदलपुर, 11 मार्च।** चित्रकोट जलप्रपात के तले बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक में आए सांय सरकार के मंत्रिमंडल और सायं को



खुश करने के लिए बैराज के गेट खोले गए थे तब भी पानी की अधिकता से किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ा था उनके फसल खराब हुए थे और आज पानी नहीं मिलने के कारण। क्या उस समय जिन्होंने पानी छोड़ा था उन पर भाजपा सरकार कार्यवाही करेगी।

### बलीराम कश्यप की पुण्यतिथि पर महापौर ने पुष्पांजलि अर्पित की

**जगदलपुर, 11 मार्च।** पूर्व सांसद बलीराम कश्यप के पुण्यतिथि पर फरसागुड़ा में आयोजित



कार्यक्रम में शामिल हुए महापौर संजय पाण्डे। छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दी श्रद्धांजलि। साथ में निगम के सभापति खेमसिंह देवांगन, निर्मल पाणिग्रही, पंकज आचार्य, शशि नाथ पाठक, लक्ष्मण झा, रितेश सिन्हा, सूरज श्रीवास्तव,विवेक जैन, अनिल पटेल, राहुल सोनी, हरीश पारेख, मनोज ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### करें योग रहें निरोग: महेश कश्यप

**जगदलपुर, 11 मार्च।** पतंजलि योग समिति के द्वारा आज सुबह एक दिवसीय इंटीग्रेटेड योग विज्ञान शिविर का आयोजन शहर के प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम में किया गया। मुख्य अतिथि बस्तर



लोकसभा के सांसद महेश कश्यप, विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर संजय पांडे, निगम सभापति खेमसिंह देवांगन उपस्थित रहे। शिविर में स्वामी परमार्थ देव महाराज भी शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित लोगों को योग के विभिन्न आसन करवाए। मुख्य अतिथि बस्तर सांसद महेश कश्यप ने कहा करें योग रहें निरोग। योग करने से तन मन स्वस्थ रहता है साथ ही शारीरिक विकास भी होता है। महापौर संजय पाण्डे ने कहा जल्द ही एक योजना बन रही है जिसके तहत वार्डों को गोद लिया जाएगा। उन्होंने पतंजलि परिवार के मनोज पाणिग्रही से आग्रह किया कि उनकी समिति शहर के दो वार्डों को गोद ले। स्वच्छता दीदियों के साथ उनके सदस्य साथ में चलेंगे और लोगों से अपील करेंगे कि गिला व सुखा कचरा पृथक से अलग करें। जिससे शहर की स्वच्छता रैंकिंग बढ़ेगी और हमारा नगर निगम प्रदेश सहित देश में नाम रोशन करेगा। शहर को विकास की राह पर तभी ले जा पाएंगे जब पूरे शहरवासियों का समर्थन मिलेगा। कार्यक्रम में साधकगण, योग शिक्षक, आईजी बस्तर रेंज सुंदरराज पी, एसपी सलभ सिन्हा, एएसपी महेश्वर नाग सहित बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे।

### नेशनल लोक अदालत के प्रथम चरण में 33,902 प्रकरणों का हुआ निराकरण

**दंतेवाड़ा, 11 मार्च।** विगत दिवस नेशनल लोक अदालत में प्रधान जिला न्यायाधीश के निर्देशानुसार तीनो राजस्व जिला दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर एवं बचेली के न्यायालय में कुल 08 खंडपीठों का गठन किया गया था। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश विजय कुमार होता के द्वारा सर्वप्रथम सरस्वती माता का पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।

# कमिश्नर ने सेजेस घाटलोहंगा एवं बस्तर का किया आकस्मिक निरीक्षण

- शिक्षकों को पढ़ाई पर ध्यान देने दिए निर्देश और बच्चों को कामर्स पढ़ाकर किया उत्साहवर्धन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 11 मार्च।** कमिश्नर बस्तर संभाग श्री डोमन सिंह ने सोमवार को बस्तर जिले के विकासखण्ड बस्तर अंतर्गत घाट लोहंगा एवं बस्तर के स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी बोर्ड परीक्षाओं के आयोजन की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं बेहतर नतीजे लाने के लिए कक्षा नवमी से ही बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित किए जाने कहा।

इस दिशा में शैक्षणिक सत्र की शुरुआत से ही निर्धारित पाठ्यक्रम को पूरा करने के लिए योजनाबद्ध ढंग से अध्यापन किए जाने के निर्देश दिए।

कमिश्नर ने अपने भ्रमण के दौरान स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूल बस्तर में लाइब्रेरी एवं प्रयोगशाला का भी निरीक्षण किया। साथ ही कक्षा पहली एवं दूसरी कक्षा के बच्चों की पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्वामी आत्मानन्द हिन्दी माध्यम स्कूल बस्तर में कक्षा 11 वीं वाणिज्य के बच्चों की पढ़ाई के स्तर को परखने के लिए कामर्स के जनक और मूल्य ह्रास के बारे में पूछा, साथ ही लेखाशास्त्र के पाठ्यक्रम के सम्बंध में बच्चों से सवाल किए। बच्चों ने भी इन सवालों का जवाब दिया तो कमिश्नर ने बच्चों को पूरी लगन एवं मेहनत से पढ़ाई करने की समझाईश देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान सम्बन्धित स्कूलों के प्रधानाचार्य और शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम 23 मार्च को

**दंतेवाड़ा, 11 मार्च।** कलेक्टर एवं जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण दन्तेवाड़ा के अध्यक्ष श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत दन्तेवाड़ा श्री जयंत नाहटा के नेतृत्व में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण, रायपुर के तत्वाधान में राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान का आयोजन दिनांक 23 मार्च 2025, दिन रविवार को प्रातः 10 बजे से शाम 05 बजे तक किया जायेगा। इस अभियान की तैयारियों को लेकर समस्त विकासखण्ड परियोजना अधिकारी एवं साक्षरता अमला की समीक्षा बैठक मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई थी।

## समाचार संक्षेप

### अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दरभा ब्लॉक की महिलाओं ने लिया जल संरक्षण का संकल्प

**जगदलपुर 11 मार्च।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले के विकासखण्ड दरभा अंतर्गत अंदरूनी ईलाके की ग्रामीण महिलाओं ने एक



नई सोच के साथ जल संरक्षण का संकल्प लिया। जिसके तहत दरभा ब्लॉक के ग्राम पखनार में आसपास के ग्राम गुमड़पाल, मामड़पाल, चन्द्रगिरी, तीरथगढ़ एवं दरभा की महिलाओं ने एक जगह एकत्रित होकर अपने गांवों में पानी बचाओ की मुहिम शुरू करने के लिए विचार-विमर्श कर इस दिशा में सकारात्मक प्रयास करने का बीड़ा उठाया है। इन सभी महिलाओं ने गर्मियों में जो जल स्त्रोत सूख जाते हैं उन्हे बचाने के लिए हैंडपंप और सोलर ड्यूल पंप सहित नल-जल योजना के समीप सोख्ता गड्ढा बनाने के साथ ही जरूरत के अनुरूप ही पानी का उपयोग करने तथा घर में भी सोख्ता गड्ढा बनाने का निर्णय किया। वहीं घरेलू उपयोग के बाद गन्दे पानी का सदुपयोग किचन गार्डन में किए जाने का संकल्प जताया। इस दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के मैदानी अमले द्वारा ग्रामीण महिलाओं को जल संरक्षण और जल संवर्धन के विभिन्न तरीकों तथा स्थानीय स्तर पर छोटे संरचनाओं के बारे में अवगत कराया। पखनार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने जुटी महिलाओं ने बताया कि वे सभी पहले भी इस क्षेत्र में जल ग्रहण मिशन के माध्यम से पानी को प्रकृति की अमूल्य धरोहर समझकर सहेजने के लिए सहभागिता निभा चुकी हैं और अब जब पानी की किल्लत ज्यादा हो रही है तो इस दिशा में अधिक ध्यान देने का प्रयास करेंगे। जिससे वायु एवं जल दोनों का संतुलन बना रहेगा और फिर से हमारी भावी पीढ़ी नदी-नालों का समुचित उपयोग कर सकेंगे। जल वाहिनी समूह तीरथगढ़ से जुड़ी सुषमा ठाकुर बताती हैं कि जल जीवन मिशन ने उनके दिनचर्या एवं जीवन शैली को बदल दिया है।

### शासकीय बस्तर और बकावण्ड के आईटीआई में ''प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम 2.0 कैम्प का आयोजन

**जगदलपुर 11 मार्च।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बस्तर और बकावण्ड में भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा एक करोड़ युवाओं को 500 शीर्ष कम्पनियों में इन्टर्नशिप के अवसर प्रदान करने के लिए एक व्यापक योजना प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना 2.0 शुरू की गई है जिसमें आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के पंजीयन हेतु संस्था में 11 मार्च 2025 को कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उक्त कैम्प में 21 से 24 वर्ष के आईटीआई उत्तीर्ण सभी व्यवसाय के प्रशिक्षणार्थी उक्त दिवस को सम्पूर्ण मूल दस्तावेजों के साथ संस्था में उपस्थित होकर पंजीयन करा सकते है। आवश्यक दस्तावेज 10वीं एवं आईटीआई उत्तीर्ण के अंकसूची, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक की फोटो कॉपी, आधार कार्ड राशन कार्ड एवं दो नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो लाना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए बस्तर आईटीआई के प्लेसमेंट प्रभारी श्री रवि नारायण साय, सहायक प्लेसमेंट प्रभारी श्री तीजू कुमार ठाकुर एवं कम्प्युटर कार्य हेतु श्री शुभम ठाकुर प्रशिक्षण अधिकारी एवं श्रीमती दीप्ति देवागंन प्रशिक्षण अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं। इसी प्रकार बकावण्ड आईटीआई के प्लेसमेंट प्रभारी विजय कुमार चौहान, सहायक प्लेसमेंट अधिकारी श्री डेविड प्रसाद पांडे से सम्पर्क कर सकते हैं।

## क्षेत्रीय सरस मेला का आयोजन 11 से 13 मार्च तक

**सुकमा, 11 मार्च।** जिले में कला, संस्कृति और कौशल विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा सरस मेला का आयोजन 11 से 13 मार्च तक किया जाएगा। मिनी स्टेडियम, सुकमा में आयोजित इस मेले में स्थानीय कलाकारों, शिल्पकारों और स्वयं सहायता समूहों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन ने बताया कि सरस मेला न केवल ग्रामीण कारीगरों और स्थानीय उद्यमियों के लिए एक मंच प्रदान करेगा, बल्कि समुदाय में स्वच्छता, जल संरक्षण और कौशल विकास को भी बढ़ावा देगा।

**पहला दिन 11 मार्च 2025 सामूहिक विवाह और जागरूकता कार्यक्रम-** मेले का शुभारंभ सामूहिक विवाह समारोह से होगा, जहां कई जोड़ों का विवाह संपन्न कराया जाएगा। इसके बाद जल संरक्षण और स्वच्छता पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जाएगा। शाम को पारंपरिक खेल प्रतियोगिता और ओपन माइक सेशन का आयोजन होगा, जिसमें स्थानीय प्रतिभागी अपने कला कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

**दूसरा दिन 12 मार्च 2025 स्टॉल प्रदर्शनी और सांस्कृतिक संध्या-**दूसरे दिन स्थानीय उत्पादों और हस्तशिल्प की स्टॉल प्रदर्शनी लगाई जाएगी। महिलाओं के स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित वस्तुएं बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगी। शाम को आनंद मेला में खानपान और मनोरंजन के विशेष इंतजाम किए गए हैं। रात में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें पारंपरिक नृत्य और संगीत प्रस्तुत किए जाएंगे। मेले के अंतिम दिन होली महोत्सव मनाया जाएगा, जिसमें रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मेले का समापन होगा। इस दिन भी स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां आगंतुक स्थानीय उत्पादों की खरीदारी कर सकेंगे।

# शपथग्रहण करते ही भाजपा के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के भ्रष्टाचार का खेल शुरू: तुलिका कर्मा

- फर्जी अनापत्ति प्रमाणपत्र दिखा कर दन्तेवाड़ा नगरपालिका उपाध्यक्ष ने कार्य को दी स्वीकृति
- शपथ ग्रहण करते ही दन्तेवाड़ा पालिका उपाध्यक्ष ने पातररास में एक निजी भूमि में नियम विरुद्ध जाकर वेस्ट टेलिंग्स डंप करने का कार्य शुरू किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा 11 मार्च।** एक ओर भाजपाई ट्रिपल इंजन की सरकार की बात कर रही है और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन की ढींगे मरते फिर रहे तो वही दूसरी ओर ज़मीनी स्तर पर भाजपाई जनप्रतिनिधि ट्रिपल इंजन का पूरा जोर लगा हर सम्भव तरीके से भ्रष्टाचार को अंजाम दे रहे है । जिसका हालिया वाक्या आज देखने को मिल रहा है जब दन्तेवाड़ा नगरपालिका में अध्यक्ष - उपाध्यक्ष को पद की शपथ लिए हफ्तेभर भी नही बिता है और पद का दुरुपयोग करते हुए अपने ही सुशासन के नियमों की धज्जियां उड़ाए पड़े है। इस मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा ने बयान जारी कर कहा कि, नियमों का उल्लघंन कर जनता के साथ खिलवाड़ करना हमेशा से ही भाजपाइयों का काम रहा है । और इस कथन को अपनी हरकतों से सही साबित करते हुए पातररास में एक निजी भूमि में वेस्ट टेलिंग्स डाले जा रहे, जिसमे जब मामले में जानकारी ली गयो तो पता चला कि भाजपाइयों के नगरपालिका में पूर्व कार्यकाल की दिनांक 18-11-2024 की एक आदेश कॉपी प्रस्तुत की गई जो कि बारीकी से जांच करने पर पाया गया कि उस पूर्व कार्यकाल में कभी कोई ऐसा प्रस्ताव नगरपालिका परिषद में पारित ही नही किया गया था। तुलिका कर्मा ने अब इस पूरे मामले को संज्ञान में लेकर दन्तेवाड़ा नगरपालिका प्रशासन और भाजपाइयों को आड़े हाँथ लेते हुए कहा कि यह नियम विरुद्ध काम भाजपाइयों के इशारे पर ही हो रहा है और जब पूर्व पालिका अध्यक्ष - उपाध्यक्ष इस मामले में पल्ला झाड़ रहे तो यह निश्चित ही भविष्य में होने वाले किसी बड़े भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रहा है।

# दुकानदार ने किशोरी से अश्लील हरकत की,मचा बवाल

- गुस्साए लोग सड़क पर उतरे, एनएच पर किया घण्टो चक्का जाम
- यात्री बसे व भारी वाहनो की लगी रही लम्बी कतारे
- आरोपी की दुकान खाली कराने की मांग
- गुस्साए भीड़ को काबू करने पहुँचे दन्तेवाड़ा के टीआई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**गीदम, 11 मार्च।** गीदम नगर में सोमवार शाम उस वक्त बवाल मच गया जब एक दुकानदार द्वारा एक नाबालिक बच्ची से अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया । इस घटना के बाद जब नाबालिग ने परिजनों को अपनी आपबीती बताई तब परिजन दुकानदार से मिलने पहुंचे लेकिन दुकानदार नहीं मिला इसके बाद मामला गर्म हो गया, दुकानदार को अलग-अलग जगहों पर परिजन ढूढते रहे । इधर पुलिस को भी इसकी सूचना दी गई और आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग उठने लगी । जब कुछ देर तक दुकानदार पुलिस के हाथ नही लगा तब नगर के लोग आक्रोशित होकर सड़क पर उतर गए जिसके बाद देर रात तक एनएच 63 पर घण्टो चक्का जाम किया गया जिससे रात की यात्री बसे व भारी वाहनों की लंबी कतारें लगने लगी । इधर गीदम में हुई इस भीड़ को काबू करने सिटी कोतवाली दन्तेवाड़ा के टीआई धनंजय सिन्हा पहुँचे और लोगो को काफी देर तक समझाईस दी, हालांकि कुछ देर बाद यात्री बसो को जाने दिया गया। बताया जा रहा है कि नगर की ही एक किशोरी सोमवार शाम गीदम वॉच सेंटर में अपनी घड़ी की मरम्मत कार्य कराने गई थी, इस दौरान दुकानदार ने उसके साथ अश्लील हरकत कर दी, परिजनों को इसकी जानकारी लगने के बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। इधर देर रात आरोपी रफीक खान के खिलाफ गीदम थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई, फिलहाल आरोपी पुलिस की गिरफ़्त में बताया जा रहा है।

### माई जी की जमीन पर है दुकान, खाली करने की हुई मांग

इधर इस घटना से गुस्साए लोगो ने आरोपी की दुकान भी खाली करवाने की मांग प्रशासन से की है ।यहाँ पहुँचे नपं अध्यक्ष रजनीश सुराना ने मीडिया को बताया कि पीड़िता के परिजनों से उन्हें इस घटना की शिकायत मिली थी जिसके बाद थाने में सूचना दी गई , गुस्साए लोगो ने चक्का जाम किया था उन्हें भी समझाईस दी गई, आरोपी की गिरफ्तारी के साथ लोग दुकान खाली कराने की मांग भी प्रशासन से कर रहे है, दुकान माई दंतेश्वरी टेम्पल कमेंटी की ज़मीन पर है और ऐसी घटना शर्मनाक है, ऐसे में नगर के लोग दुकान खाली करवाने की मांग भी कर रहे है जिस पर तहसीलदार ने लोगो को आश्वासन दिया है।

इधर यहां पहुँचे एसडीओपी कमलजीत पाटले ने बताया कि किशोरी के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है, सड़क में चक्का जाम की स्थिति निर्मित हुई थी, लोगो को समझाइस देकर जाम हटाया गया और आगे की वैधानिक कार्यवाही की जा रही ही।

## इंद्रावती का जलस्तर कम होने से किसान परेशान हैं:कांग्रेस



**जगदलपुर, 11 मार्च।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य इंद्रावती नदी के जलस्तर को लेकर राजीव भवन जगदलपुर में कर रहे पत्रकारवार्ता इंद्रावती का जलस्तर सूखने की कगार पर,किसान परेशान, जानवर कैसे झेलेंगे तपती मई का महीना इंद्रावती विकास प्राधिकरण दफ्तर में जड़ा ताला, क्यों और कैसे होगी कार्यवाही,भाजपा और सरकार के जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप बताए। शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा, डॉक्टर रमण सिंह ने 6मई 2013 में इंद्रावती विकास प्राधिकरण गठन की घोषणा की थी, किंतु 2018 तक बतौर मुख्यमंत्री रहते नहीं कर सके इंद्रावती विकास प्राधिकरण का गठन। कांग्रेस की सरकार सत्ता में आते ही बस्तर वासियों की लंबित मांग इंद्रावती विकास प्राधिकरण की किया गठन, कांग्रेस बस्तर के विधायकगण व सांसदों के अथक प्रयासों पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 22 मई 2022 को इंद्रावती विकास प्राधिकरण गठन की घोषणा कर दी साथ ही इसके संचालन हेतु विशेष नियुक्ति व दफ्तर भी खुलवाया गया एवं भवन और प्राधिकरण के विकास को गति देने बजट भी जारी किया। श्री मौर्य ने कहा, सूखे और पानी के बहाव की समस्याओं से निजात दिलाने कांग्रेस की सरकार ने 2 बैराज बनाने हेतु बजट में लाया था प्रस्ताव, सरकार बदली तो काम क्यों लटक गए।

## एक नजर

### सीआरपीएफ के जवान खेम सिंह ने जिला अस्पताल में बीमार महिला को रक्तदान किया



**बीजापुर,11 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दिनांक 10/03/2025 को जिला अस्पताल द्वारा श्री सुनील कुमार राही, कमाण्डेंट 85 बटालियन सीआरपीएफको जिला अस्पताल बीजापुर द्वारा जरूरतमंद बीमार महिला सुशीला कलमू निवासी दुवालीपारा गंगालूर थाना गंगालूर, बीजापुर (छ0ग0) को B+ve रक्त की आवश्यकता हेतु सूचना मिलने पर तत्काल प्रभाव से जवान खेम सिंह को जिला अस्पताल बीजापुर में भेजकर रक्त दिया गया। 85 बटालियन सीआरपीएफके जवान ने मानवता व सामाजिक दायित्व के प्रति वाहिनी की निष्ठा एवं तत्परता को दोहराया।

### कलेक्टर ने किया रक्तदान



**बीजापुर,11 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी श्री संबित मिश्रा ने रेडक्रॉस सोसाइटी के बैनर तले जिला अस्पताल बीजापुर में रक्तदान किया।एवं जिले के जनमानस को रक्तदान कर जरूरतमंद लोगों के जीवन बचाने के लिए अपना बहुमूल्य रक्त का समय-समय पर रक्तदान करने की अपील की।इस दौरान सीएमएचओ डॉ बीआर पुजारी, सिविल सर्जन डॉ रत्ना ठाकुर, जिला संगठक भारतीय रेड क्रॉस श्री नरवेद सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं चिकित्सक मौजूद थे।

### राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान 23 मार्च को



**रायगढ़, 11 मार्च।** जिले के 15 वर्ष एवं अधिक आयु वर्ग के असाक्षरों को साक्षर करने हेतु केन्द्र प्रवर्तित योजना उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का क्रियान्वयन कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में जारी है। जिसके तहत शिक्षार्थियों के 200 घंटे अध्यापन पश्चात आकलन परीक्षा एनआईओएस द्वारा आगामी 23 मार्च 2025 को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिसमें जिले के 18,770 शिक्षार्थी सम्मिलित होंगे। शिक्षार्थी अपनी सुविधा अनुसार परीक्षा केन्द्र के मूल्यांकन हेतु शामिल हो सकते है। जिसके प्रत्येक शिक्षार्थी को 3 घंटे का समय दिया जाएगा।

उक्त राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान की आवश्यक तैयारी हेतु जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव, जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायगढ़ द्वारा गत दिवस समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों की बैठक लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही महापरीक्षा अभियान की तैयारी एवं पोर्टल में डाटा अपलोड करने हेतु राज्य स्तर से प्रशिक्षित रिसोर्स व्यक्तियों के द्वारा 8 मार्च को समस्त विकासखण्डों के रिसोर्स व्यक्तियों का उन्मुखीकरण एवं प्रशिक्षण आयोजित कर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षार्थियों को राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा अभियान में सम्मिलित कराने हेतु समाज के सभी वर्गों से आवश्यक सहयोग करने हेतु अपील किया गया है।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में रिक्त पदों के लिए 27 मार्च तक आवेदन

**रायगढ़, 11 मार्च।** कार्यालय जिला सेवा विधिक प्राधिकरण रायगढ़ अंतर्गत संचालित लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम कार्यालय हेतु मानव संसाधन अंतर्गत रिक्त ऑफिस असिस्टेंट/क्लर्क के 2 पद तथा ऑफिस प्यून/चपरासी 2 पद के लिए 27 मार्च 2025 तक आवेदन मंगाए गए है।

# नए नियम से परेशान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं ने केंद्रीय मंत्री व राज्य के मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 11 मार्च।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं के कार्यों में हो रही समस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन सांस्कृतिक भवन इन्द्रा मार्केट मे रखा था। छग आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका जिला अध्यक्ष ने बताया कि टी. एच. आर. वितरण के विभागीय वर्तमान व्यवस्था के अनुसार नया वर्जन के अनुसार किया जाना है। जिसमें हितग्राही का आधार, मोबाईल में ओटीपी लेना है। ओटीपी लोड करने के बाद ही टीएचआर प्रदान किया जाना है इसमें कई व्यवहारिक समस्या आ रही है इस ओर हमने शासन को ध्यानाकर्षण संघ के माध्यम से इसका निराकरण शासन प्रशासन को आग्रह 1100 सौ आंगनबाड़ी के कर्मचारी 2200 लोगों ने मांग की। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं की मांगे

बिन्दु इस प्रकार-1.उक्त व्यवस्था के अनुसार हर माह एक ही आदमी टीएचआर लेने आ सकता है। घर का दुसरा सदस्य कोई सदस्य नहीं आ सकता है। 2.कई हितग्राही ओटीपी बनाने से मना करते है इससे हितग्राही कम होते।3. कुछ ऐसे भी हितग्राही है जिनके पास या तो मोबाईल नहीं होता या फिर उनके घर में एक ही मोबाईल होता है । जिसे उनके पति या बच्चे ले जाते है. ऐसी स्थिति में टीएचआर वितरण प्रभावित हो रहा है।4. कई स्थानों से सर्वर नेट समस्या रहती है मोबाईल ठीक से नही चलता जिसके कारण भी टीएचआर वितरण प्रभावित हो रहा है।5. कार्यकर्ताओं को जो मोबाईल प्रदान किया गया है। उसमे यह कार्य संभव नहीं हो पा रहा है इसके लिये कम से 5 जीबी की मोबाइल की आवश्यकता होगी।

6.हमारे बस्तर संभाग में कई जिले ऐसे हैं जहां कार्यकर्ता की मोबाइल लेकर जाने की भी मनाही है अति संवेदनशील इलाके है जहां यह संभव ही नहीं की फोटो कैप्चर का कार्य (टी एच आर हेतु हर बार सिर्फ एक ही व्यक्ति का कैप्चर और कार्यकर्ता सहायिका के डेली हाजरी और उनका फेस कैप्चर वह भी ऑनलाइन जो लागू किया जाने वाला है। 100त्न ही हमारी यह स्थिति शुरू से ही चल रही बार बार प्रशासन के संज्ञान में हमने में रखा परंतु आज तक हमे हमारे स्थानीय समस्याओं से नहीं आंका गया अपितु हमेशा शहरी क्षेत्रों के समकक्ष रख कर हमारे लिए निर्देश जारी किया जाता है जो कि विचारणीय विषय है।7.हमे हमारे क्षेत्रानुसार देखा जाए तथा कडे नियमों (कैप्चर गिनती अनुसार मानदेय) को बस्तर संभाग के लिए शिथिल किया जाए क्योंकि हमारी बहने प्रतिदिन अपने क्षेत्र अनुसार अन्य कई समस्याओं का सामना करती है शहरी क्षेत्रों में नहीं है8.पोषण ट्रेकर पर एफआरएस फोटो कैपचर से पोषाहार वितरण में भी कई परेशानी आ रही है मैदानी क्षेत्र में यह संभव नहीं है इस दिय इसका वितरण कार्य पूर्व की भांति आफ लाईन कराई जावे।9.मोबाईल रिचार्ज प्रति माह 500/- स्वीकृत किया जावे।इसी तरह से कई व्यवहारिक समस्यायें फिल्ड में आर रही है. इन समस्याओं के कारण यदि टीएचआर पौषण ट्रैकर का वितरण सही समय और सही मात्रा में नहीं हो पाने के कारण आन लाईन मानदेय कटौती की बात संघ के संज्ञान में आ रही है। हम अल्प मानसेवी है और उस से घर परिवार चलाते है उसमे भी आये दिन छोटी छोटी बात में मानदेय काटा जाना न्याय संगत नहीं है।इस संबंध में संघ का यह सुझाव है कि टीएचआर वितरण का कार्य किसी अन्य संस्था/एजेंसी अथवा जहां से सामान उठाया जाता है उसके माध्यम से हमारी सहयोग से किया जाना उचित प्रतित होता है।व्यवहारिक समस्या का शीघ्र निराकरण शासन प्रशासन से कराने की कृपा करेगे ताकि हम बिना मानदेय कटौती और अन्य किसी कार्यवाही के भय से मुक्त होकर विभागीय कार्यों का सम्पादन और अच्छे से कर सके। वही केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी महिला एवं बाल विकास विभाग भारत सरकार वा लक्ष्मी रजवाड़े मंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन को कलेक्टर के माध्यम से सौंपा ज्ञापन।

# पीएम सूर्यघर योजना:300 यूनिट तक नि:शुल्क बिजली लाभार्थी के बैंक खाते में जमा की जाएगी सब्सिडी



**रायगढ़, 11 मार्च।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्ष 2024 में देश भर में लागू की गई प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से लोगों को भारी-भरकम बिजली बिल से राहत मिल रही है। यह योजना लोगों के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है। जिसकी बानगी जिले के ग्राम-कोड़ातराई में भी देखने को मिला है।

ग्राम-कोड़ातराई के श्री जयनारायण चौधरी बताते हैं कि वे बिजली बिल से काफी परेशान थे। हर माह 2 हजार से 2500 रुपये बिजली बिल आता था। तभी उन्हें प्रधानमंत्री सूर्य घर बिजली योजना की जानकारी विद्युत विभाग द्वारा प्राप्त हुई तथा योजना का लाभ लेने आवेदन दिया और एक माह में ही उनका सौर पैनल लग गया। उन्होंने तीन किलोवाट का पैनल लगवाया है। जिसकी लागत 1 लाख 90 हजार रूपये आयी। जिसमें 78 हजार रुपये उनके बैंक खाते में सब्सिडी भी प्राप्त हुई है। इसी तरह कोड़ातराई के ही श्री राजेश कुमार चौधरी ने बताया कि वे भी प्रतिमाह के भारी-भरकम बिजली बिल से परेशान थे। इसी बीच उन्हें डाकघर के माध्यम से योजना की जानकारी मिली। इस बारे में और अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए उन्होंने विद्युत विभाग के कार्यालय में जाकर संपर्क किया। उन्होंने इसके लिए आवेदन किया और लगभग एक से डेढ़ सप्ताह के प्रोसेस पश्चात तीन किलोवाट का पैनल लग गया। प्रतिमाह लगभग 300 से 350 यूनिट का उत्पादन हो रहा है। उन्होंने बताया कि सोलर प्लांट लगने से बिजली बिल में काफी कमी आई है। दोनों आवेदकों ने योजना की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना का उद्देश्य देश के नागरिकों को सस्ती और स्थायी ऊर्जा मुहैय्या कराना है। प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना बीते 29 फरवरी 2024 को देशभर में लागू की गयी है। यह योजना सभी घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को अपने घर की छत पर सोलर प्लेट लगाकर विद्युत उत्पादन करने की छुट देती है। इसमें उपभोक्ता अपने आवश्यकता अनुसार 1 किलो, 2 किलो एवं 3 किलो वॉट तक का सौर सयंत्र लगा सकता है। इसमें सभी घरेलू विद्युत उपभोक्ता इस योजना के पात्र है।

### जिले के अनुसूचित एवं माड़ा क्षेत्रों में चना का वितरण शुरू

**रायगढ़, 11 मार्च।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिले के अनुसूचित एवं माड़ा क्षेत्रों (विकास खण्ड खरसिया, धरमजयगढ़, तमनार, लैलूंगा, घरघोड़ा एवं विकास खण्ड रायगढ़ के माड़ा क्षेत्र) हेतु शासन द्वारा माह नवम्बर एवं दिसम्बर 2024 के बैकलॉग चना का भण्डारण नागरिक आपूर्ति निगम के माध्यम से शासकीय उचित मूल्य दुकानों में भण्डारित किया जा चुका है। सभी पात्र हितग्राहियों को प्रति राशनकार्ड प्रति माह 02 किलोग्राम के मान से एक साथ वितरित किया जा रहा है। इसी प्रकार माह जनवरी एवं फरवरी 2025 के चना का भण्डारण एक सप्ताह में पूर्ण कर लिया जाएगा, जिसके पश्चात सभी पात्र हितग्राहियों को माह जनवरी एवं फरवरी 2025 के बैकलॉग चना का वितरण प्रति राशनकार्ड प्रति माह 02 किलोग्राम के मान से माह मार्च 2025 के खाद्यान्न के साथ वितरित किया किया जाएगा। ऐसे बीपीएल हितग्राही जो जिले के अनुसूचित क्षेत्र एवं माड़ा क्षेत्रों के हितग्राही हैं ।

# बाल विवाह रोकना हम सब की जिम्मेदारी:एडीएम



**रायगढ़, 11 मार्च।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े ने बाल विवाह रोकने के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समाज एवं एनजीओ प्रमुखों की बैठक कलेक्टोरेट सभा कक्ष में ली।

एडीएम सुश्री संतन देवी जांगड़े ने कहा कि 21 वर्ष से कम उम्र के लड़का एवं 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की का विवाह कराया जाता है तो यह बाल विवाह की श्रेणी में आता है। अधिकांश समाजों में यह प्रचलित है, जो सामाजिक अभिशाप है। उन्होंने बाल विवाह के पश्चात बच्चों के जीवन में होने वाले दुष्परिणाम की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बाल विवाह रोकना एवं खत्म करना हम सब की जिम्मेदारी है। जो सामूहिक प्रयास एवं जागरूकता से संभव हो पाएगा। उन्होंने सभी समाज प्रमुख एवं एनजीओ से जिले में बाल विवाह रोकने हेतु लोगों को जागरूक करने की दिशा में पहल करने को कहा।

इस दौरान डीपीओ एल.आर.कच्छप ने बाल विवाह के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कई समाज में रीति-रिवाज के कारण कम उम्र में शादी कर दी जाती है। जिससे बच्चों का बचपन के साथ ही शिक्षा से वंचित होना, मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य पर बुरा असर, गर्भ के दौरान जच्चा बच्चा की मृत्यु की संभावना, कुपोषित शिशु होना जैसी विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि बाल विवाह को रोकने के लिए वर्तमान में बाल प्रतिषेध अधिकारी का दायरा बढ़ते हुए बाल विकास परियोजना अधिकारी, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर तथा ग्राम पंचायत सचिव को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा बाल विवाह करवाने एवं सहयोग करने वालों पर सजा का भी प्रावधान है। जिसके तहत बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार 2 वर्ष का कारावास या एक लाख रुपए का जुर्माना अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के संबंध में भी जानकारी दी। डीपीओ श्री कच्छप ने बताया कि जिला अधिकारी, बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, चाइल्ड हेल्पलाइन (1098), पुलिस, महिला हेल्पलाइन (181) में बाल विवाह होने की सूचना दी जा सकती है, जिस पर विभाग समन्वय कर कार्यवाही की जाती है।

### एडीएम ने बाल विवाह रोकने दिलाई शपथ

एडीएम सुश्री जांगड़े ने उपस्थित समाज प्रमुख, एनजीओ एवं अधिकारियों को बाल विवाह रोकने एवं सामाजिक बुराई को दूर करने शपथ दिलाई। सभी लोगों ने शपथ ली कि बाल विवाह सामाजिक बुराई एवं कानून का उल्लंघन है। जिससे बालिकाओं के शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं विकास में बाधक है। बाल विवाह रोकने हरसंभव प्रयास किया जाएगा। आस-पड़ोस एवं समाज में बाल विवाह नहीं होने देने तथा होने की स्थिति में इसकी सूचना सरकार को देने। बच्चों के शिक्षा और सुरक्षा के लिए आवाज बुलंद करते हुए बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण की शपथ ली।

### बाल विवाह करवाने वालों पर हो सकती है कानूनी कार्रवाई

डीपीओ श्री कच्छप ने कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह करने वाले वर एवं वधू के माता-पिता, सगे संबंधी, बाराती यहां तक की विवाह करने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। इसके अतिरिक्त यदि वर या वधू बाल विवाह पश्चात विवाह को स्वीकार नहीं करते हैं तो बालिक होने के पश्चात विवाह को शून्य घोषित करने हेतु आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बाल विवाह प्रथा के उन्मूलन के लिए जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रतिनिधि, सामाजिक संगठन सहित आम जनों से सहयोग की अपील की है।

# अब सभी जगह महिलाओं की नेतृत्वकारी भूमिका की छाप नजर आ रही है:बसंती

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर,11 मार्च ।** 8 मार्च 2025 को जन शिक्षण संस्थान बीजापुर में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। जन शिक्षण संस्थान कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सम्प्रेषित संस्था है। जिसका संचालन आईसेक्ट संस्थान भोपाल द्वारा किया जा रहा। उक्त संस्थान में नव साक्षर कम पढ़े लिखे ड्राप आऊट 15 से 40 वर्ष आयु समूह के बेरोजगार महिला-पुरूषों को विभिन्न प्रकार को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान कर उनको स्व रोजगार व रोजगार के अवसर प्रदान कराना है। इसी क्रम में जन शिक्षण संस्थान में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर श्रीमती गीता सोम पुजारी जी,नगर पालिका अध्यक्ष बीजापुर)मुख्य अतिथि रूप उपस्थित थी, इसके अलावा डॉ.विकास बीएमओ, श्रीमती ममता कुलदीप ,मेट्रन जिला हॉस्पिटल बीजापुर, श्रीमती बसन्ती लिंगम, श्रीमती सुगंती पार्षद गण तथा मेहर अंगेज अली,अभिलाषा चौहान उपस्थित थी।इसके बाद जन शिक्षण संस्थान के निदेशक श्री अभिषेक अवस्थी के द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही सभी महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए शुभकामनाएं दी। तदुपरान्त श्रीमती गीता सोम पुजारी के द्वारा महिलाओ के संघर्ष व इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्तमान में महिलाओं की दशा व संघर्ष तथा विभिन्न संस्थानों में अपनी योग्यता के बल पर अपनी उपस्थिति दे रही है और समाज में विभिन्न वर्गो व पदों का नेतृत्व कर कर रही है। श्रीमती ममता कुलदीप ने महिला स्वास्थ्य व् अधिकार से संबंधित योजनाओं व् उसके प्रावधान के बारे में बताया साथ ही आपातकालीन डायल नंबर की जानकारी दी और हमेशा जागरूक व सतर्क रहने के लिए कहा। इसके अलावा श्रीमती बसन्ती लिंगम ने महिलाओ के योगदान व कार्यो से समाज के सशक्तिकरण पर बल देते हुए कहा कि समाज अब नई दिशा में आगे बढ़ रहा है सभी जगहो में महिलाओं ने अपनी नेतृत्वकारी भूमिका की छाप नजर आ रही है। मेहर अंगेज अली ने कहा कि महिलाए आज सभी क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रही है ,जिससे समाज और राष्ट्र के नेतृत्व को मजबूत बना रहा है और सभी को शुभकामनाएं दी

**गायत्री श्रीराम नें सभी उपस्थित मातृ शक्ति को नमन करते हुए अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनायें दी।**

कार्यक्रम का संचालन अभिलाषा चौहान ने किया, इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रवि कुमार (प्रोग्राम आफिसर), मोहन सिंह चौहान (सहायक प्रोग्राम आफिसर), कुम्मर नागेश, नागेश दुर्गम, रुकसाना बेगम, गायत्री श्रीराम (रिसोर्स परसन) व समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

### दिव्यांग बच्चों के लिए विकासखंड स्तरीय आकलन एवं परीक्षण शिविर आयोजित

**रायगढ़, 11 मार्च।** विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों का विकासखंड स्तरीय आकलन एवं परीक्षण शिविर का आयोजन स्थानीय जिला अस्पताल में आयोजित किया गया। रायगढ़ जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.के.वी.राव एवं जिला मिशन समन्वयक श्री नरेन्द्र चौधरी के निर्देशन तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री जी.आर.जटवार के मार्गदर्शन में इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर बच्चों के लिए उपचार अथवा सामग्री रेफर की गई।विकासखंड स्तरीय इस शिविर में जिले के स्पेशलिस्ट डॉक्टर आर.एन.मंडा, डॉक्टर सिद्धार्थ सिंह, डॉक्टर मीना पटेल, डॉक्टर अर्जुन कुमार बेहेरा, डॉक्टर नवीन अग्रवाल आदि की टीम ने बच्चों के स्वास्थ्य जांच की।

# महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में नवाचार



**बीजापुर,11 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत जिले में कुल 2558 स्व सहायता समूह का निर्माण कर 26 हजार से अधिक परिवारों को जोड़ा गया है। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में लखपति दीदी पहल के अंतर्गत तीन दिवसीय बीजापुर उद्यमी विकास मेला का नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जानकी कोरसा एवं सभी सदस्यों की उपस्थिति में शुभारंभ किया गया। 10 मार्च से 12 मार्च तक आयोजित इस मेले में प्रत्येक दिन जनपद पंचायत वार समूह की महिलाएं शामिल होकर आजीविका संवर्धन के लिए विभिन्न विभागों में चल रही शासन की योजनाओं की जानकारी लेने के साथ ही बैंक ऋण की प्रक्रिया से अवगत होकर उद्यमी बनने की की ओर अग्रसर होंगी।जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जानकी कोरसा ने दीप-प्रज्वलन कर मेले का शुभारंभ किया। समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ लेकर महिलाओं को आजीविका संवर्धन के लिए प्रशासन ने मेले का आयोजन सराहनीय प्रयास है। सभी महिलाओं को शासन की योजनाओं की भलिभाति जानकारी होना आवश्यक है ताकि अपने रूचि के हिसाब से व्यापार-व्यवसाय का संचालन करर आर्थिक समृद्धि की ओर अग्रसर हो सके।कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि जितनी भी स्व सहायता समूह की महिलाएं उद्यमी मेले में आ रही हैं। विभाग के अधिकारी से संपर्क कर योजनाओं का फायदा लेते हुए लखपति दीदी बनने की ओर आगे कदम बढ़ाए।केन्द्र और राज्य शासन के अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं है जिसका लाभ लेकर विभागीय अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में अपनी उद्यमिता क्षमता का विकास करते हुए आर्थिक सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भर बने।जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने कहा कि आजीविका मूलक गतिविधियों के लिए विभागों में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इंट्रीगेट फार्मिंग, लेयर फार्मिंग जैसी नई-नई तकनीकी कृषि का उपयोग कर किसान लाखों की कमाई भी कर रहे हैं। विभागों के के अधिकारी एवं मास्टर टेनर्स आपलोंगों को उनकी जानकारी देंगे इस मेले में प्रथम दिवस भोपालपटनम से आए समूह की महिलाएं शामिल हुई। कृषि विभाग, पशुपालन विकास विभाग, परियोजना लाईवलीवुड कालेज, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य पालन विभाग के अलावा विभिन्न विभाग शामिल होकर विभागीय योजनाओं की जानकारी राउण्ड टेबल के माध्यम से महिलाओं को दे रहे हैं। इस नवाचार से समूह की महिलाओं में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है जिला प्रशासन के इस नवाचार से महिलाएं आर्थिक गतिविधियों के लिए उत्साहित है।

# नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष सहित सदस्यों का प्रथम सम्मिलन संपन्न



**बीजापुर,11 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष , उपाध्यक्ष सहित सभी सदस्यों का प्रथम सम्मिलन जिला पंचायत में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जानकी कोरसा उपाध्यक्ष श्री पेरे पुल्लैया सहित सभी सदस्यों को पुष्प गुच्छ भेंटकर अभिनंदन कर शुभकामनाएं दी। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती जानकी कोरसा ने सभी सदस्यों को बधाई देते हुए क्षेत्र के विकास के लिए मिलजुल कर कार्य करने को कहा।जिला सीईओ श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने सभी सदस्यों को शुभकामनाएं देने के साथ ही कहा कि जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र की समस्याओं से भली-भांति वाकिफ होते है। इसलिए जिले अंदरूनी ग्राम पंचायतों में पेयजल, स्वास्थ, शिक्षा और कुपोषण की समस्याओं को प्रमुखता के साथ अवगत कराने को कहा ताकि उन समस्याओं का निराकरण कर सके ।इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित सभी सदस्य क्रमशः श्रीमती कविता कोरम,श्रीमती प्रीति आरकी, श्री लच्छुराम मोडियामी,श्रीमती सामंती कोरसा,श्री सतेश कुमार एंण्ड्रीक, श्रीमती नीना रावतिया उद्दे,श्री माथियस कुजूर,श्री शंकरैया मड़वी शामिल हुए।संयुक्त कलेक्टर श्री जागेश्वर कौशल ने सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में उपसंचालक पंचायत श्री हिमांशु साहू ने आभार व्यक्त किया।

# एनीमिया गहन स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन शासकीय आयुष औषधालय चेरपल्ली में



**बीजापुर,11 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आयुष संचालनालय रायपुर के दिशा-निर्देश एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. राकेश ठाकुर के मार्गदर्शन में आयुष ग्राम शासकीय आयुर्वेद औषघालय चेरपल्ली में ग्राम पंचायत भवन के पास आयुष ग्राम चेरपल्ली में 06 मार्च 2025 से 07 मार्च 2025 तक एनिमिया गहन स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 08 मार्च 2025 को सुपोषण 0 से 06 वर्ष तक बच्चों, किशोरी बालिका, नवजात शिशु, माता, गर्भवती माता का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। एनिमिया स्क्रिनिंग में 240 लोगों को हिमोग्लोबिन, जांच किया गया। सुपोषण शिविर में 50 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आयुष चिकित्सा उपचार योग, प्राणायाम, पोषण आहार एवं आयुर्वेद जड़ी-बुटी के विषय में वितरण एवं मार्गदर्शन दिया गया। शिविर प्रभाारी डॉ. विष्णु प्रसाद साव, डॉ. राम चरण पटेल, डॉ. लक्ष्मी नारायण पटेल, डॉ. प्रदित किशोर साहू, रामप्रसाद, राजाराम जोशी, योग प्रशिक्षक, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी, सुपरवाईजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मितानिन का सराहनीय योगदान रहा। शिविर का शुभारंभ सरपंच श्रीमती स्वर्णा वासम, के द्वारा धनवन्तरी भगवान का पूजा-अर्चना कर किया गया। ग्राम पंचायत के सभी वार्ड पंच, ग्रामीण, महिला स्व सहायता समूह, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। साथ ही 11 मार्च 2025 का एनसीडी कार्यक्रम में 30 वर्ष से 60 वर्ष तक महिला एवं पुरूष का रक्तचाप जांच, मधुमेह जांच, कैंसर, वातरोग को जांच किया जाएगा।

### पीएम इंटर्नशिप स्कीम 2.0 के पंजीयन के लिए 12 मार्च को कैम्प

**रायगढ़, 11 मार्च।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, पुसौर में पीएम इंटर्नशिप स्कीम 2.0 के पंजीयन/आवेदन पत्र जमा करने हेतु संस्था परिसर में 11 एवं 12 मार्च 2025 को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक कैम्प आयोजित किया जाएगा। अभ्यर्थी कैम्प में उपस्थित होकर निःशुल्क पंजीयन/आवेदन कर सकते है। योजना में 10 वीं, 12 वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थी जो नियमित उच्च शिक्षा में पंजीकृत न हो, किसी नियमित जॉब, नियोजन में न हो आवेदक के परिवार का कोई सदस्य सरकारी नौकरी में न हो, परिवार के किसी सदस्य का वार्षिक आय 8 लाख रूपये से अधिक न हो तथा आवेदक की उम्र 21 से 24 के मध्य हो वो इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर सकते है।

## बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस प्रशासन की अपील

# शांति, अनुशासन और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाएं होली का त्यौहार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 11 मार्च।** बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस प्रशासन ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि होली के पर्व को शांति, सौहार्द और विधिसम्मत रूप से मनाएं। किसी भी प्रकार की अशांति, असामाजिक गतिविधि या कानून का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया है, और पुलिस प्रशासन सतर्कता के साथ निगरानी कर रहा है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील सार्वजनिक शांति और सामाजिक सौहार्द बनाए रखें। अभद्र भाषा, मारपीट, उपद्रव या हुड़दंग से बचें। उल्लंघन पर दंडात्मक कार्रवाई होगी। धार्मिक और सामाजिक भावनाओं का सम्मान करें, किसी भी व्यक्ति या समुदाय की भावनाओं को ठेस न पहुंचाएं। रंगों का संयमित और सुरक्षित उपयोग स्वास्थ्य-सुरक्षित एवं प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें। रासायनिक रंग, ग्रीस, इंजन ऑयल या अन्य हानिकारक पदार्थों के उपयोग से बचें। बिना सहमति किसी पर रंग, पानी या गुब्बारे न फेकें। विशेष रूप से पानी से भरे गुब्बारों का प्रयोग न करें।

महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करें। छेड़छाड़, अश्लील हरकत या जबरन रंग लगाने जैसी घटनाओं में संलिप्त पाए जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई होगी। सार्वजनिक स्थलों पर सतर्क रहें और महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें।

यातायात नियमों का पालन करें। नशे की हालत में वाहन न चलाएं ङ्क उल्लंघन पर वाहन जब्त कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। तेज गति, स्टंट ड्राइविंग, ट्रिपल राइडिंग और बिना हेलमेट वाहन चलाने पर दंडित किया जाएगा। सड़क पर पानी, ग्रीस, रंग या अन्य फिसलन भरे पदार्थ डालना दंडनीय अपराध है।

ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करें। सार्वजनिक स्थलों पर तेज आवाज में डीजे और स्पीकर के उपयोग पर प्रतिबंध है। वाहनों में तेज संगीत बजाना एवं मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग वर्जित है। शांतिपूर्ण वातावरण में मर्यादित ढंग से पर्व का आनंद लें।

होलिका दहन में सतर्कता बरतें। होलिका दहन केवल निर्धारित और सुरक्षित स्थान पर करें। विद्युत खंभों, गैस पाइपलाइन, तारों एवं वाहनों के निकट आग जलाने से बचें। बच्चों को आग के पास जाने से रोकें और उचित सावधानी बरतें।

संदिग्ध गतिविधियों की सूचना दें। किसी भी अवैध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। शराब या नशीले पदार्थों का सेवन कर उपद्रव करने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। सार्वजनिक या निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

माता-पिता एवं अभिभावकों से अपील बच्चों और युवाओं की गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखें। अनावश्यक रूप से देर रात तक घर से बाहर न रहें। खतरनाक स्टंट और असुरक्षित गतिविधियों से बचें।

पुलिस प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों को सहयोग दें। कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन की सहायता करें। जिले में पुलिस गश्त और सीसीटीवी निगरानी को बढ़ाया गया है।

बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस प्रशासन की कड़ी चेतावनी। अनुशासनहीनता, हुड़दंग, छेड़छाड़ या सार्वजनिक शांति भंग करने की किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई होगी। शांति, सौहार्द और कानून के दायरे में रहकर होली मनाएं ङ्क पुलिस प्रशासन सभी नागरिकों के सहयोग की अपेक्षा करता है।

---

**समाचार संक्षेप**

## बिहान समूह की महिलाएं होली के लिए बना रही हर्बल गुलाल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 11 मार्च।** रंगो का त्यौहार होली इस बार बालोद जिले में रसायन मुक्त होकर हर्बल रंगो से सराबोर होने वाला है। यह सब मुमकिन हुआ है जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बिहान से जुड़ी महिलाओं के बुलंद हौसलों से जिन्होंने जिले में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देते हुए हर्बल गुलाल बनाने का निर्णय लिया है। यूं तो रंगो के इस त्यौहार में हर कहीं रंग ही रंग नजर आते हैं, लेकिन बाजार में बिकने वाले इन रंगो में कई प्रकार के रासायनिक तत्व मिले होते हैं, जिनके उपयोग से त्वचा में कहीं न कहीं नुकसान होता है। ऐसी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए जिले में बिहान की महिलाओं ने सभी विकासखण्डों के कुल 20 कलस्टर की 172 महिलाओं द्वारा हर्बल गुलाल बेहतर ढंग से तैयार किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में जिले की महिलाओं को विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधियों से जोड़कर निरंतर ही आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत विभिन्न तीज त्यौहारों के अवसर पर मांग अनुरूप सामग्री तैयार कर, उसके पैकेजिंग और मार्केटिंग हेतु सभी आवश्यक मदद की जाती है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि वर्तमान में होली के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए बिहान की महिलाओं द्वारा हर्बल गुलाल बनाया जा रहा है। जिसमें प्रमुख रूप से पलाश, चुकंदर, सिंदुर बीज, पालक, कच्ची हल्दी का उपयोग कर विभिन्न रंगों का हर्बल गुलाल बनाया जा रहा है। जिले में अब तक लगभग 50 क्विंटल से अधिक हर्बल गुलाल तैयार कर लिया गया है। जिसमें से अब तक 26 क्विंटल हर्बल गुलाल का विक्रय स्थानीय बाजार एवं अन्य जिले में मांग अनुरूप विक्रय किया गया है।

हर्बल गुलाल का उत्पादन कर रही वृंदावन महिला संकुल संगठन जमरूवा की पीआरपी ओमलता देशमुख ने बताया कि उनके संगठन की महिलाओं ने विगत वर्ष भी हर्बल गुलाल का उत्पादन किया था, इस वर्ष वे पहले से अधिक मात्रा में हर्बल गुलाल का उत्पादन कर रही हैं, इस गुलाल का बाजार में मॉग अधिक है, क्यों कि इसके उपयोग से शरीर की त्वचा को किसी प्रकार का नुकसान नहीं होता है, यह गुलाल पूरी तरह से प्राकृतिक उत्पादों को मिलाकर बनाया गया है, किसी प्रकार का रासायनिक तत्व उपयोग में नहीं लाया गया है।

---

**एक नजर**

### चिरायु योजना से जन्मजात हृदय रोग, कटे-फटे होंठ-तालु व कार्नियल ट्रांसप्लांट के मरीजों को मिली नई जिंदगी



**भाटापारा, 11 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सिविल अस्पताल भाटापारा खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेंद्र माहेश्वरी के मार्गदर्शन में भाटापारा चिरायु टीम क्क के द्वारा स्कूल एवं आंगनबाड़ी में अध्ययनरत बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण के पश्चात सर्जरी योग्य बच्चों का नि: शुल्क, सर्जरी कराया गया जिसमें जन्मजात ह्रदय रोग के 7 बच्चे, कटे-फ्टे होंठ एवं तालु के 3 बच्चे, कार्नियल ट्रांसपलांट 1 बच्चे, जन्मजात मोतियाबिंद के 2 बच्चे, राईनो सोरियसिस के 1 बच्चे, काकलियर ट्रांसप्लांट के 1 बच्चे इत्यादि बच्चों का सफ्लतापूर्वक सर्जरी कराया गया। चिरायु टीम क्क भाटापारा से टीम लीडर डॉ. सेवक राम साहू, डॉ.शारा राम, बिंदु चौहान, वंदना वर्मा, एवं अंजू साहू के द्वारा कार्यक्रम को सफ्ल बनाने में अभूतपूर्व योगदान दिया।

### राजपूत क्षत्रिय समाज के सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित



**भाटापारा, 11 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राजपूत क्षत्रिय रहटादह 1282 उपसमिति भाटापारा के पटपर स्थित सामाजिक भवन मे कोरबा उपसमिति से परवेक्षक बन कर आये नारायण सिंह, लोमन सिंह, सुशील सिंह ने त्रिवार्षिक निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान नामांकन लेते हुए, सौहार्दपूर्ण वातावरण मे सभी 17 पदों पर चुनाव सम्पन्न कराया.. जिसमे संजय ठाकुर अध्यक्ष, संतोष सिंह उपाध्यक्ष, राजेश सिंह सचिव, संतोष विश्वनाथ सिंह कोषाध्यक्ष, अजय सिंह उपसचिव, मनोज रामकृपाल सिंह केंद्रीय निर्णायक सदस्य, मनोज गुलजार सिंह केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य, विनय सिंह, तोरण सिंह, लोचन सिंह, राघवेन्द्र सिंह, दामोदर सिंह, सत्यनारायण सिंह को कार्यकारिणी सदस्य, बंसती सिंह महिला अध्यक्ष, सुषमा देवी महिला सचिव, उमेश सिंह युवा अध्यक्ष, कुलदीप सिंह युवा सचिव..समाज ने चुनाव मे एकजुटता का परिचय देकर सभी को निर्विरोध जिताया। उक्त चुनावी प्रक्रिया के दौरान भोला ठाकुर, रामानुज ठाकुर, कल्याण ठाकुर, शेखर ठाकुर, सहित अन्य सामाजिकजन उपस्थित रहे जिन्होंने ने चुनाव के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनायें प्रेषित की।

### गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष ने किया गौशाला का निरीक्षण

**भाटापारा, 11 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेसर पटेल ने रविवार को जिले में प्रवास के दौरान विकासखण्ड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पौंसरी में संचालित ख़ुशी गौशाला क़ा आकस्मिक निरीक्षण किया। पटेल ने गौशाला समिति की आवश्यक बैठक लेकर निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 15 मई को 10 विभिन्न ग्रामों से 10-10 किसानो का चयन कर उक्त किसानो को गौ-आधारित जैविक कृषि संबंधित प्रशिक्षण आयोजन किया जाए एवं किसानो को गौ-पालन के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। गौधाम स्थापना से संबंधित विषयो पर कलेक्टर दीपक सोनी एवं उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएँ डॉ नरेन्द्र सिंह से विस्तृत चर्चा की। उन्होने प्रत्येक विकासखंड में नेशनल हाईवे तथा स्टेट हाईवे से लगे हुए 10-10 ग्रामों का चिन्हांकन करने निर्देशित किया ताकि आगामी दिनों में गौधाम की स्थापना कर निराश्रित एवं बेसहारा घुमंतू पशुओं का समुचित रख-रखाव हो सके एवं सड़क दुर्घटना तथा आकस्मिक जान-माल की हानि होने से रोका जा सके।

---

## नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने सफाई व्यवस्था का जायजा लिया

# समय को लेकर पाबंद रहें सफाई कर्मी : शर्मा

- ■ अलसुबह फील्ड में उतरे नगर पालिका अध्यक्ष, नगर में स्वच्छता पर जोर
- ■ दो सफाईकर्मियों को हटाया तत्काल दूसरों की नियुक्ति



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 11 मार्च।** भाटापारा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा सोमवार अलसुबह ही फील्ड में उतर गए और शहर की स्वच्छता का जायजा लिया। इस दरम्यान समय पर अपने निर्धारित स्थल पर मौजूद नहीं रहने वाले दो सफाईकर्मी को तत्काल प्रभाव से हटाते हुए उनके स्थान पर अन्य को जिम्मेदारी सौंपी गई। नपा अध्यक्ष ने सुबह 7 बजे से सफाईकर्मियों की बैठक भी आहूत की और स्पष्ट निर्देश दिया कि सफाईकर्मी समय के पाबंद बनें। उन्होंने नगर की स्वच्छता पर जोर देते हुए काम में कोताही करने वालों पर कार्रवाई की बात कही।

गौरतलब है पर नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण के पश्चात अश्वनी शर्मा की नियमित सक्रियता देखी जा रही है। नगर को स्वच्छ, सुंदर बनाने के विजन को काम कर रहे शर्मा सोमवार 10 मार्च की अलसुबह ही शहर के अनेक इलाकों में स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लेने निकले। शहर भ्रमण के बाद सुबह 7 बजे नगर पालिका परिषद कार्यालय के सामने सफाईकर्मियों के साथ बैठक की। नपा अध्यक्ष शर्मा ने सीधे निर्देश देने के बजाय पहले सफाईकर्मियों से उनकी समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान सफाईकर्मियों ने बताया कि शहर में कुछ लोग व्यक्तिगत कार्य करने के लिए बाध्य करते हैं तो कई क्षेत्रों में लोगों द्वारा नालियों में भी अतिक्रमण जैसी वजहों से समुचित सफाई कार्य में दिक्कतों का सामना उन्हें करना पड़ता है। इस पर नपा अध्यक्ष ने किसी भी तरह से व्यक्तिगत कार्य नहीं करने और क्षेत्र में उनके कार्य को बाधित करने वाले व्यक्ति के संबंध में सीधे सूचित करने को कहा। दूसरी ओर समय पर अपने क्षेत्रों में सफाई के लिए नहीं पहुंचने वाले सफाईकर्मियों पर नाराज़गी जताते हुए नगर पालिका अध्यक्ष शर्मा ने नगर निगम परिषद के अंतर्गत कार्य करने वाले सफाईकर्मियों समेत सभी को समय का पाबंद बनने के लिए कहा।

### संत रविदास वार्ड में पहुंचकर जनता से की चर्चा

भाटापारा नगर पालिका के संत रविदास वार्ड में राज्य गठन के बाद पहली बार भाजपा जीतकर आयी है। अब तक इस वार्ड से कांग्रेस ही जीत दर्ज करती रही है। नगर पालिका में कांग्रेस समर्थित सरकार होने के बाद भी संत रविदास वार्ड में वर्षों से सफाई व्यवस्था बदहाल है। यहां चारों ओर गंदगी का आलम रहा है और कचरे का अंबार है। नालियां बजबजा रही हैं, लेकिन न जनप्रतिनिधियों ने ध्यान दिया न नगर पालिका परिषद के अधिकारियों का ध्यान रहा। ऐसे में नगर पालिका अध्यक्ष शर्मा ने संत रविदास वार्ड पहुंचकर पहले पूरे वार्ड का भ्रमण किया, फिर वार्डवासियों से उनकी समस्याओं और अपेक्षाओं पर चर्चा की। नपा अध्यक्ष शर्मा ने जल्द संत रविदास वार्ड में स्वच्छता व्यवस्था बहाल करने के साथ ही वार्डवासियों के सहयोग से वार्ड का कायाकल्प का वायदा किया।

### मोती गार्डन में नहीं मिले सफाईकर्मी, हटाया

नगर की स्वच्छता व्यवस्था को देखने निकले नपा अध्यक्ष सुबह नगर पालिका परिषद कार्यालय के सामने स्थित मोती गार्डन भी पहुंचे। मोती गार्डन में नियमित रूप से सफाई के लिए दो सफाईकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। नपा अध्यक्ष शर्मा द्वारा निरीक्षण के दौरान दोनों सफाईकर्मी नदारत मिले, जिस पर नाराज़गी जताते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ने सीएमओ को दोनों सफाईकर्मी को तत्काल हटाने और उनकी जगह अन्य को नियुक्त करने निर्देशित किया।

---

## होली पर्व के लिए सिमगा थाना में हुई शांति समिति की बैठक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 11 मार्च।** सिमगा के नगर पालिका बने के बाद पहला बड़ा त्यौहार होली आया हैं सात ही रमजान भी चल रहा हैं होली के ही दिन जुमा भी पढ़ रहा हैं तो इसके चलते सिमगा की थाना प्रभारी टी आई योगिता ने 10 मार्च को सिमगा थाना में शांति समिति की बैठक रखी गई इस बैठक में एसडीएम सर तहसील दार सर नगर के प्रमुख व्यक्ति, होली के लिये रंग गुलाल बेचने वाले दुकान दार व रमजान मना रहे मुसलमान भाई भी शामिल थे जानकारी लेते हुवे कई बिंदु पर चर्चा हुई। 13 मार्च को रात में 11 बजकर 28 मिनट में होलिका दहन होगी। होलिका दहन के बाद कुछ समय तक ही फाग गया जाय व हुड़दंग ना हो इस लिये पेट्रोलिंग गाड़ी चलते रहेगी। दूसरे दिन 14 मार्च को होली खेली जायेगी।

दुकानदारों को मुखौटा न बेचने की हिदायत दी गई, इस बैठक में नगर पालिका सिमगा के अध्यक्ष व नगर के 15 पारसद भी शामिल थे 3 सवारी गाड़ी न चलाएँ चिट व खराब रंगो का उपयोग न करें जो रियेक्सन करता हो बिना जान पहचान के लोगों को रंग न लगाए शात ही जुमा भी उसी दिन हैं तो बच्चों को समझा के रखे की रंग का उपयोग देख समझ कर करें।

---

## तिल्दा नेवरा नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

# नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षदों ने कहा-साथ मिलकर करेंगे गांव, शहर और क्षेत्र का विकास

- ■ शपथ ग्रहण समारोह में भाजपा के दिग्गज हुए शामिल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 11 मार्च।** नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में तिल्दा नेवरा के एसडीएम आशुतोष देवांगन ने सभी नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को शपथ दिलाई. नगरपालिका परिषद में भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा एवं पार्षदों ने ली शपथ छत्तीशगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा,राजिम के पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ,,अनिल अग्रवाल जिला महामंत्री रायपुर ग्रामीण शामिल हुए.

जनता का जताया आभारः धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि नगर पालिका के नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को पार्टी की नीतियों का पालन करते हुए क्षेत्र के विकास में योगदान देना चाहिए. शपथ ग्रहण समारोह में आए लोगों ने नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. कार्यक्रम के सफ्ल आयोजन के लिए नगर पालिका प्रशासन और भाजपा संगठन की ओर से व्यापक तैयारियां की गई थी.

शपथ ग्रहण में शामिल हुए दिग्गजः कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने इस मौके पर जनता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार जनसेवा और विकास के लिए प्रतिबद्ध है. वर्मा ने कहा कि सरकार की योजनाओं और नीतियों के माध्यम से नगर पालिका के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी. कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने ये भी कहा कि नव-निर्वाचित पार्षदों और अध्यक्ष सब मिलकर प्रदेश की उन्नति के लिए तिल्दा नेवरा में विकास का काम करें। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा ने बायपास स्वीकृति,क्षेत्र में विकास कार्यो की सौगात , के लिए राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा और भाजपा के सुशासन को दिया धन्यवाद। कार्यक्रम के अंत में नगर पालिका द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह ,श्रीफ्ल और शाल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संतोष उपाध्याय पूर्व विधायक राजिम एवं चुनाव प्रभारी तिल्दा-नेवरा, अनिल अग्रवाल जिला महामंत्री रायपुर ग्रामीण, राम पंजवानी (जिला उपाध्यक्ष रायपुर ग्रामीण), नरेन्द्र शर्मा (वरिष्ठ भाजपा नेता)के साथ नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी और आम जनता भारी संख्या में उपस्थित रहे।

### जीत के बाद समर्थकों ने निकाला जुलूस



**तिल्दा-नेवरा, 11 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तिल्दा-नेवरा जनपद पंचायत में भारतीय जनता पार्टी के समर्थक जनपद अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे उपाध्यक्ष दुलारी संतोष वर्मा निर्वाचित हुए जनपद पंचायत तिल्दा में पहली बार भारतीय जनता पार्टी के जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी टिकेश्वर मन्हरे को वी13मत प्राप्त हुए उन्होंने एक मत से शिव शंकर वर्मा को पराजित किया इसी तरह जनपद उपाध्यक्ष पद में दुलारी वर्मा को भी 13 वोट मिले उन्होंने एक एक मत से शिव शंकर वर्मा को ही पराजित किया इस तरह तिल्दा जनपद पंचायत में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराया गया इस जीत की खुशी में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भरी जोश के साथ उत्साह पूर्ण जुलूस निकाला गया भाजपा के नेता अनिल अग्रवाल वेदरामन हरे राजू शर्मा दिनेश अग्रवाल सहित अनेक भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय नेता सक्रिय दिखे और सभी निर्वाचित पदाधिकारी को बधाई है।

---

## अधिग्रहित वाहनों के देयक भुगतान के लिए दस्तावेज जमा 17 मार्च तक

**बलौदाबाजार, 11 मार्च (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 अंतर्गत उपयोग में लाई गई वाहनों के देयक भुगतान हेतु आवश्यक दास्तावेज 17 मार्च 2025 तक संयुक्त जिला कार्यालय के क़क्ष क्रमांक 3 में जमा कराना होगा। नोडल अधिकारी वाहन से प्राप्त जानकारी के अनुसार वाहन के देयक भुगतान हेतु वाहन का लॉग बुक, बैंक खाता, आधार, पैन कार्ड की छायाप्रति जमा कराना होगा। समय सीमा में अवश्यक दास्तावेज जमा नहीं करने पर देयक का भुगतान नहीं किया जाएगा।

---

## अपराधियों के हौसले तोड़ रहे हैं पुलिस के सख्त रवैए, लगातार कार्रवाई कर रहे हैं टीआई

# होली पर हुड़दंग करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : रितेश मिश्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 11 मार्च।** होली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए लगातार पुलिस की कार्यवाही जारी है। रात को पेट्रोलिंग और अनावश्यक रात्रि में घूमने वालों पर कार्यवाही की जा रही है।

दिनांक 9 मार्च 2025 को कसडोल थाने में होली त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए शांति समिति और जनप्रतिनिधियों के साथ, पुलिस की बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें कसडोल के पत्रकार, शांति समिति के सदस्य, विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के जन प्रतिनिधि और नेता शामिल हुए थे।

जिसमें सर्वसम्मति से सभी लोगों ने यह निर्णय लिया कि किसी भी प्रकार की इमारती लकड़ी या चोरी ना करें, मुखौटे व आईल पेंट का उपयोग न किया जाए। होली पर्व के दिन नगर के प्रमुख चौक चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहे ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित ना होने पाए।

होली त्यौहार को शांतिपूर्ण तरीके से जनता मना सके, इसके लिए कसडोल पुलिस ने नियम व कानून तोड़ने वालों पर कार्यवाही की है जिसमें कसडोल थाना क्षेत्र में निवास करने वाले 10 अपराधिक प्रवृत्ति के ऐसे असामाजिक तत्वों के ऊपर एसडीम न्यायालय द्वारा, थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निम्न व्यक्तियों के ऊपर भारी से भारी राशि का बांड ओवर की कार्यवाही किया गया है जिससे क्षेत्र में होली



त्यौहार को, लोगों द्वारा शांति एवं सौहाद्रपूर्वक तरीके से मनाया जा सके।

शत्रुघ्न बरिया पिता मंगलू बरिया उम्र 32 वर्ष निवासी, फुरफुंदी, परदेसी बरिया पिता गंगाराम बरिया उम्र 35 वर्ष निवासी, फुरफुंदी, नागेश्वर ऊर्फ पिंकू जायसवाल पिता स्वर्गीय ईश्वर उम्र 40 वर्ष निवासी इंदिरा कॉलोनी, कसडोल, विक्रांत पिता अशोक जायसवाल उम्र 24 वर्ष कलारपारा कसडोल, रामकुमार साहू पिता सखाराम उम्र 52 निवासी हड़हापारा, कसडोल, राजेश पठारे पिता सीताराम उम्र 40 वर्ष निवासी कोसमसरा, राजकुमार पिता विद्याधर साहू उम्र 40 वर्ष निवासी बलार रोड, कसडोल, विक्रम साहू पिता संतोष साहू उम्र 22 वर्ष, बजरंग चौक, कसडोल, मंजू जांगड़े पति स्वर्गीय अमित उम्र 32 वर्ष निवासी, बाजार चौक कसडोल, दशमत बंजारे पति साजन उम्र 30 वर्ष निवासी, बाजार चौक कसडोल है।

शांति समिति में अशोक यादव, राजेश कन्नौजे, भानुप्रताप साहू, विमल वैष्णव, अजय साहू, नीरज साहू, पुणेश्वर, उमेंद्र निर्मलकर, राजा साहू, रामकुमार साहू, रामा धीवर,

> होली का त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं, शराब पीकर मोटर साइकिल ना चलाएं।
>
> -नागेश्वर साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष, कसडोल

> होली के दौरान हरे भरे पेड़पौधों की कटाई ना करें। तेज गति में वाहन ना चलाएं, मोटरसाइकिल में तीन सवारी होकर ना चलें।
>
> -डां. सुदीप मानिकपुरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष, कसडोल

रामकिशन साहू, सुंदर साहू, संतोष भारती, रमेश साहू दीपक पटेल, संजय साहू, दिनेश मिश्रा पत्रकार, देवेंद्र साहू पत्रकार, अशोक टंडन, संतोष साहू, विनोद चेलक, एसडीएम रामरतन दुबे, तहसीलदार विवेक पटेल सहित नगर एवं क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे।

---


**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिका दंडाधिकारी मुंगेली (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./....बी-121/2024-25

ग्राम- छाता प.ह.न. 09

**ईश्तहार**

एतद द्वारा ग्राम छाता के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतन आ. स्व. चैतु जाति सतनामी निवासी छाता तहसील व जिला मुंगेली निवासी अपने दादी जगरी पति मुंगेलिहा की मृत्यु दिनांक 07/07/1994 को होने एवं सचिव ग्राम पंचायत छाता के पंजी में दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 11/03/2025 समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपतियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनाँक 07/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
मुंगेली



**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिका दंडाधिकारी मुंगेली (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./....बी-121/2024-25

ग्राम-छाता प.ह.न. 09

**ईश्तहार**

एतद द्वारा ग्राम छाता के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतन आ. स्व.चैतु जाति सतनामी निवासी छाता तहसील व जिला मुंगेली द्वारा ग्राम छाता हल्का न. 09 तहसील व जिला मुंगेली निवासी अपने पिता स्व. चैतु आ. मुंगेलिहा की मृत्यु दिनांक 05/10/1964 को होने एवं सचिव ग्राम पंचायत छाता के पंजी में दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 11/03/2025 समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
मुंगेली

# आदिवासी मुख्यमंत्री के बारे में कुछ भी बोलने से पहले बघेल हजार बार सोचें: केदार कश्यप

■ मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 11 मार्च।** छत्तीसगढ़ के वन व सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री बघेल को प्रदेश के पहले आदिवासी सौम्य और सरल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बारे में कुछ भी बोलने से पहले हजार बार सोचना चाहिए। श्री कश्यप ने कहा कि भूपेश हमेशा से आदिवासी विरोधी रहे हैं। उन्हें यह पच ही नहीं रहा है कि कोई आदिवासी भी प्रदेश की कमान सम्भाल सकता है।

प्रदेश के वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री साय प्रदेश ही नहीं, बल्कि समूचे देश के सबसे अनुभवी आदिवासी नेता हैं। उनका अनुभव और राजनीतिक करियर भी भूपेश बघेल से कई गुना बड़ा है। एक बार केंद्रीय मंत्री, दो बार विधायक, तीन बार प्रदेश अध्यक्ष, चार बार सांसद और अब प्रदेश के चौथे मुख्यमंत्री के रूप में साय के कार्यकाल की देशभर में सराहना हो रही है। कश्यप ने कहा कि साय के नेतृत्व में आज नगरीय निकाय और पंचायत चुनावों में कांग्रेस का सफाया हो गया। लोकसभा चुनाव में मोदी गारंटी पूरे करने का असर दिखा, समूचे देश में सौम्य सरल लेकिन कड़े निर्णय लेने वाले नेता



के रूप में विष्णुदेव साय की पहचान है।

प्रदेश के वन मंत्री कश्यप ने कहा कि भूपेश बघेल को यह समझना चाहिये कि बड़बोलेपन से राजनीति नहीं चलती। अनावश्यक बयानबाजी को छत्तीसगढ़ की सहज-सरल जनता कितना नापसंद करती है, वह भूपेश बघेल ने स्वयं अनुभव किया होगा। श्री कश्यप ने कहा कि जिस तरह एक सरल आदिवासी कवासी लखमा के कंधे पर बन्दूक रखकर भूपेश बघेल ने अपने घोटालों की गोली चलाई, जैसे सारी मलाई चट कर आदिवासी विधायक लखमा के सिर पर सारा ठीकरा फोड़ दिया है, यह भूपेश बघेल की आदिवासी विरोधी मानसिकता को दिखाता है।

प्रदेश के वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री से आग्रह है कि वे घोटालों के आरोपों का सामना न्यायिक प्रक्रिया द्वारा करें। जिस संविधान को बचाने की बड़ी-बड़ी बात कांग्रेस करती है, उसी संविधान के तहत संवैधानिक संस्थाएँ जाँच कर रही है। इसी संविधान ने देश के वंचितों और आदिवासियों को अधिकार दिए हैं, भूपेश बघेल का संवैधानिक संस्थाओं का मजाक उड़ाना संविधान विरोधी कृत्य भी है। कश्यप ने कहा कि बघेल संविधान का सम्मान करें, संवैधानिक पद्धति से चुनकर आए प्रतिनिधियों का भी अपमान करने का भूपेश बघेल को कोई अधिकार नहीं है। चोरी पकड़ी जाने पर बौखलाहट से काम नहीं चलता है।

# 4 स्टाप डेम से निस्तारी पानी की चोरी, ज्ञापन

■ मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 11 मार्च।** कोल्हान नाला पर आरंग विधानसभा क्षेत्र के अधीन क्रमशः ग्राम नारा , खम्हरिया , टेकारी व संकरी में निस्तारी व भूगर्भीय जल संवर्धन हेतु बनाये गये 4 स्टाप डेमो में लबालब भरे पानी की बीते दिनों चोरी हो गयी है। आशंका है कि यह कारस्तानी कोल्हान नाला के किनारे ग्रीष्मकालीन धान बोने वाले चुनींदा किसानों की हो सकती है। यह जानकारी जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप सहित विभागीय अधिकारियों को मेल से ज्ञापन भेज देते हुये किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने इस संबंध में संबंधित थाना में रिपोर्ट दर्ज कराने के साथ - साथ पतासाजी करवा कड़ी विभागीय कार्यवाही करने व आगामी कृषि वर्ष से स्टाप डेमो के किनारे रबी धान की फसल बोने पर कड़ाई से प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया है। कश्यप सहित जल संसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता , एम जी बेसिन के मुख्य अभियंता , जल संसाधन संभाग के अधीक्षण अभियंता व संबंधित कार्यपालन अभियंता व अनुविभागीय अधिकारी को प्रदत्त ज्ञापन में जानकारी दी गयी है कि क्षेत्र में भूगर्भीय जल की कमी को देखते हुये इसके संवर्धन व खासकर ग्रीष्मकाल में ग्रामीणों के निस्तारी हेतु जनता की मांग पर इन स्टाप डेमो का निर्माण कराया गया है । स्टाप डेमो से लगे ग्रामों के ग्रामीणों द्वारा संचित इस पानी का उपयोग न कर पाने व पानी की रातोंरात डुप्लीकेट चाबी बनवा चोरी कर ले जाने पर संबंधित ग्रामों के ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त होने की जानकारी देते हुये बतलाया गया है कि इन स्टाप डेमो के आगे धरसीवां विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मोहदी में बने स्टाप डेम के गेटों के चोरी हो जाने के बाद ग्रामीणों द्वारा बोरियों से बनाये गये अस्थायी अवरोधक को भी हटा पानी चोरी कर ले जाने की जानकारी मिली है।

## नहीं थमी अवैध शराब की बिक्री

**रायपुर, 11 मार्च।** संपन्न पंचायत चुनाव के दौरान ही पूर्ववर्ती पंचायत द्वारा पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंप अवैध शराब बिक्री से मुक्ति दिलाने के गुहार के बाद भी सकारात्मक परिणाम न मिलने से आक्रोशित पिपरहट्ठा के नवनिर्वाचित पंचायत ने आंदोलनात्मक रुख अपनाने के पहले एक बार फिर ध्यानाकर्षण कराने का निर्णय ले पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन सौंप इस पर पुख्ता रोक लगाने व लिप्त तत्वों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करने की मांग की है। इधर शराब विरोधी मुहिम में सक्रिय किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने सौंपे ज्ञापन में मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के ग्रामों में बिक रहे अवैध शराब , गांजा व नशीली गोलियों सहित जुआ पर रोक लगाने सतत् सघन प्रभावी कार्यवाही की मांग की है। मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 1500 की आबादी वाले ग्राम पिपरहट्ठा में बेखौफ अवैध शराब बिक्री से ग्रामीण त्रस्त हैं। ग्रामीणों के अनुसार खासकर एक पुलिसिया रिकार्डधारी असामाजिक तत्व के द्वारा बेखौफ अवैध शराब बिक्री करने व उसके खिलाफ कोई प्रभावी कार्यवाही न होने से उसे राजनीतिक अथवा प्रशासनिक संरक्षण मिलने की भी आशंका ग्रामवासी व्यक्त करते हैं।

# सौम्या चौरसिया के बारे में भूपेश बोल के दिखाएं: भाजपा

**रायपुर, 11 मार्च।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ठिकानों पर ईडी की जाँच को लेकर कांग्रेस के आचरण पर तीखा हमला बोला है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस को देश के संविधान और कानून पर भरोसा नहीं है। जाँच एजेंसियों पर हमला करके कांग्रेस के लोगों ने प्रदर्शित किया कि उन्होंने कुछ गलत किया है, इसीलिए दबाव बनाने के लिए हिंसा तक पर उतारू हैं। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि बड़ी-बड़ी बातें करने वाले भूपेश बघेल सौम्या चौरसिया के नाम पर चुप्पी क्यों साध लेते है? वो उनकी उपसचिव रही, 2 साल से जेल में है। पत्रकार अगर सौम्या के बारे में सवाल पूछते हैं तो कांग्रेसी उन्हें घेरकर मारपीट करने की कोशिश करते हैं। भूपेश बघेल में दम है, तो दो शब्द सौम्या चौरसिया पर बोल के दिखाएँ,फिर बड़ी-बड़ी बातें करें। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री श्रीवास्तव ने कहा कि यदि कोई संवैधानिक संस्था जाँच एजेंसी किसी मामले में कोई कार्रवाई कर रही है और आरोपित व्यक्ति को यदि अपने ऊपर भरोसा है ग़लत नहीं किया है, तो उन्हें शांति के साथ कार्रवाई होने देना चाहिए। लेकिन, जिस तरीके से कांग्रेस के लोगों ने दबाव बनाने के लिए अपनी संस्कृति और राजनीतिक चरित्र के अनुरूप, अपनी आदत के अनुरूप पथराव करके जाँच एजेंसी पर हमला किया, यह उनकी कार्यप्रणाली को प्रदर्शित करता है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि यह सिद्ध करता है कि कहीं-न-कहीं मामला गड़बड़ है। जाँच एजेंसी पर पथराव करके कांग्रेसी क्या सिद्ध करना चाहते हैं?

भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री श्रीवास्तव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बड़ी-बड़ी बातें कर रहे थे। श्री श्रीवास्तव ने चुनौती दी कि बघेल पहले अपने 5 साल के किए हुए कृत्यों पर प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बातों को सामने रखें उसके बाद फिर बड़ी-बड़ी बातें करें। जो सत्यता है, वह सामने आनी चाहिए।

# अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन



**रायपुर, 11 मार्च।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली के हस्ताक्षरयुक्त चेम्बर चुनाव-2025 के अंतिम मतदाता 27480 की सूची का प्रकाशन आज दिनांक 10 मार्च 2025, सोमवार को शाम 5.00 बजे चेम्बर कार्यालय चै.देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में किया गया। इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारीगण प्रकाशचंद गोलछा, बालकृष्ण दानी, रमेश गांधी, महावीर तालेड़ा, अनिल कुचेरिया,संजय देशमुख, एच.एस.कर, एस.एम.रावते प्रमुख रूप से उपस्थित थे। निर्वाचन अधिकारी श्री गोलछा ने बताया कि चेम्बर कार्यकारिणी की बैठक दिनांक 23 जुलाई 2024 में स्वीकृत सदस्यों को मत देने एवं 4 वर्ष पुराने सदस्यों को चुनाव लड़ने की पात्रता होगी, जिसके अंतर्गत सदस्यता क्रमांक 00001 से 35339 तक के सदस्यों को चुनाव लड़ने की पात्रता एवं सदस्यता क्रमांक 00001 से 46189 तक के सदस्यों को चुनाव में मत देने की पात्रता होगी। चेम्बर चुनाव में प्रदेश पद-अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष हेतु नाम निर्देशन शुल्क रूपये 31000.00 एवं जिला पद-उपाध्यक्ष एवं मंत्री हेतु रू. 15000.00 निर्धारित किया गया।

# जे के फाउंडेशन ने किया 100 महिलाओं का सम्मान



**रायपुर, 11 मार्च।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जे के फाउंडेशन द्वारा 100 महिलाओं का सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमे मुख्यअतिथि मुख्यमंत्री कि धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय थी। दुर्ग लोकसभा सांसद की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी बघेल, भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव की धर्मपत्नी श्रीमती श्रुतिका ताम्रकार यादव, श्रीमती डॉ मानसी गुलाटी, श्रीमती डॉ दीपा मेघानी, श्रीमती नेहा गुप्ता( जज) लोक अदालत दुर्ग आदि उपस्थित थीं। कार्यक्रम मे स्वागत भाषन जे के फाउंडेशन कि फाउंडर श्रीमती टी जया रेड्डी जी द्वारा सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया एवं उनके द्वारा स्वागत भाषण मे बताया गया को उनकी संस्था जे के फाउंडेशन द्वारा लगातार इस कार्यक्रम क़ा आयोजन करते आ रही है और उन्होंने बताया कि उनका पूरा समय महिलाओ को प्रेरित और महिलाओ को आगे बढ़ाने मे अपना पूर्ण योगदान देती है सामाजिक काम मे भी लगातार लगी रहती है।

**महिला दिवस...**



**रायपुर।** कृष्णा विकास समूह संस्थान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों को पहचानना और खेल तथा मनोरंजन गतिविधियों के क्षेत्र में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना था।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26